हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 07.12.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 132 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## इंडिगो की 800 से अधिक उड़ानें रद, सरकार ने किराये और रिफंड पर दिखाई सख्ती



एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडिगो की उड़ानें रद्द होने या देरी से उड़ान भरने के चलते पांचवें दिन भी लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। देशभर के एयरपोर्ट पर यात्री बेहाल दिखे, जिनमें कुछ विदेशी भी शामिल थे। आज 800 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं। कई उड़ानों में विलंब हुआ और यात्रियों का सामान भी लापता होने की शिकायतें सामने आईं। इंडिगो संकट के बीच अन्य एयरलाइंस के किराए बढ़ाने पर सरकार ने सख्ती दिखाई है साथ ही यात्रियों को रिफंड देने पर भी इंडिगो को सख्त निर्देश दिए हैं। चालक दल की कमी के कारण इंडिगो ने शुक्रवार को 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द कीं थी। इससे हवाई किराए सामान्य सीमा से तीन से चार गुना बढ़ गए। इंडिगो देश के लगभग दो-तिहाई घरेलू हवाई ट्रैफिक को नियंत्रित करता है और रोजाना लगभग 2,300 फ्लाइट्स संचालित करता है। इस बीच इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए देर रात जारी बयान में माफी मांगी थी और 10 से 15 दिसंबर के बीच उड़ानों की स्थिति सामान्य होने की उम्मीद जताई थी। इसी बीच इंडिगो ने कहा है कि हाल की घटनाओं देखते हुए ग्राहकों के सभी कैंसलेशन का रिफंड उनके ओरिजिनल पेमेंट मेथड से ऑटोमैटिकली प्रोसेस किया जाएगा। पांच से 15 दिसंबर के बीच यात्रा के लिए बुकिंग के सभी कैंसलेशन/रीशेड्यूल रिक्वेस्ट पर पूरी छूट दी जाएगी। इंडिगो पूरे नेटवर्क में अपने ऑपरेशंस को वापस पटरी पर लाने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। हमारी टीमें शेड्यूल को ठीक करने, देरी को कम करने और इस दौरान कस्टमर्स को सपोर्ट करने पर फोकस कर रही हैं। आज कैंसल होने वाली फ्लाइट्स की संख्या 850 से कम हो गई है, जो कल के मुकाबले काफी कम है। हम अगले कुछ दिनों में इस संख्या को धीरे-धीरे और कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं। देशभर में इंडिगो की उड़ानों में हो रही देरी और फ्लाइट कैंसिलेशन के बीच विमानन नियामक डीजीसीए ने संकटग्रस्त इंडिगो को कई छूट देकर उसका परिचालन सामान्य करने में मदद की है। इससे एयरलाइन की उड़ान सेवा अब पटरी पर आ रही है। इंडिगो की उड़ान संकट के बीच हवाई किराया आसमान छूने लगा। कोलकाता-मुंबई उड़ान का किराया 90 हजार रुपये हो गया। वहीं यात्रियों से अत्यधिक किराया वसूलने वाली अन्य एयरलाइनों पर सख्ती दिखाते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी प्रभावित मार्गों पर हवाई किराए की अधिकतम सीमा तय कर दी।

## साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर भारत ने आपने नाम की वनडे सीरीज



**विशाखापट्टनम :** भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज 2–1 से अपने नाम कर ली है। भारत ने शनिवार को विशाखापट्टनम में खेले गए आखिरी वनडे में 9 विकेट से रौंदा। साउथ अफ्रीका ने 271 रनों का टारगेट दिया, भारत ने 39.5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से चेज किया। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, 'हिटमैन' रोहित शर्मा और विराट कोहली ने निर्णायक मुकाबले में साउथ अफ्रीका को तबाह किया। यशस्वी ने 121 गेंदों में 116 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें 12 चौके और दो छक्के हैं। यह उनका पहला वनडे शतक है। यशस्वी ने भारत को दमदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी की। रोहित 26वें ओवर में केशव महाराज का शिकार बने। उन्होंने 73 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्को की मदद से 75 रन जुटाए। रोहित के जाने के बाद 23 वर्षीय यशस्वी ने कोहली के साथ मोर्चा संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 116 रनों की पार्टनरशिप। कोहली ने लगातार दो चौके लगाकर भातर को जीत की दहलीज पार कराई। उन्होंने 45 गेंदों में नाबाद 65 रन जोड़े। उनके बल्ले से 6 चौके और तीन छक्के निकले। उन्होंने पिछले दो मैचों में शतक ठोके थे।

## मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद का किया शिलान्यास

एजेंसी

**कोलकाता :** मुर्शिदाबाद जिले के अल्पसंख्यक बहुल बेलडांगा इलाके में प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के लिए 300 करोड़ का बजट तैयार है। निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार दोपहर मस्जिद का शिलान्यास करते हुए यह दावा किया। उनका कहना है कि यहां बनने वाली मस्जिद अयोध्या की उस मूल संरचना की तर्ज पर होगी जिसे 6 दिसम्बर, 1992 को ढहा दिया गया था। कबीर ने कार्यक्रम में कहा कि मस्जिद के साथ एक स्कूल और अस्पताल भी बनाया जाएगा। इसके अलावा आसपास के क्षेत्र में पार्क और तीर्थयात्रियों के ठहरने के लिए होटल भी तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद हर हाल में यहीं बनेगी और कोई इसे रोक नहीं पाएगा क्योंकि यह अल्पसंख्यक समाज के सम्मान का सवाल है। विधायक का दावा है कि शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने भी साफ कर दिया कि बेलडांगा में मस्जिद निर्माण की उनकी पहल न तो गलत है और न ही असंवैधानिक। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों ने उनके सिर के लिए एक करोड़ का इनाम घोषित करने की बात फैलाई है, लेकिन किसी की धमकी से वह पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम में उन्होंने दोहराया कि वह 22 दिसम्बर को अपनी नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा करेंगे और उसी दिन पदाधिकारियों के नाम भी बताएंगे। उसके पहले सोमवार 8 दिसंबर को वह विधायक पद से इस्तीफा देंगे। कबीर पहले भी यह ऐलान कर चुके हैं कि उनकी प्रस्तावित पार्टी 2026 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है और अल्पसंख्यक बहुल सीटों पर खास ध्यान देगी।

## डोनाल्ड ट्रंप को पहला फीफा शांति पुरस्कार फुटबाल विश्वकप ड्रॉ के दौरान सम्मानित



**वॉशिंगटन :** नोबेल शांति पुरस्कार पाने की हसरत में बिना रुके दावों की झड़ी लगाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फीफा का शांति पुरस्कार मिला। वॉशिंगटन स्थित कैनेडी सेंटर में शुक्रवार को आयोजित फीफा विश्वकप 2026 के ड्रॉ के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को पहला फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। खुद को अनवरत शांति का सबसे बड़ा दूत बताने वाले ट्रंप को पहला फीफा शांति पुरस्कार दिया गया है। 5 दिसंबर को वॉशिंगटन में हुए फीफा विश्वकप ड्रॉ के दौरान यह पुरस्कार दिया गया। फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने ट्रंप को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित कर कहा कि यह पुरस्कार दुनिया भर में शांति और एकता को बढ़ावा देने के लिए किए गए कामों को प्रोत्साहित करता है। फीफा शांति पुरस्कार सम्मानित किए जाने पर ट्रंप ने कांगो सहित दुनिया के विभिन्न संघर्षों में अपनी भूमिका का दावा करते हुए कहा कि दुनिया अब ज्यादा सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि यह उनकी जिंदगी के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। व्हाइट हाउस ने इस संबंध में सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा है कि फीफा शांति पुरस्कार, राष्ट्रपति ट्रंप की शांति के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि फुटबॉल विश्वकप 2026 अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट 11 जून से शुरू होगा और 16 शहरों में 104 मैच खेले जाएंगे। हालांकि इस खेल आयोजन के दौरान ट्रंप को पहला फीफा शांति पुरस्कार दिए जाने को लेकर काफी सवाल भी उठ रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग इतने बड़े खेल आयोजन को राजनीतिक संदेशों से जोड़े जाने की आलोचना कर रहे हैं।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्रपति, पीएम सहित देश ने बाबासाहेब अंबेडकर को किया नमन

**नई दिल्ली :** बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर संसद परिसर में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ कई सांसद भी उपस्थित रहे, जिन्होंने संविधान निमार्ता के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। संसद परिसर में आयोजित इस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सहित अनेक सांसद और अन्य ने भाग लिया। सभी अतिथियों ने सत्र के दौरान डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस पर भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अंबेडकर हमारे संविधान के प्रमुख वास्तुकार और सामाजिक न्याय के एक महान समर्थक थे।



## एक नजर

### चौपारण परिसंघ ने मनाई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि



**चौपारण** : प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को चौपारण परिसंघ द्वारा भारतीय संविधान निमार्ता, महान समाज सुधारक एवं भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसंघ के प्रखंड अध्यक्ष रेवाली पासवान ने की, जबकि संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष सह समाजसेवी मोहन भारती ने किया।इस अवसर पर रेवाली पासवान ने कहा कि 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली स्थित निवास पर डॉ. अंबेडकर का निधन हुआ था तथा उनका अंतिम संस्कार मुंबई में किया गया। उनकी जीवन यात्रा सामाजिक न्याय, समानता और हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष का प्रतीक है। उनके विचार और संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका आज भी पूरे देश को प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में अध्यक्ष बैजू गहलोत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। उपस्थित प्रमुख सदस्यों में संतोष पासवान, अशोक पासवान, रतन भूइया, केदार भूइया, मुना भूइया, सकलदेव यादव, अजित यादव, केदार पासवान, चौपारण के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सीताराम भूइया, संतोष विश्वकर्मा, संतोष खेरवार शामिल थे।

### 'मईयां सम्मान' योजना के 9,384 आवेदन अधर में, पोर्टल नहीं खुला

बरही : झारखंड सरकार ने आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता को विकास योजनाओं से सीधा जुड़ाव के लिए पंचायतवार शिविर लगवाया। जिसमें सबसे अधिक आवेदन महिलाओं ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए दिया था। लेकिन मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल अब तक खुला ही नहीं। जिसके कारण बरही के सभी 20 पंचायतों से प्राप्त 9384 महिलाओं के मंईयां सम्मान योजना के आवेदन अधर में लटक गए हैं। क्योंकि किसी का ऑनलाइन वेरिफिकेशन हुआ ही नहीं। ज्ञात हो कि 18 नवंबर से बरही प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में शिविर लगाए गए थे। लेकिन मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को निराशा हाथ लगी। क्योंकि अब तक उन आवेदनों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए पंचायतवार आवेदन करने वालों में बरही पूर्वी पंचायत के 310, धनवार के 468, करियातपुर के 419, रानीचुआं के 370, बसरिया के 504, बरसोत के 385, कोनरा के 485, केदारुत के 405, खोड़ाहार के 468, रसोईया धमना के 510, दुलमाहा के 909, मलकोको के 434, विजैया के 651, डपोक के 642, बरही पश्चिमी के 347, ने बेंदगी के 313, गौरियाकरमा के 357, करसो के 393, भंडारों के 478 और कोल्हुआकला पंचायत के 538 लाभुक शामिल है।

### मुंबई से शाहिल अंसारी का शव पहुंचते ही पूरे रागडीह में शोक की लहर

**चलकुशा** : थाना क्षेत्र के ग्राम रागडीह निवासी शाहिल अंसारी उम्र 26 वर्ष पिता मोहम्मद सखावत अंसारी की मौत एक्सीडेंट से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहिल अंसारी हाईवा का चालक था। मुंबई में ही हाईवा चलाने का काम करता था। जहां शाहिल की एक्सीडेंट से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जिप सदस्य सविता सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल यादव नईम अंसारी मृतक के घर पहुंचे। मृतक के परिवार को ढांढस बंधाया। साथ ही हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। शव यात्रा में शमीम अंसारी मजीद अंसारी इकबाल अंसारी असिन अंसारी डॉ रियाज अंसारी नासिर अंसारी समेत सैकड़ो लोग शामिल हुवे।

# डॉ.भीमराव आम्बेडकर ने समाज सुधार और समाज के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया : निसार खान

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव



**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में संविधान के निमार्ता व भारत रत्न से सम्मानित डॉ.भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनहे भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने कहा कि दलितों के उद्धारक, भारतीय संविधान के निर्माणताओं में से प्रमुख डॉ.भीमराव आम्बेडकर ने समाज सुधार और समाज के संगठन में अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया था। पददलितों को उनके आधिकार का न्याय अधिकार का स्मरण दिलाकर, उनमें आत्मविश्वास भरा। अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा उनहे दी। स्वाधीन भारत के विकास हेतु मार्गदर्शक सिद्धांत संविधान में प्रस्तुत कर अपना देशप्रेम व्यक्त किया। मौके पर प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाल वाला महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव बेबी देवी युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव कोमल कुमारी वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, विजय कुमार सिंह रघु जायसवाल ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति एनआईएमएस के जिला अध्यक्ष जहांगीर अंसारी प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता अजित कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, सुनिल कुमार साहू,मोहम्मद वारिस के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में मनाई गई बाबा साहब की पुण्यतिथि



बरही : बरही प्रखंड के मलको को में संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में शनिवार को संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक समेत छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए। वहीं मौके पर मौजूद सभी ने बारी-बारी से बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब दास ने कहा कि बाबा साहब भारत के अनमोल रत्न थे, जिनकी भरपाई आज तक नहीं की जा सकी है। और कहा कि बाबा साहब ने देश को एक मजबूत संविधान दिया, जिसने सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए। उनका सपना एक ऐसे समाज का निर्माण करना था, जहां सभी को शिक्षा, सम्मान सम्मान और समान अवसर मिले।

## चलकुशा में नौकरी दिलाने के नाम पर 30 से 40 महिलाओं से लाखों की ठगी का आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चलकुशा :** की लगभग 30 से 40 महिलाओं ने बताया की नौकरी दिलाने के नाम पर उनको ठगा गया है, महिलाओं का कहना है कि कौशल्या देवी नामक एक महिला और पप्पू यादव नामक व्यक्ति ने मिलकर उन्हें रेलवे में 'झाड़ू-पोछा/स्वीपर' की नौकरी देने का झांसा दिया, जिसका मासिक वेतन 19,000 बताया गया था पीड़ित महिलाओं के अनुसार, कौशल्या देवी ने उनसे रेलवे में नौकरी दिलवाने के नाम पर अलग-अलग रकम वसूली। किसी महिला से 15,000 तो किसी से 53,000 तक लिए गए। यह भी खुलासा हुआ है कि कथित तौर पर नौकरी दिलाने वाली कौशल्या देवी खुद 'जोगाड़ी' का काम करती हैं। आरोपों के मुताबिक, कौशल्या देवी और पप्पू यादव ने मिलकर लगभग 30 से 40 महिलाओं से कुल ढाई लाख रुपये की ठगी की है। महिलाओं ने बताया कि पैसे लेने के बाद से ही मुख्य आरोपी पप्पू यादव ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया है। सभी पीड़ित महिलाएं अब न्याय की गुहार लगा रही हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में रियलिटी वर्सेस इमेजिनेशन इन औड टू नाइटेंगल पर सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रसिद्ध रोमांटिक कवि जॉन कीट्स की अमर कविता औड टू नाइटेंगल पर विशेष व्याख्यान एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय रियलिटी वर्सेस इमेजिनेशन अर्थात और कल्पना के बीच का संघर्ष था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर कीर्ति नाथ महतो ने किया। श्री महतो ने कहा कि यह संगोष्ठी विद्यार्थियों को न केवल अंग्रेजी साहित्य की गहराइयों से परिचित कराएगी। बल्कि उन्हें जीवन के यथार्थ को समझने और स्वीकारने की प्रेरणा भी देगी। अंग्रेजी विभागा अध्यक्ष प्रोफेसर ऋतुराज दास ने कहा कि ओड टू नाइटेंगल केवल एक कविता नहीं है बल्कि यह मानव मन के द्वंद्व का गहरा चिंतन है। यह कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर निरंजन प्रसाद नीरज के द्वारा किया गया। तथा कार्यक्रम का समापन तथा धन्यवाद ज्ञापन सुरेश महतो द्वारा किया गया । कार्यक्रम में डॉक्टर ललिता कुमारी, प्रोफेसर फजरूद्दीन अहमद ,डॉ अनु कुमारी ,डॉ पवन कुमार, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रोफेसर लालदेव महतो ,डॉक्टर दिव्या शालू, प्रोफेसर रामकिशोर प्रसाद दागीं तथा कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## केरेडारी अंचल अधिकारी रामरतन वर्णवाल के द्वारा मैन चौक में ठंड से बचने के लिए अलाव का प्रबंध किए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी/ प्रखंड :** केरेडारी प्रखंड अंचल अधिकारी रामरतन वर्णवाल के ओर से केरेडारी मैंन चौंन में आपदा विभाग के निदेशानुसार बढ़ती ठंड और सर्दी से बचाव और जागरूकता हेतु केरेडारी चौक पर आम राहगीरों और फुटपाथ दुकानदारों के लिए की गई अलाव की व्यवस्था। अंचल अधिकारी ने लोगों से सर्दी के मौसम में गर्म कपड़े पहनने, धूप का प्रयोग करने, बच्चों और बुजुर्गो पर विशेष ध्यान देने सहित ठंड से बचाव हेतु अन्य सावधानी बरतने की सलाह दी। अंचल अधिकारी राम रतन बरनवाल ने बोले की 1 दिसंबर 12 महीना 2025 से लेकर ठंड तेजी से बढ़ गई है जिससे केरेडारी प्रखंड के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों से मुझे अनुरोध है कि आप लोग ठंड से बचने के लिए सुबह और शाम के अलाव का प्रयोग जरूर करें और अपने बच्चों को अलाव जलाकर सिकाई करने के काम करें और सुबह शाम गर्म पानी करके पीना है इस सब का शरीर हमेशा गर्म रहेगा सर्दी और खांसी से आप बचेंगे क्योंकि शाम 4:00 बजे से ठंड का असर काफी तेजी होने लगता है जिससे आप लोग से नर्म निवेदन है कि जहां पर चौक चौराहा दिखाई देता है तो उसे स्थान में अलाव जलाकर कुछ लोगों को सामने रखकर सगाई करने में मदद करें जिससे लोगों को ठंड से बचेगा और लोग अस्पताल के हवाले नहीं होंगे ठंड से नहीं बचने के कारण से सर्दी जुकाम काफी प्रकार की बीमारियां हो जाती है जिससे अस्पताल के हवाले हो जाते हैं और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है आज दिनांक गिरधारी मीन चौक में अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल के द्वारा अलाव जलाकर ठंड से बचने के लिए एक इकट्ठा किए हैं।

## समतामूलक समाज के निर्माण के बाबा साहब की योगदान अतुलनीय : राजन ओम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही के गोरिया करमा स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष डॉ भीमराव आंबेडकर क्लब की ओर से शनिवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम रजन,क्लब के सभी पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। सभी उपस्थित अतिथियों व सदस्यों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम यादव ने कहा कि बाबा साहेब दलितों के मसीहा थे। उन्होंने सभी वंचित, शोषित एवं दलित समाज को हक और अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। आज हम जिन क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं, वह उनकी दूरदृष्टि और संघर्ष का परिणाम है। क्लब अध्यक्ष राजेंद्र राम ने कहा कि बाबा साहेब ने दुनिया का सबसे बड़ा और लिखित भारतीय संविधान बनाकर देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया। आज भी उनका बनाया गया संविधान विश्व का सबसे विस्तृत व सर्वश्रेष्ठ संविधान माना जाता है। मौके सचिव तुलसी कुमार दास, शिक्षक निर्मल कुमार दास, +2 हाई स्कूल गौरिया करमा के शिक्षक हिमांशु बमबम, प्रमोद कुमार रजक, नवीन कुमार, दीपक कुमार रविदास, मध्य विद्यालय गौरिया के प्रधानाध्यापक कंचन कुमार, शिक्षक अरुण कुमार दास, बिनोद कुमार दास, तिलेश्वर, अरविंद, सरफराज, बसंत, शिव कुमार दास, लालू, राजकुमार, राकेश कुमार दास, करण कुमार दास, मनीष कुमार दास, हरेंद्र कुमार, चंदन दास, विजय कुमार दास, बासुदेव कुमार दास, हरेंद्र कुमार दास, ओम कुमार दास, सत्यम कुमार दास सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# चाणक्य आईएएस अकादमी में हुआ "चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व के समग्र विकास" पर भव्य कार्यशाला का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से चाणक्य आईएएस अकादमी एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में "चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चाणक्य आईएएस अकादमी परिसर में उत्साहपूर्वक किया गया। इस विशेष कार्यशाला में विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, कुलपति, पूर्व कुलपति, प्रशासनिक विशेषज्ञ, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर इसे सफल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं मुख्य अतिथि सह उदघाटनकर्ता के रूप में डॉ चन्द्रभूषण शर्मा-कुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. विजय कुमार सिंह-डीन, सरला बिरला विश्वविद्यालय एवं सम्मानित अतिथि के रूप में अमरकांत झा क्षेत्र संयोजक, चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास, प्रो. पीयूष रंजन कुलपति, झारखंड राय विश्वविद्यालय, प्रो. अंजनी कुमार श्रीवास्तव कुलपति, बी. बी. एम. कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद, प्रो. सविता सेंगर-कुलाधिपति, झारखंड राय विश्वविद्यालय, डॉ० ललिता राणा-प्रान्त संयोजक, 'चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व के समग्र विकास' उपस्थित रहे । साथ ही इस कार्यशाला में डायरेक्टर विनय मिश्रा, जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा एवं अकादमी के संकाय सदस्य अमित माथुर व डॉ अख्तर मंसूरी भी उपस्थित रहे। इन सभी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति डॉ चन्द्रभूषण शर्मा ने विद्यार्थियों को चरित्र व व्यक्तित्व विकास को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। साथ ही इन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि युवा वर्ग में चरित्र निर्माण की मजबूत नींव ही राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि "व्यक्तित्व विकास का अर्थ केवल बोलने या दिखने में बदलाव नहीं, बल्कि सोच, व्यवहार और कार्यशैली में संतुलन लाना है। जब चरित्र मजबूत होता है, तो सफलता स्वतः उसका अनुसरण करती है। इन सभी अतिथियों ने शिक्षा में नैतिकता, अनुशासन, आत्मनियंत्रण, सकारात्मक सोच और व्यक्तित्व निर्माण की अनिवार्यता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला में हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभागार में छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अतिथियों के प्रेरक वक्तव्यों को छात्र छात्राओं ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के अवसर पर चाणक्या आईएएस अकादमी हजारी बाग के निदेशक विनय मिश्रा अकादमी व जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि "चरित्र ही किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी है। ज्ञान, प्रतिभा और अवसर तभी सार्थक होते हैं जब उनके पीछे एक सशक्त और नैतिक चरित्र खड़ा हो। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता केवल पढ़ाई से नहीं, बल्कि अनुशासन, दृढ़ निश्चय, ईमानदारी और सकारात्मक सोच से मिलती है।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही अनुमंडलीय अस्पताल में अब शुरू होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन, सिविल सर्जन ने निरीक्षण कर लिया जायजा



बरही : बरही अनुमंडलीय अस्पताल में अब से पूरे अनुमंडल के नेत्र मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन शुरू होगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इसमें बरही, चौपारण, बरकट्ठा, पदमा एवं चलकुसा सहित आस पास के नेत्र मरीज अपना मोतियाबिंद का ऑपरेशन अब करवा सकेंगे। मोतियाबिंद ऑपरेशन कक्ष को सुसज्जित किया जा रहा है। साथ ही जरूरी उपकरण उपलब्ध कराकर इंस्टॉल कराने की प्रक्रिया चल रही है। जिसका जायजा लेने शनिवार सुबह सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमेश प्रसाद बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जरूरी संसाधन की उपलब्धता की जांच की। उन्होंने डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने का निर्देश दिया ताकि मरीजों को कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जरूरी उपकरण एवं उसके इंस्टॉलेशन पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने नेत्र शल्य कक्ष तथा नेत्र विभाग की निरीक्षण की। बताया कि जल्द ही मोतियाबिंद का ऑपरेशन इस अनुमंडलीय अस्पताल में शुरू होगा। इसके लिए जरूरी जांच की व्यवस्था कर दी गई है। डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में लगभग हर तरह का इलाज हो रहा है। मोतियाबिंद ऑपरेशन भी बेहतर तरीके से हो इसके लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर डॉ इंद्रजीत कुमार, डॉ अमन कुमार, नेत्र सहायक दीपक कुमार, मलेरिया इंस्पेक्टर मो इरशाद, एक्स-रे टेक्निशियन शैलेंद्र कुमार, ब्लड जांच टेक्निशियन मो शाहिद और प्रहलाद कुमार, विष्णु कुमार, आई सी टी सी टेक्नीशियन अनिता कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

### लि ओरिजिन प्ले स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित



**बरही** : बरही के करियातपुर स्थित लि ओरिजिन किड्स प्ले स्कूल में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर स्कूल में अध्यनरत सभी बच्चे के अभिभावक एवं स्कूल के सभी शिक्षक शामिल हुए। गोष्ठी में मुख्य रूप निदेशक राहुल प्रजापति मौजूद रहे।इस अवसर पर निदेशक राहुल प्रजापति ने कहा कि विद्यार्थी परीक्षा से पूर्व एक नियमित रूप से कार्य योजना बनाकर स्वाध्याय करें। समय के महत्व को ध्यान में रखकर सभी विषयों को क्रमबद्ध और विशेष रूप से पढ़ें। शार्ट कट उत्तर देने से परहेज करें। प्रश्न पत्र को पूरी तरह से समझकर उत्तर देने का प्रयास करें तथा परीक्षा को नजदीक देखते हुए पढाई के लिए समय का विशेष ध्यान दें और हर विषय को अपना महत्व समझें । उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों के पढ़ाई के समय विशेष रूप ध्यान दें तथा यह भी ध्यान दें कि बच्चे नियमित पोषक आहार ले रहे हैं या नहीं। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। तथा बच्चे परीक्षा की तैयारी में अपना पूरा समय दें ताकि सभी विषयों की तैयारी समय पर हो सके।

### बढ़ते ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था करे प्रशासन : मो कयूम



**बरही** : बरही में कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लगातार गिरते तापमान और शाम होते ही बढ़ती कनकनी के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे राहगीरों, मजदूरों और ठेला- रेहड़ी लगाने वालों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। जिसको लेकर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम ने कहा कि हर साल ठंड के मौसम में बरही प्रशासन द्वारा बरही के चौक - चौराहों, अस्पताल, बाजार, बैंक शाखाओं एवं बस स्टैंड समेत कई भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग ठिठुरने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि हर साल ठंड के मौसम में प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती थी। हालांकि, इस वर्ष अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण उन्होंने असंतोष जताया है। उन्होंने बरही प्रशासन से अलाव जलाने की अपील की है, बताया कि गरीब, मजदूर, बुजुर्ग, अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों और उनके परिजनों तथा निराश्रित लोग ठंड से सबसे अधिक प्रभावित होते है, उनका मानना है कि समय पर अलाव की सुविधा मिलने से ठंड से बचाव में काफी मदद मिलेगी और रात में राहगीरों को भी सहूलियत होगी। बरही प्रशासन से उम्मीद है कि वह जल्द ही इस दिशा में कदम उठाकर लोगों को ठंड से राहत प्रदान करेगा।

### जिले के चितरपुर प्रखंड में JSLPS के तत्वाधान में जेंडर अभियान 4.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**रामगढ़** : झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के तत्वाधान में चितरपुर प्रखंड में जेंडर अभियान 4.0 के अंतर्गत सखी महिला समूह की सदस्यों द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला हिंसा की रोकथाम एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा महिला हिंसा रोकथाम विषय पर आधारित जागरूकता रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया। साथ ही लैंगिक समानता से संबंधित लूडो खेल का आयोजन कर महिलाओं एवं समुदाय के लोगों को सरल एवं रोचक तरीके से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे जेंडर समानता एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत संदेश समाज तक पहुंचा।

## एक नजर

### पंडरा के तीन दुकानों में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** रांची के पंडरा बाजार समिति के बनहौरा रोड स्थित तीन दुकानों में दीवाल तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। दुकान संख्या एन-24, 25 और 27 में चोरों ने एक साथ सेंधमारी की और नगद समान और लैपटॉप सहित कई अन्य कागजात लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पंडरा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ओपी प्रभारी ने शनिवार को बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दीवार तोड़कर चोरी की गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### कमरा खाली नहीं मिला तो होटल संचालक और स्टाफ के साथ मारपीट

**रांची :** रांची के रातू थाना क्षेत्र के तिलता स्थित न्यू होटल के संचालक प्रशांत साहू और उसके स्टाफ प्रीतम कुमार ने आरोप लगाया है कि दर्जनों युवकों ने उनके साथ मारपीट की है। मामले को लेकर होटल संचालक पंडरा थाना क्षेत्र के दीप नगर निवासी प्रशांत साहू ने रवि सिंह, सुमित सिंह और सूरज पाठक समेत अन्य 15-20 लोगों के विरुद्ध रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना 3 दिसंबर की शाम की है। आरोपी अपने दोस्तों के साथ तिलता स्थित न्यू होटल पहुंचे और कमरा बुक करने को कहा। इसपर होटल के स्टाफ ने कहा कि कोई कमरा खाली नहीं है। इतना सुनते ही रवि सिंह गाली-गलौज करने लगा एवं अपने सभी सहयोगियों के साथ मिलकर उसकी पीटाई कर दी। थाना में शिकायत कर जैसे हीं होटल संचालक व स्टॉफ निकले फिर सभी आरोपियों ने उन्हें रोककर हथियार लहराते हुए, फिर से जमकर पीटाई कर दी और कार के शीशे तोड़ दिये। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### रांची एयरपोर्ट से इंडिगो की कई उड़ानें रद, टिकट दरों में 10 गुना तक उछाल

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर शनिवार को इंडिगो एयरलाइंस की कई उड़ानें ऑपरेशनल कारणों से रद्द कर दी गईं। अचानक उड़ानें रद्द होने और देरी से चलने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों की यात्रा योजनाएं, होटल बुकिंग और व्यावसायिक कार्यक्रम प्रभावित हुए। यात्रियों ने एयरलाइन के प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिना पूर्व सूचना उड़ानें रद्द की गईं, जिससे उन्हें वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था में कठिनाई हुई। हालांकि एयरलाइन की ओर से कहा गया है कि प्रभावित यात्रियों को रिफंड या अन्य उपलब्ध उड़ानों में सीट उपलब्ध कराई जाएगी। इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के बाद अन्य एयरलाइंस ने किराए में भारी बढ़ोत्तरी कर दी। कई रूट पर किराए सामान्य कीमत से 5 से 10 गुना तक महंगे हो गए।

रांची से विभिन्न शहरों के मौजूदा किराए-
रांची-कोलकाता 55,117, रांची-मुंबई 48,549, रांची-पुणे 47,472 रांची-अहमदाबाद, 47,415 रांची-चेन्नई, 43,482 रांची-पटना, 0,662रांची-दिल्ली 24,999, रांची-हैदराबाद 43,297, रांची-बेंगलुरु 53,011, रांची-भुवनेश्वर 44,284। हालांकि, टिकट दरों में मनमानी बढ़ोतरी को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सभी प्रभावित रूटों पर फेयर कैप लागू कर दिया है। साथ ही इंडिगो को सभी लंबित यात्रियों के रिफंड तुरंत निपटाने के निर्देश दिए गए हैं।

# ई-कल्याण छात्रवृत्ति में देरी के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन, झारखंड सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड में ईझकल्याण छात्रवृत्ति जारी होने में तीन वर्षों से हो रही देरी के खिलाफ छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा है। शनिवार को आदिवासी छात्र संघ, झारखंड के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रों ने रांची कॉलेज मुख्य द्वार से मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स तक विशाल विरोध मार्च निकाला और सरकार को 48 घंटे के भीतर समाधान का अंतिम अल्टीमेटम दिया। छात्रों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 तक की छात्रवृत्ति अब तक जारी नहीं हुई है, जिससे हजारों छात्रों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है और उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है। डीएसपीएमयू छात्र संघ के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि छात्रों का सब्र अब खत्म हो चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने 48 घंटे के भीतर कोई ठोस घोषणा नहीं की तो आंदोलन और अधिक उग्र रूप लेगा।

आंदोलन का नेतृत्व आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने किया। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है और सरकार की चुप्पी छात्र समुदाय के साथ अन्याय है। प्रदर्शन में ऋतिक कच्छप, अनुज उरांव, शिव उरांव, पारस उरांव, दीपक सोनू कुजूर, आदित्य उरांव, पायल बांडो, राकेश बराईक सहित हजारों छात्र शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो यह आंदोलन राज्यव्यापी रूप लेगा। इसके अलावा विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के प्रतिनिधि भी इस मार्च में शामिल हुए, जिनमें केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, उपाध्यक्ष दीपा कच्छप, सचिव अमित टोप्पो, पलामू प्रमंडल प्रभारी अशुतोष सिंह चेरो, बोकारो जिला अध्यक्ष रविसान टुडू, धनबाद प्रभारी अभिजीत सोरेन, खूंटी से भुनेश्वर मुंडा सहित कई छात्र नेता मौजूद रहे। छात्रों ने स्पष्ट संदेश दिया कि जब तक लंबित छात्रवृत्तियों का भुगतान नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

## रांची के वाईएमसीए में सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन, आपसी सद्भाव पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के कांटाटोली स्थित वाईएमसीए वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में शनिवार को एक दिवसीय सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय आपसी सौहार्द क्यों और कैसे? रखा गया था। कार्यक्रम की शुरूआत वाईएमसीए के महासचिव चोन्हास कुजूर के उद्बोधन से हुई। उन्होंने वाईएमसीए की गतिविधियों और बहु-समुदायिक सहयोग की परंपरा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय जॉन ने की। उन्होंने कहा कि वाईएमसीए हमेशा से सभी धर्मों और समुदायों के लिए एक साझा मंच रहा है। सम्मेलन में ब्राह्मण समाज से मनोज कुमार पांडे, ईसाई समुदाय से रेवरेन अनूप इंदवार, मुस्लिम समुदाय से मुफ्ती जमील अहमद मिस्बाही और सर्वधर्म समभाव संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा, सामाजिक व्यवहार और धार्मिक सम्मान ही किसी सौहार्दपूर्ण समाज की मजबूत नींव हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज में रहने वाले सभी धर्मों के लोग यदि एक-दूसरे की आस्था, परंपराओं और संस्कृति का सम्मान करेंगे, तो शांति और सद्भाव का माहौल स्वतः स्थापित होगा। अपने संबोधन में मुफ्ती जमील अहमद ने कहा कि हर धर्म इंसान को सम्मान देना सिखाता है। वहीं रेवरेन अनूप इंदवार ने प्रेम, मेल-मिलाप और भाईचारे को ईश्वर का वास्तविक संदेश बताया।

## झारखंड में कड़ाके की ठंड, तापमान तीन डिग्री तक पहुंचा, शीतलहर का येलो अलर्ट जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में शीतलहर का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। राज्य के कई जिलों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। गुमला में न्यूनतम तापमान गिरकर 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जबकि रांची के कांके क्षेत्र में तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी राज्य के पश्चिमी जिलों-पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा के साथ मध्यवर्ती क्षेत्रों गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा में शीतलहर का असर बना रहेगा। इसे देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने राज्य के अन्य जिलों में भी ठंड बढ़ने की संभावना जताते हुए लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, उत्तर भारत में हो रही भारी बर्फबारी के कारण पूर्वी और मध्य भारत में ठंडी व नमीयुक्त हवाएं पहुंच रही हैं, जिससे तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले 24 घंटों में राज्य का अधिकतम तापमान सामान्य से औसतन 1.5 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 से 3 डिग्री कम रिकॉर्ड किया गया। इस अवधि में राज्य में सबसे अधिक तापमान 29.1 डिग्री गोड्डा में, जबकि सबसे कम 3 डिग्री गुमला में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री और न्यूनतम 10.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 26.9 और न्यूनतम 9.4 डिग्री, जबकि डालटनगंज में 26.7 और 6.1 डिग्री दर्ज किया गया। बोकारो में अधिकतम तापमान 23.4 और न्यूनतम 8.5 डिग्री, चाईबासा में 27.8 और 10.2 डिग्री तथा खूंटी में 25.3 और 5.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने डायवर्सन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शनिवार को जामताड़ा-कमार्टांड़-कंबाइंड बिल्डिंग मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर बनाए जाने वाले डायवर्सन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य का कोड रोके जाने के बावजूद जामताड़ा में विकास कार्य नहीं रुकेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में लगातार प्रयासों के बाद पुल निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराई गई है, जिसके परिणामस्वरूप आज इस निर्माण कार्य की शुरूआत संभव हो सकी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भारी बारिश के दौरान यह पुल बह गया था, जिसके कारण जामताड़ा शहर का कमार्टांड़ समेत कई क्षेत्रों से संपर्क बाधित हो गया था। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। पुल क्षतिग्रस्त होने से स्कूली छात्रों, मरीजों, किसानों और बुजुर्गों को कई किलोमीटर लंबा अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने इसे महत्वपूर्ण राहत की पहल बताते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र में यातायात सुगम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## संगठन की मजबूती के लिए पंचायतों के कार्यकर्ताओं में उत्साह होना जरूरी : कमलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची : संगठन** सृजन अभियान के तहत अग्रणी मोर्चा संगठन, मीडिया विभाग, कनेक्ट सेंटर के सदस्यों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बैठक हुई। शनिवार को कांग्रेस भवन में हुई बैठक में कमलेश ने सभी को निर्देशित करते हुए संगठन के कार्यों को गंभीरतापूर्वक लेने को कहा। अभियान के तहत संगठन के प्रति हुई प्रगति को सामने रखकर उन्होंने और सुधार की आवश्यकता बताई। मौके पर उन्होंने कहा कि हम संगठन को मजबूत तभी कर सकते हैं जब पंचायत और प्रखंड स्तर के कार्यकताओं में उत्साह बना रहे और पंचायत समिति के सदस्य ग्रामीण स्तर तक पहुंचे और लोगों में कांग्रेस के प्रति विश्वास को जगाएं। उन्होंने कहा कि समाज का हर व्यक्ति संगठन के लिए महत्वपूर्ण है इसलिए हमें इस अभियान को चुनौती के रूप में लेकर इसे पूरा करना है। वहीं बैठक में पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी सिरिवेल्ला प्रसाद ने कहा कि झारखंड में सांगठनिक प्रगति संतोषजनक है लेकिन हमें इससे भी बेहतर करना है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन की कवायद में हमारे साथ काफी लोग जुड़े हैं और जनता की जमीनी समस्याओं को जानने का हमें मौका मिला है उसके समाधान की दिशा में हमारा प्रयास और बेहतर हो इसे लेकर हमें काम करने की जरूरत है। बैठक में सहजादा अनवर, राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुंजनी, अमूल नीरज खलको, सूर्यकांत शुक्ल, सुमित शर्मा, अमित कुमार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## सेट, सेल ने ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल पर किया वर्कशॉप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के इनहाउस कंसल्टेंट, सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने रांची के सेल सैटेलाइट टाउनशिप के इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल में ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल पर एक दिन की टेक्निकल वर्कशॉप ऑर्गनाइज की। वर्कशॉप का मकसद यह पता लगाना था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, सेल के ऑपरेशन्स में प्रोडक्टिविटी, सेफ्टी और डिसीजन-मेकिंग को कैसे बेहतर बना सकता है। प्रोग्राम का उद्घाटन डायरेक्टर (टेक्निकल, प्रोजेक्ट्स और रॉ मटेरियल्स) मनीष राज गुप्ता ने किया। अपने भाषण में, उन्होंने सेल में ग्राहक संतुष्टि,, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अपनाने से सुरक्षा, कर्मचारियों का समेकित कल्याण और लागत में कमी सुनिश्चित होनी चाहिए, साथ ही आये प्रतिनिधियों को व्यवहारिक, वैल्यू-एडेड एप्लीकेशन्स पर फोकस करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने हाल ही में भुवनेश्वर में हुए चिंतन शिविर से मिली विचारधारा का भी ज़िक्र किया। संजय कुमार, सी.जी.एम.- सेट ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया और अपने स्वागत भाषण में सेट के लिए इस वर्कशॉप की इंपॉर्टेंस पर जोर दिया, और तकनिकी में तरक्की को आगे बढ़ाने और फ्यूचर-रेडी कैपेबिलिटीज को मजबूत करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर जोर दिया। ई.डी, सेट एस.के. वर्मा ने लागत मूल्यांकन,, प्रोजेक्ट प्लानिंग, ड्राइंग-कंटेंट एक्सट्रैक्शन और टाइम पर डिलीवरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती पैठ पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि वैश्विक सक्सेस रेट अभी भी कम है, लेकिन इसे जल्दी और असरदार तरीके से अपनाने से सेल को काफी फायदा हो सकता है। इस इवेंट में दीपक जैन, ई.डी. एस.डी.टी.डी.), मुख्य महाप्रबंधक सुनील गुप्ता, अनिल कुमार मिस्त्री, नीलेश सिन्हा, जितेंद्र सलूजा, एसके दास, तपस मोहंती, सलिल भट्टाचार्जी और एस.पी. दास समेत सीनियर एग्जीक्यूटिव्स मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी क्लब ने राज्यपाल को डिस्ट्रीक्ट कॉन्फ्रेंस 'समागम' के लिए किया आमंत्रित



**रांची:** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को लोक भवन में रोटरी क्लब ऑफ रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को आगामी डिस्ट्रीक्ट कॉन्फ्रेंस समागम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। राज्यपाल ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आश्वस्त किया कि यदि वे उस समय रांची में उपस्थित रहे, तो वे कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अवश्य उपस्थित होंगे। उन्होंने रोटरी क्लब के सदस्यों को आगामी सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। यह कॉन्फ्रेंस 19 दिसंबर से 21 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, अनिल सिंह, रेखा सिंह, अजय दीप वाधवा तथा रश्मि अग्रवाल शामिल थे।

### अप्रत्याशित बिजली बिल से हजारों उपभोक्ता परेशान बंधु तिर्की ने की त्वरित कार्रवाई की मांग



**रांची :** झारखंड के पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि स्मार्ट बिजली मीटरों से जुड़े अचानक बढ़े बिल उपभोक्ताओं के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गए हैं। उन्होंने झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड से मांग की कि सभी गलत और अप्रत्याशित बिलों की तुरंत समीक्षा कर सुधार किया जाए। बंधु तिर्की के अनुसार, राज्य सरकार की योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलनी चाहिए, लेकिन इसके बावजूद कई परिवारों को 60 से 80 हजार रुपये तक के बिल भेजे जा रहे हैं। कई ऐसे घरों में भारी-भरकम बिल आए हैं जहां सिर्फ कुछ बल्ब, पंखा या टीवी का ही उपयोग होता है। उन्होंने कहा कि बिजली अब रोजमर्रा की जरूरत है, मगर निगम की अव्यवस्था का खामियाजा आम उपभोक्ता भुगत रहे हैं। खासकर छोटे और कम खपत वाले उपभोक्ता लगातार कार्यालयों के चक्कर लगाने में सक्षम नहीं हैं, और जो लोग सुधार करवाने जाते भी हैं, उन्हें अनावश्यक दौड़भाग झेलनी पड़ रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बिजली विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया कि सभी गलत बिलों को तत्काल ठीक किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में किसी उपभोक्ता को इस तरह के अविश्वसनीय बिल न मिलें।

### आंबेडकर एक व्यक्ति नहीं, सामाजिक न्याय और समानता के सबसे मजबूत स्तंभ : विजय शंकर

**रांची :** महामानव, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर आज रांची के डोरंडा स्थित आम्बेडकर चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आंबेडकर चौक में माल्यार्पण कर सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। आंबेडकर चौक पर आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कहा कि—झारखंड जैसे राज्य में आज भी हाशिये पर खड़े समाजों—आदिवासी, दलित, पिछड़े और कमजोर वर्ग—को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार और प्रशासन बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलते हुए— शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को अधिकार के रूप में लागू करे। भूमि, वन और जल-जंगल-जमीन पर आदिवासियों के अधिकारों को सख्ती से लागू करे। जातीय भेदभाव की हर घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करे। संविधान में प्रदत्त समानता और न्याय के सिद्धांतों को शासन-व्यवस्था का आधार बनाए। नायक ने आगे कहा की बाबा साहेब का सपना तभी पूरा होगा, जब समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक अधिकार, सम्मान और अवसर पहुँचेंगे। आज उनकी पुण्यतिथि हमें यही संदेश देती है कि संघर्ष अभी अधूरा है, और हमें इसे आगे बढ़ाना है। अपने संबोधन में इन्होने आगे कहा कि बाबा साहब ने सिर्फ संविधान नहीं लिखा, बल्कि करोड़ों वंचितों-शोषितों को आत्मसम्मान और अधिकार की ज्योति दी। उनकी विचारधारा आज भी हमें समता, स्वतंत्रता और बंधुता का पाठ पढ़ाती है। हमें उनके सपनों का भारत बनाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। कार्यक्रम में प्रोफेसर कृष्णा कान्त रवि, शिव शंकर दस, अशोक कुमार रजक, दीपक पासवान, विनय कुमार दुबे (पहलवान )मंटू राम, अजय नाग, भूषण राम, मनु तिर्की, कृष्णा राम,रविन्द्र यादव, प्रहलाद राम, करीमन रजक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और मंच के पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने बाबा साहेब की विचारधारा को झारखंड के जन-आंदोलनों की शक्ति बताते हुए इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर महामानव को याद किया और संविधान की रक्षा तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

### 180वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 180 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया नवीन मोदी नितेश सुनैना अक्षित इशिता मोदी ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया । उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। नवीन नितेश सुनैना मोदी ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया ।श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में इडली चटनी उपमा केसरिया जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया।
खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है।

## एक नजर

### तेनुघाट नहर की मरम्मत के दौरान जल संरक्षण की अपील

**बोकारो** : जल संसाधन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा तेनुघाट नहर में आवश्यक मरम्मत कार्य दिनांक 08 दिसंबर 2025 से 14 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। इस दौरान तेनुघाट नहर से बोकारो स्टील प्लांट को मिलने वाली रॉ-वॉटर की आपूर्ति बाधित रहेगी। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर में जलापूर्ति सुचारु रूप से जारी रखने में सभी नगरवासियों से सहयोग की अपेक्षा है. विशेषकर नगरवासियों से अपील की जाती है कि वे 08 दिसंबर 2025 से 14 दिसंबर 2025 तक की अवधि के दौरान जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दें एवं पानी का उपयोग समझदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करें।

### डीएवी विद्यालय में पपेट शो और अंतर्सदनीय क्रिकेट फाइनल मैच का सफल आयोजन




**कोडरमा** : डी.ए.वी. विद्यालय, कोडरमा में आज जूनियर वर्ग के छात्रों द्वारा आकर्षक पपेट शो का भव्य आयोजन किया गया। नन्हे छात्रों ने एक से बढ़कर एक कठपुतली प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित सभी लोगों ने खूब सराहा। प्रतियोगिता में संपूर्ण, सान्या और रजत रंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अन्वी, प्रणव और अशमी ने द्वितीय स्थान, तथा साक्षी और रुही ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य के. के. सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनकी रचनात्मकता और उत्साह की सराहना की। इसी के साथ सीनियर वर्ग में विवेकानंद हाउस और राजा राम मोहन राय हाउस के बीच क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला खेला गया। रोमांचक प्रतियोगिता में राजा राम मोहन राय हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। मैच में उज्जल घोष एवं विनीत सर ने अंपायर की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेता टीम को प्राचार्य के. के. सिंह ने शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और हर्ष का माहौल बना रहा।

### चित्रांश परिवार की अहम बैठक का आयोजन कौटिल्य अकादमी झूमरी तिलैया में

**कोडरमा** : रविवार को झूमरी तिलैया स्थित इंदरवा कौटिल्य अकादमी में पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 1:00 तक अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला कमिटी कोडरमा का संगठन के विस्तार एवं मजबूती को लेकर एक आवश्यक बैठक की आहुति दी जाएगी है। उक्त बैठक में कोडरमा जिला के सभी प्रखंडों के सम्मानित कायस्थ बंधु के साथ साथ प्रदेश कमिटी के प्रतिनिधि,जिला के वरिष्ठ पदाधिकारीगण भाग लेंगे ।

# सेक्टर 4 में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : लोजपा के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में सेक्टर 4 में भारत रत्न एवं संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर उनके तैलचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।अपने संबोधन में अनिल कुमार ने कहा कि बाबासाहेब के बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों सहित युवाओं से आग्रह किया कि डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाकर समाज में समानता और न्याय स्थापित करें।मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल पासवान, महानगर अध्यक्ष सुमन कुमार पासवान, जिला महासचिव राकेश कुमार, राजेंद्र पासवान, परमेश्वर पासवान, मंजीराम, विनय सिंह, मिथिलेश राम, सुनील कुमार, पिंटू, भक्ति विनोद कुमार, कृष्ण कुमार सहित दर्जनों लोजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने संयुक्त रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर की शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### बाबा साहेब की 69वीं पुण्यतिथि पर जयनगर प्रखंड में श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन



**जयनगर** : प्रखंड परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 69वीं पुण्यतिथि अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड परिसर स्थित अम्बेडकर स्मारक पर सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, उपप्रमुख राज नारायण सिंह, राजेंद्र दास सहित पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय प्रबुद्ध जन शामिल हुए। श्रद्धांजलि के उपरांत डॉ. अम्बेडकर के जीवन, संविधान निर्माण में उनके योगदान तथा सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा पर आधारित उनके विचारों पर एक विस्तृत गोष्ठी आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष एवं उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और हमें उनके बताये मार्ग पर चलते हुए समावेशी विकास के संकल्प को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने प्रखंड स्तर पर चल रहे विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों में सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग की सराहना की और सामाजिक सौहार्द एवं जागरूकता को आगे बढ़ाने की अपील की।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में किया गया शो एंड टेल प्रतियोगिता का आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : छात्र प्रतिभा के धनी होते हैं बस जरूरत है तो उनकी प्रतिभाओं को निखारने की। देश भर में ठंड ने दस्तक दे दी है और बच्चे भी इस ठंड के मौसम में रंग-बिरंगे ऊनी कपड़े पहन कर काफी खुश हैं। बच्चों की इसी खुशी को दर्शाने के लिए विद्यालय की ओर से एक मंच दिया गया। और कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्रों के बीच ठंड के मौसम में इस्तेमाल होने वाली विभिन्न वस्तुओं को थीम बनाकर उनके बीच सो एंड टेल प्रतियोगिता कराई गई। बच्चे अवसर पाकर काफी खुश थे। वे अपनी पसंदीदा वस्तु जैसे मोजे, दस्ताने, स्वेटर, टोपी, जैकेट दिखाकर कुछ ही पंक्तियों में उसकी विशेषताओं को बताया। छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय था। पहली कक्षा से शो एंड टेल प्रतियोगिता में पल्लवी राणा ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रथम स्थान, शाश्वत कुमार ने द्वितीय स्थान एवं हिमांश राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी कक्षा से आरूषी कुमारी ने प्रथम स्थान आश्वी राणा ने द्वितीय स्थान एवं श्रेया शरीफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तीसरी कक्षा से आर्य कुमार राकेश ने प्रथम स्थान ,सात्विक पांडे ने द्वितीय स्थान एवं अंशिका राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इतना ही नहीं साथ ही चौथी और पांचवीं कक्षा के छात्रों के बीच अंतर सदन शो एंड टेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

## बेटी से छेड़छाड़ का विरोध किया तो पिता को लाठी से पीटकर कर दी हत्या



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : तीन दिनों पूर्व तेनू डैम किनारे मिले शव की पहचान के बाद तेनुघाट ओपी पुलिस ने हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया है। शनिवार को तेनुघाट एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह एवं तेनुघाट ओपी प्रभारी भजन लाल महतो ने प्रेस वार्ता कर घटना का उद्भेदन किया। प्रेस वार्ता के दौरान एसडीओ ने बताया कि एक दिसंबर को तेनुघाट ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेनू डैम किनारे सिंचाई विभाग के बगल एक अज्ञात 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। इस संबंध पेटरवार थाना कांड सं० 170/25 दिनांक 01 दिसंबर 2025 धारा-103(1)/238 बीएनएस के तहत अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा उक्त व्यक्ति को हत्या साक्ष्य छुपाने के नियत से शव को डैम किनारे फेंक देने के आरोप में दर्ज किया गया था। छानबीन के बाद शव की पहचान हेमलाल मूर्मू उम्र करीब 50 वर्ष ग्राम उलगडा टोला पूणाडीह, थाना-पेटरवार जिला-बोकारो के रूप में हुई। कांड की गंभीरता को देखते हुए बोकारो पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निदेर्शानुसार कांड के त्वरित उद्भेदन करते हुए इस कांड के संलिप्त दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार करते हुए हत्या में प्रयुक्त खून लगा बांस का लटठा एवं घटना में प्रयोग किया हुआ बाईक को विधिवत जप्त किया गया है। इस दौरान एसडीपीओ वीएन सिंह ने बताया कि उक्त घटना को अंजाम देनेवाले दो युवक पेटरवार के उलगड्डा टोला पूणाडीह निवासी 22 वर्षीय विशाल कुमार सोरेन एवं कसमार थानाक्षेत्र के कसमार चट्टी निवासी 21 वर्षीय चंदु डे उर्फ रूपेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## मजदूर सुरक्षा को लेकर 10 दिसम्बर को सेफ्टी भवन पर प्रदर्शन : बिके चौधरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जय झारखंड मजदूर समाज की ओर से मजदूर सुरक्षा के साथ साथ इस्पातकमीर्यों एवं ठेकाकमीर्यों के मांगो को लेकर प्लांट मे चलाए जा रहे जनजागरण कार्यक्रम के तहत आज आठवें दिन एस एम एस 2/सी सी एस मे सेकडों उपस्थित कर्मचारीयों के बीच संवाद किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता बिभागीय युनियन अध्यक्ष जे एल चौधरी ने किया जबकि संचालन शाखा सचिव आई ए डब्लू अंन्सारी ने किया। बिभिन्न बक्ताओं ने कहा कि सेफ्टी के नाम पर प्रबंधन भाषनबाजी मे करोड़ो करोड रूपया खर्च कर रही है लेकिन सेफ्टी बिभाग मजदूरों और मसीनो के बीच जाकर सुरक्षा का जायजा लेने के जगह कार्यालय मे बैठकर कागजी खानापूर्ति किया करता है। सेफ्टी के कारण मजदूरों का असमय मोत हो रहा है या अपंग हो रहा है। प्रबंधन आई वाश करने के लिए सम्बंधित बिभाग के अधिकारी को एक आध सप्ताह के लिए सस्पेंड करता है लेकिन इससे दुर्घटना का सिलसिला नही थम रहा है। मजदूरों के समस्याओ पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य बक्ता झाझुमो केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने कहा कि एक तरफ सेफ्टी बिभाग का निष्क्रियता है वहीं दूसरी तरफ पुराने मसीनों का चरणबद्ध अनुरक्षण का नही होने के साथ साथ दुन्दीबाग से निम्न स्तर का सुरक्षा उपकरण मजदूरो के बीच कभी देना कभी मांगने पर डांट सुनना। दुसरी तरफ मजदूर घर मे ,ड्युटी आने के क्रम मे रास्ते भर के साथ साथ काम करते समय यह सोचकर मानसिक तनाव मे रहता है कि इस पेमेंट मे भी पैसा लोटाना पड़ेगा, फाईनल मे ई एल, बोनस भी लौटाना पड़ेगा नही तो अगला गेटपास रिन्युअल नही होगा तो ईन्जिनियर इन्चार्य साथ देगा नही, गेट के बाहर स्टेन्ड मे मोटर साइकिल रखने पर भी 20/= देना पडेगा ।

## डॉ राजेन्द्र प्रसाद स्कूल में हुआ नि:शुल्क डेन्टल चेक अप




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : डॉ राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 रानीपोखर में शनिवार को स्कूल के छात्रों के लिए निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के नर्सरी कक्षा से लेकर चौथी कक्षा तक के छात्र-छात्राओं का दंत चिकित्सक की ओर से निशुल्क बारी बारी से चेक अप किया गया। जिसमें द टूथ कॉर्नर सेंटर की ओर से बच्चों के लिए एकदिवसीय निःशुल्क दंत चेक अप का आयोजन किया गया। द टूथ कार्नर सेंटर के दंत चिकित्सक डॉ प्रेम नंद सिंह व डॉ ऋषिका मोहन ने सभी बच्चों के दांतों का चेक अप अच्छी तरह से किया व प्रतिदिन सुबह व शाम में दांतों की सफाई टुथब्रश से करने की सलाह भी दी। बच्चों को ज्यादा चाकलेट नहीं खाने को कहा व खाना खाने के बाद दांतों की अच्छी तरह से सफाई करने को कहा। जिससे उनके दांतों में गंदगी नहीं रह सके व उनका दांत स्वस्थ रहे। मौके पर स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने सभी बच्चों को दंत चिकित्सक की ओर से दिए गए सलाह पर विशेष ध्यान देने को कहा तभी उनकी दांत स्वस्थ रह सकेगी। मौके पर स्कूल की शिक्षिका राखी कुमारी, प्रीति झा,खुशबु कुमारी, वीणा कुमारी, अनु सिंह, साक्षी कुमारी आदि शामिल रहे।

## दवा दुकानों में औचक जांच कई दुकानें पाई गईं बंद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो** : कोडरमा उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को अंचलाधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के दवा दुकानों में औचक निरीक्षन अभियान चलाया। जांच के दौरान दुकानों में दवाओं की वैद्यता, बिल व लाइसेंस की स्थिति, स्टॉक रजिस्टर, खरीद बिक्री पंजी, स्वक्षता व्यवस्था तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की जांच पड़ताल की गई। जांच अभियान की खबर लगते ही क्षेत्र की अधिकतर दवा दुकानें बंद पायी गयी। निरीक्षण के क्रम में मरकच्चो के बन्धन चौक स्थित राजा मेडिकल, नावडीह1 स्थित न्यू नायक मेडिकल समेत कई दुकानों से संबंधित दस्तावेज मांगे गए। टीम ने बिना बिल की दवा नहीं रखने, एक्सपायरी दवाओं को तुरंत नष्ट करने तथा लाइसेंस नवीनीकरण समय पर कराने की हिदायत दी। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की जांच आगे भी जारी रहेगी ताकि आम जनता को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण दवाई उपलब्ध हो सके। जांच दल में अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर दिनेश कुमार, बी पी एम अमरकांत सिन्हा, थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी मोहम्मद इजराफुल, रवि शेखर पांडे, खुशबु कुमारी, पिंटू कुमार समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## झारखंड के 38 कैडेट्स का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन, सैनिक स्कूल तिलैया की वैष्णवी आनंद ने रचा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया** : आगामी गणतंत्र दिवस परेड-2026 के लिए झारखंड से इस बार कुल 38 एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया है। राज्य की विभिन्न बटालियनों के ये कैडेट्स पटना में आयोजित होने वाले चयन एवं प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हुए, जिनमें कई कैडेट्स कोडरमा स्टेशन से भी प्रस्थान करते दिखाई दिए। रांची ग्रुप से 26 तथा हजारीबाग ग्रुप से 12 कैडेट–कुल 38 कैडेट्स–नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय परेड में शामिल होने का गौरव प्राप्त करेंगे। इसी बीच जिले के लिए गौरव का विषय है कि सैनिक स्कूल तिलैया की कैडेट वैष्णवी आनंद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए RDC-2026 में अपना स्थान सुरक्षित कर इतिहास रच दिया है। वैष्णवी सैनिक स्कूल तिलैया की पहली गर्ल कैडेट बनी हैं जिन्हें एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित किया गया है। चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में उनकी प्रतिभा, अनुशासन और दृढ़ निष्ठा ने निर्णायकों को प्रभावित किया।

कोडरमा जिले से इस बार चयनित कैडेट्स में रौशन कुमार, अमर साव, अर्जित कुमार, आलोक कुमार, काजल कुमारी और युविका भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने बटालियन कैंपों में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाई। इनके साथ गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर कुसुम कुमारी और बॉयज कैडेट इंस्ट्रक्टर कृष्णा भी मार्गदर्शन के लिए मौजूद रहें। वैष्णवी आनंद का चयन सैनिक स्कूल तिलैया के लिए एक स्वर्णिम उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। विद्यालय में आयोजित विशेष समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया, जहाँ अधिकारियों, शिक्षकों और कैडेटों ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया। वैष्णवी ने अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्य, प्रशिक्षकों एवं अपने माता-पिता को दिया और कहा कि यह अवसर उनके लिए सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोडरमा स्टेशन पर कैडेट्स को शुभकामनाएँ देने पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता भी पहुँचीं।

## संक्षिप्त खबरें

### जहां सपने उड़ान भरते हैं- संत जेवियर में मिशनिंग डे आयोजित

**बोकारो** : सेंट जेवियर्स विद्यालय, बोकारो में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए मिशनिंग डे का आयोजन सफलपूर्वक किया गया। जिसमें छात्रों को अपने माता-पिता के साथ आना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य महोदय फादर अरुण मिंज, उप-प्रधानाचार्य और विद्यालय के कैप्टन श्रेयस आदित्य द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कक्षा 11वीं के छात्रों ने एक सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य महोदय फादर अरुण मिंज ने सभा को संबोधित करते हुए, छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और विद्यालय में उनके योगदान को पहचाना। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनां व्यक्त की। इसके बाद कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें जीवन में प्रकाश और आशा फैलाई गई। यह एक यादगार क्षण था जिसे सभी हमेशा याद रखेंगे। स्कूल कैप्टन श्रेयस आदित्य ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए और अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा करते हुए अपना विदाई संबोधन दिया। उन्होंने विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उप-प्रधानाचार्य देबाशीष गुप्ता ने भी अपने विचार साझा किए और छात्रों को बधाई दी। इस अवसर पर फादर निर्मल, फादर मनोज, उप-प्रधानाचार्य और शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन जेवियर्स एंथम के साथ हुआ।

### कांग्रेस महागठबंधन सरकार के छह वर्ष पूरे, जिला महासचिव ने जताया हर्ष



**बोकारो** : झारखंड में कांग्रेस महागठबंधन सरकार के छह वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिला कांग्रेस के महासचिव एवं अधिवक्ता घनश्याम नारायण ने खुशी और आभार व्यक्त किया है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह सफल सफर झारखंड की जनता के अटूट विश्वास और समर्थन के कारण संभव हो पाया है ।इस दौरान घनश्याम नारायण ने सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने छह वर्षों में लगभग नौ हजार बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई मईया सम्मान योजना ने इस वर्ग के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।उन्होंने बोकारो जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य लगभग पूरा होने और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की तैयारियों पर भी जोर दिया। इन कदमों को झारखंड के विकास और प्रगति की दिशा में स्वर्ण युग की ओर बढ़ने की महत्वपूर्ण पहल बताया ।घनश्याम नारायण ने कहा कि आगे भी सरकार जनता के विश्वास को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी ।कार्यक्रम में जिले के प्रमुख कांग्रेस नेताओं जैसे देवेन्द्र नाथ चौबे, नारायण सिंह चैधरी, निवारण तिवारी, भरत रावत, अमीतेश कुमार, गौरव कुमार, ज्योति सिंह, कविता कुमारी और संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजूकेशन में आईक्यूएसी के तत्वावधान में सात दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम सत्र में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं की व्यक्तिगत विभिन्नताओं का पहचान करना था। कार्यक्रम में बी॰एड॰ सत्र 2025-27 के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न विधाओं जैसे गायन, कविता पाठ, नृत्य ,योग अभ्यास व संगीत वादन आदि की प्रस्तुति कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आर्ट एंड क्राफ्ट के अन्तर्गत प्रशिक्षुओं द्वारा लैंगिक असमानता विषय पर पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं द्वारा अपनी कला और रचनात्मकता कौशल का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बी॰एड॰ सत्र 2025-27 के प्रशिक्षु प्रिया सिंह ,सोनिया कुमारी, समीना परवीन,दीपक कुमार ,मनीष कुमार, महेश कुमार ,कविता कुमारी, पवन कुमार ,दिव्या कुमारी ,नेहा कुमारी ,सद्दाम अंसारी ,लोकेश कुमार, ललिता कुमारी, पूजा कुमारी, मनीषा, सूरज कुमार ,बबीता कुमारी, सागर कुमार, सपना कुमारी ,पवन पंडित, आयुष कुमार, मनीष कुमार ,विनोद कुमार, उर्मिला कुमारी, रजनीश कुमार ,अनिल कुमार, प्रियंका कुमारी, रितिका कुमारी ,मनोरंजन पांडे, लवजीत कुमार, प्रिया कुमारी, नंदनी कुमारी निकिता कुमारी कुंदन कुमार ,शबनम खातून व महाविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ मनीष कुमार पासवान, सहायक प्राध्यापक डॉ पूजा कुमारी, डॉ गौतम, डीएलएड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक चुन्नू कुमार ,सीताराम यादव शिक्षकेत्तर कर्मचारी सुचित कुमार,दीपक कुमार पांडे आदि उपस्थित थे।

### ईएसएल स्टील और आईओसीएल के बीच पीएनजी आपूर्ति समझौता



**बोकारो** : ईएसएल स्टील लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच पाइप्ड नेचुरल गैस की आपूर्ति हेतु महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। यह समझौता ईएसएल स्टील के बोलेरो प्लांट में ऊर्जा आपूर्ति को अधिक सुरक्षित, पर्यावरण के अनुकूल और सतत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। समझौता समारोह में आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक मनोज के. शर्मा, महाप्रबंधक अमिया कुमार बेहरा और ईएसएल स्टील के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं एसोसिएट निदेशक रवीश शर्मा तथा मुख्य वित्तीय अधिकारी आनंद जीन मौजूद रहे। डिप्टी सीईओ रवीश शर्मा ने कहा, आईओसीएल के साथ यह साझेदारी हमें प्लांट में आवश्यक ऊर्जा की विश्वसनीय और कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। एलपीजी के विकल्प के रूप में पीएनजी का उपयोग हमें स्वच्छ ऊर्जा स्रोत प्रदान करता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण व औद्योगिक स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। मुख्य बिंदुओं में यह उल्लेखनीय है कि पीएनजी पर्यावरण के लिए बेहतर विकल्प के रूप में एलपीजी की जगह इस्तेमाल किया जाएगा। इससे ऊर्जा दक्षता, सुरक्षा और स्थिरता के मानदंडों में सुधार होगा। दोनों कंपनियां सतत ऊर्जा समाधानों की दिशा में निरंतर समीक्षा और सहयोग भी कर रही हैं।

## एक नजर

### आयुष कैंप का हुआ आयोजन

कुरडेग : प्रखंड के कसडेगा बाजारटांड़ में शनिवार को जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी के निदेर्शानुसार आयुष स्वस्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में आयुष पद्धति होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली के माध्यम से मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ आशीष उरांव की देख देख में कुल 112 मरीजों की स्वास्थ्य जांच एवं नि?: शुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से घुटनों, कमर, सायटिका, गठिया, गैस, पेट दर्द सहित अन्य रोगों का जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में योग शिक्षक घनश्याम यादव जी, देवनारायण जी, अंजनी जी, जोशीला जी, एवं सहिया साथी जसवन्ती इन्दवार, दुलत्ती जी, एवं असुन्ता जी का प्रमुख भूमिका रहा।

# उप विकास आयुक्त ने राजनगर प्रखंड अंतर्गत संचालित विकास कार्यों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** उप विकास आयुक्त, सरायकेला खरसावां सुश्री रीना हांसदा द्वारा आज राजनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित मनरेगा योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वीं वित्त आयोग मद से स्वीकृत कार्यों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालय परिसरों एवं बस स्टैंड निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा सभी योजनाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं से जुड़े अभिलेखों के सुव्यवस्थित, अद्यतन एवं सही संधारण को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अभिलेख संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, पोषण सामग्री एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता का जायजा लिया तथा कहा कि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हर स्थिति में सुनिश्चित की जाए। आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जॉनबानी पंचायत के ऑटोडीह गांव में मनरेगा कन्वर्जेंस मॉडल के तहत प्रस्तावित मॉडल मनरेगा पार्क के विकास को लेकर ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यह पार्क ग्रामीण सहभागिता से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से विकसित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण समुदाय को एक उपयोगी सार्वजनिक स्थल उपलब्ध हो सकेगा। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, तथा निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एसी गिरीडीह ने सरिया अंचल का किया औचक निरीक्षण, समय पर काम निपटाने के सख्त निर्देश




**सरिया :** जिले के एसी गिरीडीह ने शनिवार को सरिया अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पंजियों, रजिस्टरों एवं लंबित मामलों की गहन जांच की। इस दौरान एसी ने पाया कि कई मामलों का निष्पादन समय पर नहीं हो रहा है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से सभी लंबित कार्यों को ससमय पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही अंचल कर्मियों को नियमित रूप से उपस्थिति, दाखिल-खारिज, लगान वसूली एवं अन्य राजस्व कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। एसी ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कोई भी कार्य लंबित पाया गया या शिकायत मिली तो संबंधित कर्मी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के बाद अंचलाधिकारी ने सरिया अंचल के सभी कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस औचक निरीक्षण से अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया और कर्मी तत्काल अपने-अपने कार्यों में जुट गए।

### बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी: अंचलाधिकारी



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड सभागार में अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र दास की अध्यक्षता में एक शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।कार्यक्रम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का मिशन वात्सल्य के दिशा निदेर्शों के अंतर्गत बाल कल्याण संघ के सहयोगी संस्था के रूप में मिरेकल फाउंडेशन द्वारा रखा गया था ।उपस्थित जनप्रतिनिधि और सदस्यों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र दास ने बताया कि बच्चों में संस्कार होना जरूरी है। बच्चों की मानसिकता संकीर्ण होती चली जा रही हैं ।बच्चों में बचपन से डाले सकारात्मक सोच ।समाज से सीखे जरूरी बाते ।बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत को दूर करने का रखे प्रयास ताकि आदि होने से बचे। बच्चों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाले ।समाज में शिक्षा की ज्योति जलाने का प्रयास करते रहे ।संगत बेहतर होने से जीवन यापन करने के साथ बच्चों की परवरिश बेहतर होगी ।कार्यक्रम में अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कु दास,संस्था के जिला समन्वयक मुकेश बारीक,प्रखंड समन्वयक जितेंद्र मुर्मू,ट्रेनर सुनील गुप्ता, वॉलेंटियर तपन महतो,आनन्द कुंभकार,मालती महतो, सुसारी महतो,मुखिया कृष्ण पद

## दिवंगत सन्नी यादव के परिजनों को मिला 8 लाख का मुआवजा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** कीताडीह मनसा मंदिर निवासी सन्नी यादव, जो गम्हरिया स्थित निमार्णाधीन बालाजी इंफ्राटेक्कर कंपनी में कार्यरत थे, उनके असामयिक एवं दुःखद निधन के बाद परिजनों को न्याय दिलाने हेतु भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के द्वारा निर्णायक पहल की गई। कंपनी के प्रोपराइटर विशाल राज द्वारा प्रारंभ में मुआवजे को लेकर टालमटोल रवैया अपनाया जा रहा था। जिसपर भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के जिला अध्यक्ष सह कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नितीश कुशवाहा ने परिजनों की ओर से बीते कल से लगातार कंपनी प्रबंधन के ऊपर दबाव बनाया और स्पष्ट रूप से बताया गया कि पीड़ित परिवार के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय और शोषण स्वीकार नहीं किया जाएगा। शनिवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष नितीश कुशवाहा के सक्रियता और मजबूत प्रयासों के परिणामस्वरूप कंपनी प्रबंधन को झुकना पड़ा और पीड़ित परिवार को कुल 8 लाख रुपये का मुआवजा देने पर सहमति बनी। मौके पर ही 6 लाख रुपये नकद एवं 2 लाख रुपये चेक के माध्यम से भुगतान कराया गया। इस दौरान भाजपा घाघीडीह मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार, संतोष सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हर गांव तक बिजली पहुंचाना सरकार का लक्ष्य : अनिल कंडुलना

**बांसजोर :** प्रखंड के बांसजोर पंचायत के डोंगापानी चुन्युटोली गांव के लोग लगभग 5 महीने से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण अंधेरा मे रहने को विवश थे। वे अपनी समस्या ले कर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडूलना से संपर्क किए। झामुमो जिला अध्यक्ष ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से सम्पर्क कर उन्हे तुरंत ट्रांसफार्मर दिलाया। गांव मे ट्रांसफार्मर आने से ग्रामीणों मे खुशी का महौल देखा गया। गांव के ग्रामीणों की उपस्थिति में पहान द्वारा फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। ट्रांसफार्मर मिलने पर गांव वालों मे खुशी की लहर देखने को मिली और उपस्थित ग्रामीणों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, हेमंत सोरेंन जिंदाबाद, कल्पना सोरेंन जिंदाबाद, वीर शिबू सोरेंन अमर रहे के नारों से गूंजने लगा। इस अवसर पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडूलना झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य नोवास केरकेट्टा झामुमो जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाईक झामुमो जिला युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष दिलीप बा झामुमो कार्यकर्ता अरविंद टेटे, जैलाल गंझु, समुएल तोपनो, रतिया जी और भारी संख्या मे महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## विधायक ने कपाली नप में 3 करोड़ कि लागत से निर्माण होने वाले 23 योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कपाली :** कपाली नगर परिषद क्षेत्र के 21 वार्डो में निर्माण होने वाले 23 विकास योजनाओं का शिलान्यास शनिवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर व नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि करीब 3 करोड़ रुपये कि लागत से 23 विकास योजनाओं में पीसीसी सड़क, पक्की नाली, स्ट्रीट लाइट व आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सौन्दयीकरण का निर्माण होगा। उन्होंने कहा योजनाओं का निर्माण होने से कपालीवासियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने संवेदक को योजनाओं का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कपाली क्षेत्र की वर्षों पुरानी सड़क व नाली संबंधित समस्याओं को दूर करना उनकी प्राथमिकता रही है, उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर परिषद में शेष बचे वार्डों में भी विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सरकार की विकास योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाना ही उनका पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर कपाली नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गोपी कृष्णा, सिटी मैनेजर शकील अनवर मेहंदी, सिटी मैनेजर क्रिस्टीना कच्छप, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, मोहम्मद अरशद, शेख फरीद, मोहम्मद नबी आलम, बुद्धेश्वर महतो, नगर अध्यक्ष सलाउद्दीन, कांग्रेस पार्टी के 15 सूत्री सदस्य मोहम्मद मोहसिन आलम समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### अवैध बालू परिवहन रोकने के लिए चेकनाका निरीक्षण

**सरायकेला :** अंचल अधिकारी ईचागढ़ दीपक प्रसाद द्वारा पातकुम प्रखंड मोड़ इचागढ़ एवं इचागढ़ थाना के समीप स्थापित चेकनाका का निरीक्षण किया गया। उक्त चेकनाका क्षेत्र में अवैध बालू खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थापित है। निरीक्षण के क्रम में अंचल अधिकारी ने चेकनाका पर तैनात कर्मियों को वाहन जांच में तत्परता बरतने, अभिलेखों के सही संधारण, संदिग्ध वाहनों की सतर्क निगरानी तथा अवैध खनन की रोकथाम हेतु सतत चौकसी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम : डॉ. मयंक मुरारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



अनगड़ा : रांची स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्थायी आय सृजन से जोड़ना संभव है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, हस्तशिल्प, सेवाओं आदि क्षेत्र में प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर ग्रामीण महिलाएं आर्थिक आत्मनिर्भरता का राह बढ़ सकती है। उक्त बातें उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वे आज उषा मार्टिन सभागार में नामकोम और अनगड़ा प्रखंड से आयीं महिला समूहों को "स्वयं सहायता समूह का संचालन एवं उद्यमिता" विषय पर आयोजित प्रशिक्षण में विचार व्यक्त कर रहे थे। डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह झारखंड के कई हिस्सों में, खासकर आर्थिक रूप से पिछड़े इलाकों में, समुदायों के भीतर से आर्थिक परिवर्तन के वाहक बन गए हैं। ये समूह सशक्तिकरण के लिए अद्भुत उत्प्रेरक हैं और अपने सदस्यों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास प्रक्रिया में स्वयं सहायता समूहों का महत्व बहुत है। इस अवसर पर प्रशिक्षक अंजली कुमारी ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लाह उत्पादन, जूट एवं बांस के उद्यम का प्रशिक्षण करना चाहिए। इसके साथ उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए प्रयास करना होगा। सबसे पहले महिलाओं को संगठन सशक्त बनाना, इसका सावधिक बैठक आयोजित करना और सामाजिक विषयों पर चर्चा करनी होगी।

### वन विभाग के द्वारा पीड़ित परिवार को मुआवजा की दी गई

**सिमडेगा/बानो :** वन विभाग बानो में हाथी पीड़ित परिवार को वन विभाग बानो द्वारा मुवावजा की राशि दी गई। मालूम हो कि 17 जून 2025 को रामजोल तेलेदा निवासी मसीह दास बारला जंगली हाथी के चपेट में आ गया था। जंगली हाथी ने मसीह दास बारला को कुचल कर मार डाला था। आज शनिवार को वन परिसर बानो में मृतक के भाई रेन्दा बारला को चेक के माध्यम से मुवावजा की राशि जिला परिषद बीरजो कंडुलना के हाथों दिया गया। जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा आपके भाई की असमय मृत्यु होने से दुःख तो है उसका भरपाई नहीं की सकती है। वन विभाग की ओर से मुवावजा की राशि दी जा रही है।

## पीडीजे ने किया मंडल कारा का औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश पर शनिवार को सिमडेगा मंडल कारा में औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा ने किया। उनके साथ डालसा की सचिव मरियम हेमरोम भी मौजूद रहीं। निरीक्षण दल ने जेल परिसर के विभिन्न सेक्शनों, वार्डों, रसोईघर और बंदियों की मूलभूत सुविधाओं की जांच की। सबसे पहले अधिकारियों ने बंदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और मानक को परखा। पीडीजे ने स्वयं बंदियों के लिए तैयार भोजन का स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। समीक्षा में पाया गया कि भोजन जेल मैनुअल में निर्धारित मानकों के अनुसार ही तैयार कर बंदियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। भोजनालय की स्वच्छता, सामग्री भंडारण और खाद्य पदार्थों की उपलब्धता की भी से जांच की गई। इसके बाद निरीक्षण दल ने सभी वार्डों का भ्रमण किया। बंदियों के रहने की व्यवस्था, स्वच्छता, रोशनी, पेयजल और शौचालय की स्थिति की पड़ताल की। बंदियों के व्यक्तिगत सामान की जांच की गई, लेकिन किसी भी वार्ड में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत की गई और उन्हें हो रही समस्याओं, जरूरतों और शिकायतों को सुना गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-08/2025-26
पत्रांक:– 484 हुसैनाबाद, दिनांक:–06/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुड़ेलवा नाला पर चेकडैम का निर्माण, प्रखण्ड– हरिहरगंज, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 44,04,100=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.12.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 27.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 9031301518 eeidjaplami@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोट:– 1. सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 367895 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-09/2025-26
पत्रांक:– 485 हुसैनाबाद, दिनांक:–06/12/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुशाहा नाला पर चेकडैम का निर्माण, प्रखण्ड– हरिहरगंज, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 45,25,200=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.12.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 27.12.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 29.12.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 9031301518 eeidjaplami@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोट:– 1. सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 367897 Minor Irrigation(25-26)D


# प्रथम बिरसा मुंडा झारखंड राज्य ओपन कराटे प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा :** आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल, अनगड़ा में आज प्रथम बिरसा मुंडा झारखंड राज्य ओपन कराटे प्रतियोगिता 2025 का भव्य और उत्साहपूर्ण उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खिजरी क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, विद्यालय के निदेशक डॉक्टर रुद्र नारायण महतो, विद्यालय के प्राचार्य श्री नरेंद्रनाथ महतो, तथा शिहान विमल आनंद नाग एवं सेंसई महादेव गोपे द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

विधायक राजेश कच्छप ने कहा– यह प्रतियोगिता बच्चों के अनुशासन, साहस, परिश्रम और संघर्षशीलता का अद्भुत उदाहरण है। खेल बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास भी करते हैं। विद्यालय द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मैं आयोजक मंडल, प्रशिक्षकों, अभिभावकों और सभी प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएँ देता हूँ। पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा– ग्रामीण क्षेत्र में इस स्तर की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे सभी बच्चों को समान अवसर प्राप्त होता है और वे राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह आयोजन हर वर्ष और भी भव्य रूप लेगा। विद्यालय निदेशक डॉक्टर रुद्र नारायण महतो ने कहा - आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल सदैव शिक्षा के साथ-साथ खेल, संस्कृति और चरित्र निर्माण को भी प्राथमिकता देता रहा है। आज बच्चों का प्रदर्शन देखकर यह स्पष्ट है कि झारखंड के खिलाड़ी भविष्य में देश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

आज के कनिष्ठ वर्ग के परिणाम 10-11 वर्ष प्रथम स्थानः अलीशा कुमारी द्वितीय स्थानः सान्वी महतो तृतीय स्थानः जानवी कुमारी 11-12 वर्ष प्रथम स्थानः मिलर कुमार महतो द्वितीय स्थानः रोशन महली तृतीय स्थानः अभिषेक सफारी 12-13 वर्ष प्रथम स्थानः इंद्रदेव कुमार द्वितीय स्थानः लखन तुडू तृतीय स्थानः विशाल राज इसके अतिरिक्त काता तथा अन्य मुकाबले भी संपन्न हुए, जिनमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी विजेता और प्रतिभागी विद्यार्थियों को पदक तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शेष प्रतियोगिताएँ कल को आयोजित होंगी आज केवल कनिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं।

## बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए भीड़भाड़ वाले जगहों पर प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था की जा रही है

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** जिले में शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर परिषद क्षेत्र के प्रमुख चौकझचौराहों के साथ-साथ सभी प्रखंडों के भीड़ भाड़ वाले स्थलों में ग्रामीणों के लिए प्रतिदिन अलाव की व्यवस्था की जा रही है। सिमडेगा, बानो, कोलेबिरा, बोलबा, केरसई, पाकरटांड़, ठेठईटांगर, बांसजोर कुरडेग और जलडेगा प्रखंडों में यह पहल प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों के दिशा-निर्देशन में संचालित हो रही है। कड़ाके की ठंड से बचाव और आम लोगों को राहत देने के उद्देश्य से सुबह-शाम नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों के सहयोग से इन स्थानों पर सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि ठंड के दौरान किसी भी ग्रामीण या शहरी को परेशानी न हो, इसके लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। शहरी क्षेत्र के रैनबसेरा एवं आश्रयालय में रात्रि विश्राम की समुचित व्यवस्था है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि शहरी क्षेत्र के खुले स्थानों में किसी व्यक्ति के रात गुजारने की स्थिति में उसे रैनबसेरा एवं आश्रयालय की जानकारी दे दें ताकि वह रात्रि में ठंढक से बच सके।


**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला।**
**अप्रेन्टिसशिप मेला संबंधी सूचना**

संयुक्त निदेशक नियोजन (मु0) निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के आदेशानुसार दिनांक–08.12.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिलम, गुमला में आई0टी0आई0 पास/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc गैर तकनीकी छात्रों 5वीं से स्नातक आदि अभ्यर्थियों के लिए अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाना है। अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले अभ्यार्थी सभी कागजातों के साथ मेला में भाग ले सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR 367902 Labour Employment and Traning(25-26)D

# ढलान पर दोस्ती, संजोने की जरूरत है!

समकालीन ज़िन्दगी में निरंतर बढ़ती वैयक्तिकता के दौर में अतिव्यस्त होता हुआ आज आदमी अपने ही अंदर सिकुड़ता चला जा रहा है। रिश्तों की उपेक्षा और उनका हाशियाकरण जिस तेजी से हो रहा है वह उस समाज के ताने-बाने को झटका देने वाला साबित हो रहा है जिसमें साथ चलने, साथ बोलने, मन के मिलने और साझे में विचरने पर जोर दिया जाता था। हमारी प्रार्थना ही थी- संगच्छध्वम संवदध्वम संवदध्वम संवो मनांसि जानताम्। अब यह वैश्विक स्तर पर एक विशेष चिंता पैदा करने वाली बात होती जा रही है कि आज की दुनिया के छोटे-बड़े, विकसित-कम विकसित लगभग हर तरह के देशों में आम जनों में मित्रता की प्रवृत्ति में बड़ी तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। अब लोगों को ऐसे करीबी दोस्त नहीं मिलते जिन पर भरोसा किया जा सके। सिमटते-सिकुड़ते रिश्तों के दौर में ऐसे मीत और साथी नहीं मिल रहे जिनके साथ खुल कर दुख-दर्द बांटा जा सके, मन हल्का किया जा सके और मौका पड़ने पर पुकारा जा सके।

मित्रता स्वभाव से सहयोगी हुआ करती थी और एक मित्र दूसरे की उन्नति की कामना करता था। बढ़ती प्रतिस्पर्धा के वर्तमान दौर में मित्रता की जगह लोगों में अपनी निजी सामर्थ्य, शक्ति और समृद्धि को अधिकाधिक पर्याप्त बनाने और उसमें सुख ढूँढने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। थोड़े समय तक तो जीने का यह तरीका सही और ठीक लगता है पर ज़िन्दगी की लंबी दौड़ में थोड़े दिनों में ही इसकी पोल खुलने लगती है। आत्मरति की मृग-मरीचिका कदापि अंतहीन नहीं होती है और उसका तिलस्म टूटने पर आदमी को आगे कोई राह नहीं सूझती है।

अब शहरी इलाकों में लोगों को अपने परिचित लोगों की संख्या देखें तो लगता है वह खूब बढ़ रही है। मोबाइल पर कांटैक्ट तो निरंतर बढ़ते रहते हैं। यानी हम जिन लोगों के संपर्क में रहते हैं उनकी तादाद बढ़ती जा रही है। परंतु उनमें से ज्यादातर ऐसे ही होते हैं जिनके साथ क्षणिक रिश्ता होता है। गहरी, टिकाऊ और सच्ची दोस्ती जो ज़िन्दगी में मददगार होती है कम होती जा रही है। कभी लोग विभिन्न आयोजनों और क्लब या होटल आदि में भी परिचित लोगों से भी लोग खुशी से मिलते-जुलते थे पर अब हालात ये हो रहे हैं कि भीड़ में भी लोग अलग-थलग और अकेले ही रहते हैं। अब लोग अकेले ही खाना-पीना पसंद करते हैं। मित्रता के अभाव में ज़िन्दगी अंदर से खोखली और सतह पर भरी-पूरी दिखती है।

स्थिति इतनी नाजुक हो रही है कि दोस्ती अब सिर्फ एक सामाजिक मुद्दा नहीं रहा। वह एक विकट सांस्कृतिक समस्या का रूप ले रहा है। सच्ची बात तो यह है कि दोस्ती के लिए समय निकालना अब विलासिता नहीं बल्कि एक खास जरूरत हो चुकी है। आज की कटु सच्चाई है कि अकेलापन एक लत बनता जा रहा है। अगर हम दोस्ती की कद्र नहीं करेंगे और उसमें निवेश नहीं करेंगे तो हम न सिर्फ. नए दोस्त बना सकेंगे, बल्कि पुराने रिश्ते भी खो देंगे। अनेक शोध अध्ययन यह दिखाते हैं कि अकेलेपन से कई बीमारियां और अस्वास्थ्यकर स्थितियां पैदा हो रही हैं। वे हृदय रोग और अवसाद को बढ़ाती हैं। उनसे आदमी की असमय मृत्यु का जोखिम भी बढ़ जाता है।

मित्रता मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए एक आधारभूत आवश्यकता है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक 80-वर्षों से चल रहे एक दीर्घकालिक अनुसंधान को मानें तो आदमी के लिए सच्ची खुशी और स्वास्थ्य के बीच बड़ा घनिष्ठ संबंध है। जिंदगी की सच्चाई यही है कि रूपया-पैसा कमाया जा सकता है, रुतबा भी बदला जा सकता है लेकिन सच्चा दोस्त ही अकेला ऐसा होता है जो परिवार का रक्त संबंधी न होते हुए भी जीवन की हर परिस्थिति और चुनौती में आपके साथ चट्टान की तरह अटल खड़ा होता है।

## सूडोकु नवताल- 7636

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7635 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

# हुमायूं कबीर की बाबरी मस्जिद चाल से ममता बनर्जी की सत्ता पर मंडराया संकट

अजय कुमार





पश्चिम बंगाल की राजनीति में इन दिनों हलचल मची हुई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो 15 साल से सत्ता की कमान संभाल रही हैं, अब चारों तरफ से घिरी नजर आ रही हैं। एक तरफ हिंदू वोटरों का झुकाव भाजपा की ओर हो चुका है, तो दूसरी तरफ उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण की पुरानी राजनीति भी डगमगा रही है। ताजा संकट खड़ा कर दिया है उनकी ही पार्टी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने। 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की नींव रखने का ऐलान कर उन्होंने न सिर्फ तृणमूल कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया, बल्कि पूरे राज्य की सांप्रदायिक सियासत को नई हवा भी दे दी। यह घटना महज एक विधायक का विद्रोह नहीं, बल्कि ममता की सत्ता की नींव हिला देने वाली चाल लग रही है।

हुमायूं कबीर कौन हैं, यह जानना जरूरी है। मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से 2021 में तृणमूल के टिकट पर विधायक बने कबीर पहले भी विवादों के केंद्र में रहे हैं। ममता सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके वे मूल रूप से कांग्रेसी पृष्ठभूमि के हैं। 2011 में ममता के सत्ता में आने पर वे मंत्री बने, लेकिन 2015 में पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी। उन्होंने ममता पर आरोप लगाया कि वे अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को 'राजा' बनाने की कोशिश कर रही हैं। नतीजा यह हुआ कि उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। 2021 में वनवास खत्म हुआ और तृणमूल ने फिर मौका दिया। लेकिन अब फिर वही पुरानी कहानी। लोकसभा चुनाव के दौरान कबीर ने कहा था कि मुर्शिदाबाद में 70 फीसद मुस्लिम आबादी है, इसलिए हिंदुओं को भागीरथी नदी में डुबो देंगे। यह बयान सुर्खियां बटोर गया। अब बाबरी मस्जिद का राग छेड़कर वे ममता को सीधा चुनौती दे रहे हैं।

6 दिसंबर का दिन खास था। बाबरी विध्वंस की 32वीं बरसी पर कबीर ने बेलडांगा में शिलान्यास किया। कार्यक्रम में तीन लाख लोग जुटे, 40 हजार बिरयानी के पैकेट बंटे और सऊदी से आए धर्मगुरुओं ने आशीर्वाद दिया। मंच से कबीर ने कहा कि तीन साल में मस्जिद बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने 25 नवंबर को ही ऐलान किया था कि 6 दिसंबर को नींव रखेंगे। तृणमूल ने इसे सांप्रदायिक राजनीति बताकर उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया। ममता ने कबीर को आरएसएस का मुखौटा करार दिया। पार्टी का कहना है कि निलंबन बाबरी मुद्दे के लिए नहीं, बल्कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए हुआ। लेकिन कबीर पीछे हटने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा कि ममता मेरी हत्या भी करवा सकती हैं, लेकिन मस्जिद बनेगी। वे नई पार्टी बनाने और 90 मुस्लिम बहुल सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर चुके हैं।

यह सब ममता के लिए कितना बड़ा झटका है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। बंगाल में मुस्लिम आबादी करीब 30 फीसद है। 2011 की जनगणना के मुताबिक 27 फीसद थी, जो अब बढ़कर 30 के आसपास पहुंच गई। मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे सीमावर्ती जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की भरमार है। कबीर का दावा है कि 90 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम वोट 35 फीसद से ज्यादा हैं। ममता ने हमेशा अल्पसंख्यक वोटों को सहारा बनाया। इमामों को तनख्वाह, धार्मिक जुलूसों का समर्थन सब कुछ किया। लेकिन अब कबीर की चाल से वोट बंटवारे का खतरा मंडरा रहा। भाजपा को इसका फायदा होगा, जो हिंदुत्व कार्ड खेल रही है। वीएचपी ने चेतावनी दी कि अगर बाबरी बहाने से हिंदुओं पर हमला हुआ तो कबीर और ममता जिम्मेदार होंगे। हाईकोर्ट ने भी दखल देने से इनकार कर दिया, जिससे कबीर को हौसला मिला।

ममता का मुस्लिम तुष्टिकरण अब उल्टा पड़ रहा है। वक्फ संशोधन कानून पर उनका यू-टर्न इसका बड़ा उदाहरण है। अप्रैल 2025 में ममता ने कहा था कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने दूंगी। तृणमूल ने सड़क से संसद तक हंगामा किया। मुस्लिम समुदाय खुश था। लेकिन बाद में उन्होंने पोर्टल पर वक्फ संपत्ति का ब्योरा अपलोड करने की इजाजत दे दी। इससे मुस्लिमों में गुस्सा भड़का। उन्हें लगने लगा कि ममता भी भाजपा जैसी हो गई हैं। बिहार चुनाव में तेजस्वी यादव की तरह वादा किया, लेकिन महागठबंधन की हार देखकर रुख बदला। मुर्शिदाबाद में वक्फ विरोधी हिंसा हुई, जिसमें भाजपा ने ममता पर बांग्लादेश बनाने का आरोप लगाया। मौलाना साजिद रशीदी जैसे नेताओं ने राष्ट्रपति शासन की मांग की। दूसरा बड़ा संकट है विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर )। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची साफ करने के लिए एसआईआर शुरू किया। ममता ने इसे अमित शाह की साजिश बताया। कहा कि अगर रोकतीं तो केंद्र राष्ट्रपति शासन लगा देता। एसआईआर से 46 लाख नाम कट सकते हैं, जिनमें ज्यादातर घुसपैठिए। ममता ने विरोध में रैलियां की। मालदा में कहा कि भाजपा अपनी कब्र खोद रही है। एसआईआर से 40 मौतें हुईं, जिनमें आधे हिंदू। ममता ने मुआवजा देने की घोषणा की और निगरानी टीम बनाई। लेकिन आयोग ने उनकी बाधा को नकार दिया। सीमावर्ती जिलों में वोटरों की संख्या दोगुनी हो गई, जो भाजपा घुसपैठ का सबूत बता रही। बंगाल में एक करोड़ फर्जी वोटर होने का दावा कर रही। मुस्लिम बहुल इलाकों में एसआईआर फॉर्म भरने की होड़ लगी, लेकिन ममता का विरोध जारी है। वे घुसपैठियों को सांत्वना दे रही हैं कि डरें नहीं, वापस बुलाएंगी। 20 साल पहले लोकसभा में घुसपैठ पर बवाल काटने वाली ममता अब उलट बोल रही हैं।

भाजपा इन सबका फायदा उठाने को बेताब है। 2021 में 77 विधायक जीतकर राज्य में मजबूत हुई। अब हिंदू वोट उसके पाले में हैं। वंदे मातरम विवाद से बंगाली अस्मिता जोड़ रही। मुस्लिम आउटरीच प्रोग्राम शुरू किया, ताकि बंगाली मुसलमानों को साधे। ओबीसी लिस्ट से 35 मुस्लिम जातियों को हटाने पर तृणमूल-भाजपा भिड़ गई। जाति सर्वे को भेदभाव बढ़ाने वाला बता रही। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम भी बंगाल में दखल दे रही, जिस पर भाजपा की मदद का आरोप है। कबीर का बीजेपी से पुराना रिश्ता रहा। 2019 में वे भाजपा से लड़े। अब कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने उन्हें मानसिक रूप से बीमार और भाजपा एजेंट कहा। 2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। ममता की स्थिति सांप-छछूंदर जैसी हो गई। न निगलते बन रहा, न उगलते। हुमायूं कबीर का खेल कामयाब हुआ तो तृणमूल का वोट बैंक बंट जाएगा। मुस्लिम वोट भाजपा को फायदा पहुंचाएंगे। बंगाल की सियासत में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण तेज हो रहा। ममता को बड़ा सबक मिल सकता है। क्या वे अपनी सेकुलर छवि बचा पाएंगी? या भाजपा सत्ता की चाबी हाथ में ले लेगी? समय ही बताएगा, लेकिन फिलहाल हुमायूं कबीर की बाबरी चाल ने सबको चौंका दिया है। बंगाल की सड़कों पर बहस छिड़ गई है क्या यह ममता का अंतिम संकट है?

# कैंपस प्लेसमेंट में धांधली : नैतिकता और छात्र हितों का हनन

ललित गर्ग



देश के प्रमुख प्रौद्योगिकी संस्थानों- विशेषतः आइआइटीज द्वारा 20 से अधिक कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया से बाहर करना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में नैतिकता, पारदर्शिता और छात्र-हित संरक्षण को मजबूती प्रदान करने वाला साहसिक कदम है। इन कंपनियों ने छात्रों को ऑफर लेटर दिए, उनके परिवारों के भीतर आशा की किरण जगाई और अंतिम समय में बिना स्पष्ट कारण उन्हें रद्द कर दिया। यह केवल एक अनुबंध उल्लंघन नहीं, बल्कि छात्र के भविष्य, उसके मानसिक संसार और उसके सामाजिक विश्वास पर सीधा प्रहार है। आइआइटी, एनआइटी और शीर्ष विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाना किसी विद्यार्थी की दीर्घकालिक मेहनत और प्रतिभा की पहचान है। प्लेसमेंट और ऑफर लेटर केवल नौकरी नहीं, बल्कि परिवार के लिए भविष्य की सुरक्षा, सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास का प्रतीक होते हैं। ऐसे में जब कंपनियां अचानक अपना वादा तोड़ देती हैं, तो विद्यार्थी केवल पेशेवर नुकसान नहीं झेलते, बल्कि मानसिक तनाव, अविश्वास और सामाजिक दबाव से भी गुजरते हैं। यह उनके मनोबल को कमजोर करता है और उनकी योग्यता के सम्मान को ठेस पहुंचाता है। इस तरह की स्थितियां बनना न केवल भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था पर एक चिन्ताजनक दाग है, बल्कि सरकार एवं कम्पनियों पर छात्रों के जीवन से खिलवाड़ करने का शर्मनाक द्योतक है। निस्संदेह वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितता, मंदी, छंटनी और बाजार उतार-चढ़ाव से जूझ रही है। लेकिन इन चुनौतियों का भार छात्रों के कंधों पर डालना किसी मानवीय, पेशेवर या नैतिक दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। विश्वविद्यालय किसी प्रयोगशाला की तरह नहीं हैं जहां विद्यार्थियों को जोखिमपूर्ण स्थति में डालकर कंपनियां प्रयोग चलाती रहें। आइआइटीज का यह निर्णय स्पष्ट संदेश देता है कि छात्रों के भविष्य और सम्मान से खिलवाड़ सहन नहीं किया जाएगा तथा संस्थान उनके साथ खड़ा रहेगा। यह कदम उच्च शिक्षा की गरिमा और राष्ट्रीय प्रतिभा के सम्मान की पुनर्स्थापना है। यह अन्य विश्वविद्यालयों के लिए भी मार्गदर्शक हो सकता है, क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं बल्कि सुरक्षित और विश्वसनीय भविष्य प्रदान करना है। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेना ही छात्रों के लिये एक बड़ी चुनौती होती है, छात्र इन संस्थानों के भारीभरकम आर्थिक बजट को किसी तरह पूरा करते हैं, इसके बाद भी उनको नौकरी नहीं मिलती है तो यह उनके जीवन को अंधकारमय बना देने जैसा है।

देश के अधिकांश शिक्षण संस्थानों में प्लेसमेंट व्यवस्था उतनी सुदृढ़ और पारदर्शी नहीं है, जितनी आइआइटीज में। हजारों छात्र नौकरी व अवसर की आशा में बैठते हैं और कुछ कंपनियां इस स्थिति का दुरुपयोग कर ह्लऑफर रद्द करनेह्व की प्रवृत्ति अपनाती हैं। अब आवश्यक है कि अन्य विश्वविद्यालय भी कड़ी और अनुशासित प्लेसमेंट नीति अपनाएं, कंपनियों के व्यवहार का रिकॉर्ड रखें और बार-बार गलती करने वालों को ब्लैकलिस्ट करें। यदि शीर्ष विश्वविद्यालय सामूहिक रूप से यह कदम उठाएं, तो कॉर्पोरेट जगत पर नैतिक अनुशासन का दबाव स्वतः निर्मित होगा। यह विषय अब केवल विश्वविद्यालय का मसला नहीं बल्कि राष्ट्रीय चिंता बन चुका है। छात्रों की बेरोजगारी, अवसरों की अनिश्चितता और कंपनियों की बेहिसाब मनमानी देश की प्रतिभा को क्षति पहुंचा रही है। इसलिए सरकार और नियामक संस्थाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि प्लेसमेंट अनुबंध और कंपनियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने वाले स्पष्ट दिशानिर्देश बनाए, कंपनियों के व्यवहार का राष्ट्रीय डाटा रिकॉर्ड विकसित करे, गलती करने वाली कंपनियों को सरकारी परियोजनाओं और प्रोत्साहनों से वंचित करे तथा आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित करे। छात्रों के संरक्षण हेतु बैकअप प्लेसमेंट समर्थन, आर्थिक सहायता और अनुबंधिक सुरक्षा उपाय जैसी व्यवस्थाएं भी विकसित की जानी चाहिए, ताकि किसी छात्र का भविष्य कंपनी की मनमानी से प्रभावित न हो। आइआइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पाना ही किसी भी छात्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है। आइआइटी की प्लेसमेंट व्यवस्था पहले से ही काफी अनुशासित और नियमबद्ध है। कंपनियों को भाग लेने से पहले कई शर्तों का पालन करना होता है। इसके बावजूद यदि कोई कंपनी अपने वादे से मुकरती है, तो उसे जवाबदेह ठहराया जाना आवश्यक है। क्योंकि छात्रों को जब ऐसे किसी प्रतिष्ठित कंपनी से ऑफर लेटर मिलता है, तो वह न केवल उनके कॅरियर, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य की उम्मीद बन जाता है। यदि वही कंपनी अंतिम समय में बिना ठोस वजह के ऑफर रद्द कर दे, तो यह केवल पेशेवर अनुशासन की कमी नहीं, बल्कि छात्रों के साथ किया गया खुला विश्वासघात है। आज का कॉर्पोरेट जगत तेजी से बदल रहा है, उसके मूल्य और मानक बिखर रहे हैं, भारत जब दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों का बनना चिन्ताजनक है। इससे भारत के उच्च शैक्षणिक संस्थानों की साख एवं प्रतिष्ठा भी दांव पर लगती है, इन्हीं स्थितियों के कारण छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिये अग्रसर होते हैं। भारत ज्ञान और युवा शक्ति का देश है। उसके शीर्ष संस्थानों की वैश्विक प्रतिष्ठा तभी कायम रह सकती है जब प्लेसमेंट प्रक्रिया भरोसेमंद, सम्मानजनक और नैतिक होगी। कंपनियों को भी समझना होगा कि युवाओं के साथ अनुचित व्यवहार उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है और समाज के साथ उनके संबंध कमजोर करता है। आइआइटी का यह निर्णय उन कंपनियों के लिए चेतावनी तो है ही, लेकिन शिक्षा जगत और नीति निमार्ताओं के लिए अवसर भी है-एक ऐसी प्रणाली विकसित करने का अवसर जहां छात्र का सम्मान एवं जीवन-सुरक्षा सर्वोपरि हो। यदि संस्थान, सरकार और समाज मिलकर स्पष्ट, कठोर और नैतिक ढांचा बनाएं तो निश्चित ही युवा प्रतिभा सुरक्षित होगी और भारत की विश्वसनीयता भी सुदृढ़ होगी। छात्र केवल डिग्री प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।

# भारत में बाबर की मस्जिद से अधिक चिंता उस सोच की है

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भरतपुर से टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर पश्चिम बंगाल में बाबरी नाम से मस्जिद बनाने का दावा कर रहे हैं। हालांकि उनकी इस जिद के कारण से टीएमसी से उन्हें हाल ही में पार्टी से बाहर निकाला है, पर समस्या अभी समाप्त नहीं हुई है। उनके समर्थकों ने मुर्शिदाबाद में कई जगहों पर बाबरी नाम से मस्जिद बनाने के पोस्टर भी लगाए हैं। बात अब उस असमिता की है जिसमें सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि आखिर मुसलमान बाबर के नाम की माला क्यों जप रहे हैं, जबकि भारत एक पंथ निरपेक्ष देश है, जिसमें किसी भी अत्याचारी, हिंसा करनेवाले आततायी के लिए कोई जगह नहीं है।

वैसे कोई भी मस्जिद बनाने के लिए स्वतंत्र है, किंतु प्रश्न यही है कि इसके बाद भी बाबर के नाम पर इस देश में मस्जिद क्यों मुसलमान बनाना चाहते हैं। हुमायूं आज जो कह रहे हैं उस पर भी सभी को गौर करना चाहिए, वे कहते हैं, ह्वनाम पर आपत्ति कैसे है? अगर मेरा बेटा पैदा हो तो मैं उसका क्या नाम रखूं, ये बताने वाले दूसरे कौन होते हैं। ये मेरे कौम का मामला है। कौम के लोग मदद कर रहे हैं।' बात एक दम साफ है, कौम के लोग मदद कर रहे हैं, इसलिए ये बाबर के नाम की फिर से मर्सजिद भारत में बनाई जा रही है।

वस्तुतः इतिहास में दर्ज घटनाएं उन तारीखों से नहीं मिटाई जा सकती जो बाबर के क्रूर अत?याचार की कहानी कहती हैं। भारत के इतिहास में अनेक आक्रांताओं ने आकर यहाँ के समाज, संस्कृति और परंपराओं पर गहरे घाव छोड़े हैं, परन्तु जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर का नाम उनमें सबसे प्रमुख रूप रहा है। बाबर को लेकर जो वर्ग उसे एक आदर्श या गौरवपूर्ण चरित्र के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करता है, उसे एक बार उन तमाम प्रामाणिक इतिहास, विशेषकर बाबर की आत्मकथा बाबरनामा, गुलबदन बेगम का हुमायूँनामा और अनेक स्वतंत्र इतिहासकारों के विवरण जरूर देखने चाहिए। यह सभी स्पष्ट करते हैं कि बाबर एक ऐसा विदेशी आक्रांता था जो भारत में सत्ता, लूट और धार्मिक (इस्लामिक) वर्चस्व स्थापित करने आया था। उसकी नीतियाँ, उसके सैन्य अभियान और उसकी मानसिकता का केंद्र बिंदु विरोध करने वाले काफिरों का विनाश और धन की लूट थी।

बाबर का भारत पर आगमन उसके युद्ध केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा तक सीमित नहीं थे। बाबर स्वयं अपने फतहनामे में लिखता है कि इस्लाम की खातिर जंगलों में भटका, हिंदुओं और मूर्तिपूजकों से युद्ध का संकल्प लिया और अंततः गाजी बना। यह कथन स्पष्ट संकेत देता है कि बाबर का अभियान धार्मिक इस्लामिक, जिहादी कट्टरता से प्रेरित था। खानवा की लड़ाई में राणा सांगा पर विजय प्राप्त करने के बाद उसने स्वयं को गाजी घोषित किया, एक ऐसी उपाधि जिसका अर्थ है अन्य मत के अनुयायियों को मारने वाला। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि नहीं है, यह तो हिंसा की मानसिकता की स्वघोषित स्वीकारोक्ति है।

बाबर जहाँ-जहाँ गया, वहाँ उसने अपनी क्रूरता के निशान छोड़े। हुमायूँनामा में गुलबदन बेगम का वर्णन बाजौर के किले पर हुए उसके हमले का है, जिसमें लिखा है कि बाबर ने दो-तीन घड़ी में दुर्ग जीतकर सभी निवासियों को मरवा दिया क्योंकि वहाँ कोई मुसलमान नहीं था। यह कोई युद्ध नीति नहीं कही जा सकती, यह तो गैर मुसलमानों के प्रति धार्मिक असहिष्णुता का भयानक उदाहरण है।

यही नहीं, बाबर के आदेश पर या उसके सेनापतियों की कार्रवाई से अनेक मंदिर ध्वस्त किए गए। संभल में मंदिर को मस्जिद में परिवर्तित किया गया, चंदेरी में मंदिर तोड़े गए और उरवा के जैन मंदिरों का विनाश किया गया। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर निर्मित प्राचीन मंदिर को उसके सेनापति मीर बाकी ने उसके आदेश पर ध्वस्त कर दिया और उसी स्थान पर मस्जिद बनाई। इतिहासकार सीताराम गोयल ने अपनी पुस्तक Hindu Temples: What Happened to Them? में इन विध्वंसों को प्रमाणों सहित प्रस्तुत किया है और यह दिखाया है कि बाबर मंदिरों को नष्ट करता ही था और स्वयं इस विनाश को अपने शासन का हिस्सा मानता था। मोहन मुन्दाहिर की घटना बाबर की क्रूरता का एक और प्रमाण है। बाबरनामा के अनुसार, एक काजी की शिकायत पर बाबर ने अली कुली हमदानी को तीन हजार सैनिकों के साथ भेजकर प्रतिशोध की कार्रवाई करवाई। इसमें लगभग एक हजार हिंदू मारे गए और इतने ही स्त्री-पुरुष और बालक बंदी बनाए गए। यह कोई सैन्य संघर्ष नहीं था, सीधे तौर पर प्रतिशोध की हिंसा थी। बाबर ने मृतकों के कटे हुए सिरों की मीनार बनवाई जो उस समय की मुगल परंपरा में क्रूरता का प्रतीक थी। बंदी बनाए गए हिन्दू लोगों की स्त्रियों को सैनिकों में बाँट दिया गया और मोहन मुन्दाहिर को जमीन में गाड़कर तीरों से मार डाला गया। यह दृश्य अपने आप में बहुत कुछ कह देता है, यह कोई विजय का उत्सव नहीं कहा जा सकता है, यह तो अमानवीय अत्याचार का घोर प्रमाण है।

1527 और 1528 के उसके अभियान, विशेषकर राणा सांगा और मेदिनीराय के विरुद्ध, भारतीय इतिहास पर गहरी चोट हैं। चंदेरी के युद्ध के बाद वहाँ की रानी मणिमाला और लगभग 1600 महिलाओं ने जौहर कर लिया, ताकि वे मुगल सेना के अत्याचारों का शिकार न बनें।

## दैनिक पंचांग

**7 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.13 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मकर | 09.18 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 11.05 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.37 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 14.08 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.48 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.46 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.00 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.16 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | कन्या | 00.28 बजे से |
| | | तुला | 02.38 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.53 ब.से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 341 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 18.26 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 04.12 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 20.08 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 07.52 बजे, विष्टि 18.26 बजे तदनन्तर बव 05.09 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 36' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872551 **जूलियन दिन** 2461016.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 15 **विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### जिंदल स्टील पतरातू को मिला प्लेटिनम अवॉर्ड सुरक्षा मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित



**पतरातू :** जिंदल स्टील पतरातू को 10वें एपेक्स इंडिया ऑक्युपेशनल हेल्थ एंड सेफ्टी अवाड्र्स 2025 में स्टील सेक्टर के लिए प्लेटिनम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कार्यस्थल सुरक्षा, पर्यावरण प्रबंधन और उत्कृष्ट ईएचएस मानकों के प्रति संयंत्र की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को भारत सरकार के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक डॉ. एस. के. त्यागी और मेवाड़ वंश की राजकुमारी जान्हवी कुमारी मेवाड़ ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। जिंदल स्टील पतरातू को यह सम्मान लगातार बेहतर सुरक्षा प्रबंधन, सख्त अनुपालन, कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण, उन्नत सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने और कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना लक्ष्य की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मिला है। जिंदल स्टील पतरातु के प्लांट प्रमुख कृष्ण बल्लभ सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान संस्था के उस विजन का परिणाम है जिसमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। आगे भी जिंदल स्टील पतरातू उच्चतम सुरक्षा मानकों को अपनाते हुए कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**साहिबगंज:** बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट-बरहरवा मुख्य मार्ग स्तिथ मिलन होटल के समीप अज्ञात ट्रैक्टर के द्वारा धक्का मार देने से बरहेट बाजार के राजीव पांडे (17) की मौत हो गई। जबकि इस घटना में अंशु भगत (15) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात लगभग बरहेट बाजार निवासी पारस पांडे के तृतीय सुपुत्र राजीव पांडे तथा बबलू भगत का 16 वर्षीय पुत्र अंशु भगत अपने मित्र के साथ होटल की ओर जा रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर के द्वारा धक्का मार देने से वह इसकी चपेट में राजीव पांडे आ गया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि इस घटना में अंशु भगत भी घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया गया है। वही मामले की जानकारी मिलते ही बरहेट थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक से गिरकर दो लोग हुए घायल, रेफर

**साहिबगंज:** राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा-राधानगर मुख्य मार्ग पर बीते रात जंगल पाड़ा पूल के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर दो व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र के पश्चिम नारायणपुर पंचायत के हाजी मकसूद टोला निवासी अकतारूल शेख (47) और मोईन शेख (20) बाइक चला कर अपने घर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान जंगल पाड़ा पुल के पास अंधेरे रहने के कारण अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह दोनों व्यक्ति घायल हो गया। जिसे परिजनों एवं आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर गुफरान आलम ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

# प्रतिबंधित लॉटरी कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रतिबंधित लॉटरी के खरीद बिक्री की रोकथाम एवं संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई हेतु अजय आर्यन पुलिस उपाधीक्षक, पाकुड के नेतृव मे विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित छापामारी दल द्वारा सूचना संकलन कर लगातार छापामारी किया जा रही था जिसके दौरान मालपहाडी ओपी अंतर्गत बहिरग्राम मोड के पास मंतोष चाय अंडा दुकान मे उपस्थित दुकान के मालिक मतोष सराहा के पास से प्रतिबंधित लॉटरी एवं दुकान की तलाशी के दौरान इनके दुकान से शराब (बीयर) की बोतल भी बरामद किया गया जिसके आधार पर इनके गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में अन्य स्थान बनपाडा में छापामारी के दौरान एक अपाची मोटरसाईकिल चालाक पुलिस की गाड़ी को देख भागने लगा जिसे शक के आधार पर पुलिस द्वारा पकड़ा गया एवं पकड़ाये व्यक्ति का नाम पूछने पर उसने अपना नाम दिलीप साहा उर्फ बप्पी साहा बताया एवं इनकी तालाशी में इनके पास से भी प्रतिबंद्धित लॉटरी बारामद किया गया एवं इनके फोन को चेक करने पर इनके फोन की गेलरी मे कई सारे लॉटरी के फोटो पाये गए जो अन्य कई लोगो को व्हाट्सअप के माध्यम से भेजा गया था जिससे प्रतीत होता है की ये लगातार प्रतिबंधित लॉटरी का कारोबार करते है जिसके आधार पर इन्हे गिरफ्तार किया गया। प्रतिबंधित लॉटरी को अवैध रूप से रखना एवं भोले भाले लोगो को अधिक पैसे के मुनाफा का लालच देकर ठगना एवं प्रतिबंधित लॉटरी का खरीद बिक्री करना एवं शराब (बियर) को चाय-अंडा दुकान में अवैध रूप से रखकर बिक्री के आरोप में मालपहाडी ओपी कांड संख्या 311/2025 दिनांक 05.12.2025 धारा 318 (4) भा०न्या०सं० 2023, 7(3) लॉटरी रेगुलेशन अधि० 1998 एवं 47 (ं) उत्पाद अधिनियम 1915 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में अग्रसारित किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का संख्या मंतोष साहा उम्र 33 वर्ष पिता लक्ष्मण साहा ग्राम बहिरयाम, दिलीप साहा उर्फ बप्पी साहा उम्र करीब 21 वर्ष पिता हरीपदो साहा, ग्राम खपडाजोला दोनों थाना मालपहाड़ी ओपी, जिला पाकुड़।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगारसी में वार्षिक खेल दिवस का हुआ सफल आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एएफएस सिंगारसी विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या सौमी सरकार द्वारा ध्वजारोहण एवं मार्च-पास्ट निरीक्षण से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मौके पर विद्यार्थियों ने बेहतरीन खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का परिचय दिया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या महोदया ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और उन्हें खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कुल मिलाकर, यह दिन विद्यार्थियों के लिए आनंद, ऊर्जा और प्रेरणा से भरपूर रहा। अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## डीएसपी को आवेदन देकर पीड़ित ने न्याय का लगाया गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



साहिबगंज : साहिबगंज के छोटा पंचगढ़ निवासी छोटू कुमार रविदास ने डीएसपी मुख्यालय को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि वे एसपी से न्याय की गुहार लगाने उनके कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन कार्य व्यस्तता के चलते एसपी से नहीं मिल सके। बाद में डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार कुशवाहा को उनके कार्यालय कक्ष में आवेदन दिया। आवेदन में कहा गया है कि 22 अक्टूबर 2025 को काली पूजा विसर्जन जुलूस के दौरान वे ढोल ताशा बज रहे थे, इस दौरान उसका पैर किसी चीज से दब गया जिसे उसके पैर में दर्द होने लगी, बाद में जब उसने उसका एक्स रे करवाया, पता चला कि उसके बाएं पैर का अंगूठा मामूली रूप से फ्रैक्चर हो गया है। जिसका इलाज केन क्लब की ओर से करवाया जा रहा है। घटना के बाद नगर थाना की पुलिस कई बार उसके घर पहुंची, और उसे यह कहते हुए कागज पर हस्ताक्षर करवाया गया कि उनको सरकार की ओर से मुआवजा दिया जाएगा। बाद में उनको पता चला कि उस कागज के सहारे किसी जेसीबी संचालक एवं उसका ड्राइवर के खिलाफ नगर थाना में कांड संख्या दर्ज की गई है, जबकि हकीकत यह है कि मेरा पैर किसी भी जेसीबी से नहीं दबा था। जब मैं इसकी जानकारी नगर थाना पुलिस को देने का प्रयास किया, तो मेरी एक नहीं सुनी गई और ना ही इस संबंध में मेरा आवेदन स्वीकार किया गया।

## अभावीप ने समरसता चौपाल के साथ दिया सामाजिक एकता का संदेश; तीन कार्यक्रमों से शहर में जागरूकता की लहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साहिबगंज नगर इकाई द्वारा सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर शहर में तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर मंत्री अविनाश साह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत साहिबगंज नगर परिषद परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई, जहां उपस्थित कार्यकताओं एवं नागरिकों को बाबा साहेब के विचारों तथा सामाजिक न्याय और समानता के उनके संदेश के बारे में अवगत कराया गया। इसके बाद उत्क्रमित नगरपालिका उच्च विद्यालय, साहिबगंज में अंबेडकर समरसता भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पहले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया, वो प्रतियोगिता में भारती कुमारी प्रथम, श्रेया कुमारी द्वितीय तथा सोनम परवीन तृतीय स्थान पर रही। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनआरपी सेंटर स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज झा तथा एबीवीपी के प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इंद्रोजीत साह विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम के तीसरे चरण में साहिबगंज शहर के गुल्ली भट्ठा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप आंबेडकर सेवा बस्ती में आंबेडकर समरसता चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान बस्तीवासियों को बाबा साहेब के विचारों, संवैधानिक अधिकारों तथा सामाजिक समानता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों के बीच चॉकलेट भी वितरित की गई। नगर मंत्री अविनाश साह ने कहा कि सामाजिक समरसता दिवस का उद्देश्य सिर्फ कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को बाबा साहेब के विचारों से जोड़ना है। इन कार्यक्रमों में नगर सह मंत्री निधि सिंह, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक इंद्रोजीत साह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंदन कुमार, जिला कार्यालय मंत्री अंकुश कुमार, राजा, प्रिया कुमारी, माहि कुमारी, आदर्श, समीर, नीरज, विवेक, बादल, आकाश सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आग लगने से घर में रखी नगदी समेत हजारों का सामान जलकर राख

**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत मनसिंघा गांव में शनिवार को एक घर में आग लग जाने से नगदी समेत हजारों रुपए का सामना जल कर राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अशरफ शेख की पत्नी गैस में चाय बना रही थी इस दौरान बगल में रखे पटसन में किसी तरह आग लग गया जब तक कुछ समझ पाता तब तक आग देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से घर में खेती के लिए रखा हुआ 30 हजार रुपया नगद सहित कई कीमती सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।आनन-फानन में समाजसेवी नसरुद्दीन आलम, गांव वालों की मदद से चापानल, मोटर आदि अन्य माध्यमों से आग पर काबू पाया गया। तब तक सारा सामान जल चुका था। अशरफ शेख ने सरकार से मुआवजा की मांग की है।

# आर्सेनिक प्रभावित ग्राम डिहारी में डीसी ने की ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने आज साहिबगंज सदर प्रखंड के हाजीपुर पश्चिम पंचायत स्थित आर्सेनिक प्रभावित गांव डिहारी में निर्मित चार ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में डीसी ने बताया कि डिहारी ग्राम में दो किलोमीटर दूर स्थित रक्सी स्थान से पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने सभी योजनाओं के सुचारू संचालन एवं जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिए।

**डीसी ने निर्देशित किया कि** प्रत्येक माह सभी जलापूर्ति योजनाओं का जल गुणवत्ता परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। ग्रामीणों से जल संयोजन राशि एवं मासिक जलकर संग्रहित किया जाए, ताकि योजना की मरम्मति एवं पाँच वर्ष की संपोषण अवधि के उपरांत भी जलापूर्ति व्यवस्था निरंतर जारी रह सके। संकलित जलकर राशि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के खाते में जमा की जाए, जिससे योजनाओं के सुचारू संचालन में सहूलियत हो सके। डीसी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने घरों में जल संयोजन अवश्य लें एवं समय-समय पर जलकर जमा कर योजना के दीर्घकालिक संचालन में सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज; कनीय अभियंता; जिला समन्वयक, जल जीवन मिशन; उपमुखिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चलती ट्रेन से गिरकर महिला हुई थी घायल, बरहरवा बोनिडंगा रेलखंड का हादसा



**साहिबगंज:** बरहरवा-बोनिडंगा रेलखंड पर मोगलपाड़ा गांव के समीप शुक्रवार दोपहर एक महिला की चलती ट्रेन से गिर जाने की दर्दनाक घटना सामने आई। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन के गुजरते समय अचानक एक महिला संतुलन खो बैठी और पटरी किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और रेलकर्मी तुरंत, बरहरवा थाना के एसआई मौके पर पहुंचे तथा घायल महिला को उठाकर उपचार हेतु बरहरवा सदर अस्पताल भेजा। अस्पताल में महिला की पहचान ढाटापाड़ा निवासी ब्लाउस हांसदा की पत्नी सोना सोरेन (45 वर्ष) के रूप में हुई। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को सामान्य बताया, हालांकि परिजनों ने बेहतर इलाज की इच्छा जताते हुए महिला को पाकुड़ रेफर कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की और सावधानी बरतने की अपील की है।

### ग्रामीणों ने साढ़ का शव यात्रा निकालकर किया दाह संस्कार



**साहेबगंज:** शहर के पुरानी साहेबगंज मुहल्ले में एक वृद्ध साढ़ की मृत्यु हो गई। साढ़ की मृत्यु की खबर सुनकर गांव के ग्रामीणों ने उनका दाह संस्कार करने का निर्णय लिया। इसके लिये गांव के ग्रामीण उजागर चौधरी सामने आए और उन्होंने दाह संस्कार में आने वाले तमाम खर्च देने को तैयार हो गए। गांव के ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ साढ़ का शव यात्रा निकाला और उन्हें स्थानीय जनता घाट पर उनको मिट्टी में गाड़ कर उन्हें श्रृद्धाजंली दिया। गांव के ग्रामीणों ने बताया की यह साढ़ करीब 20 वर्षो से गांव में रहता था और यह बहुत ही शांत प्रवृति का था लोग इन्हें मुंह में खिला देते थे और इनका पैर छूकर प्रणाम भी कर लेते थे कभी इस साढ़ ने किसी को भी नहीं मारा था, बिल्कुल ही शांत रहने वाला साढ़ था, बच्चे भी इनके साथ कुछ भी कर लेते थे। गांव में लोग इनको साढ़ बाबा कहकर पुकारते थे। शव यात्रा में शामिल लालू यादव, राजेंद्र यादव, चतुरी चौधरी, बिकास यादव, व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय अभिसरण योजना की समीक्षा बैठक संपन्न, डीसी ने दिए आवश्यक निर्देश



**साहिबगंज:** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अभिसरण योजना की समीक्षा बैठक गोपनीय कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। बैठक में पशुपालन, भूमि संरक्षण, आत्मा, लघु सिंचाई, उद्यान, कृषि, जलछाजन, मत्स्य, सहकारिता, गव्य विकास, जेएसएलपीएस, नाबार्ड एवं आर-सेटी से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कृषि, उद्यान, गव्य विकास, उधोग विभाग एवं आत्मा परियोजना के तहत चल रही गतिविधियों पर चर्चा करते हुए डीसी ने कहा कि किसानों को उन्नत तकनीक, गुणवत्ता बीज एवं आधुनिक कृषि यंत्रों से सशक्त बनाया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। पशुपालन विभाग से दो गाय, पांच गाय, दस गाय वितरण योजना व लाभुकों की चयन की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेन्द्र विन्हा, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जेएसएलपीएस के डीपीएम मतिन तारीक, नाबार्ड एवं आर-सेटी के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में माही स्पोर्ट्स येलो ने 9 विकेट से जीता मैच



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत शनिवार को माही स्पोर्ट्स येलो बनाम रेलवे स्कूल के बीच मैच खेला गया। रेलवे स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 123 रन बना कर ऑल आउट हो गई। हर्ष व उमंग ने 14-14, सुशांत ने 28 व शिवम ने 31 रन की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स येलो के गेंदबाज राकेश व अंशुमन ने 2-2 व मो वामीक व रौनक दुबे ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स येलो ने 16.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 127 रन बना कर 9 विकेट से मैच जीत लिया। शंकर साह ने नाबाद 52, मो वामीक नईम में नाबाद 10 व शिवम राज ने 46 रन की पारी खेली। रेलवे स्कूल के गेंदबाज शहजेब अहमद ने एक मात्र विकेट हासिल किया। माही स्पोर्ट्स येलो के खिलाड़ी रौनक दूबे को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि अनिल बेसरा ने रौनक को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व हयातुल्लाह एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, चंदन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# भारत-रूस शिखर वार्ता: 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का रोडमैप

**- भारत और रूस ने श्रम गतिशीलता समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**

**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने शिखर वार्ता के बाद अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने के लिए 2030 तक का रणनीतिक आर्थिक रोडमैप घोषित किया। दोनों देशों ने गैर-शुल्क बाधाओं और नियामकीय अड़चनों को हटाकर भारतीय निर्यात बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही भारत-यूरेशियाई आर्थिक संघ मुक्त व्यापार समझौता और द्विपक्षीय निवेश संधि को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया। भारत और रूस ने श्रम गतिशीलता समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत रूस में निर्माण, इंजीनियरिंग और आईटी क्षेत्रों में अर्ध-कुशल और कुशल भारतीय श्रमिकों की भर्ती को आसान बनाया जाएगा। कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र के शेष रिएक्टरों को पूरा करने और दूसरे स्थल पर आगे की चर्चा पर सहमति बनी। रूस ने भारत को छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर टेक्नॉलजी में सहायता देने की इच्छा जताई। ऊर्जा क्षेत्र में रूस भारत का विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बना रहेगा, जिसमें तेल, गैस और कोयला शामिल हैं। उर्वरक आपूर्ति, शिप बिल्डिंग, ध्रुवीय क्षेत्रों में भारतीय नाविकों का प्रशिक्षण और फार्मास्युटिकल्स में सहयोग बढ़ाया जाएगा। भारत की बीडीआर



फार्मास्युटिकल्स रूस के कालुगा क्षेत्र में ट्यूमर-रोधी दवाओं का निर्माण करेगी। परिवहन और संपर्क मार्ग- दोनों नेताओं ने आईएनएसटीसी, उत्तरी समुद्री मार्ग और चेन्नई-व्लादिवोस्तोक गलियारे के माध्यम से संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया।

# इंडिगो की उड़ान अव्यवस्था का मुख्य कारण क्रू मैनेजमेंट में गंभीर कमी: नायडू

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने स्पष्ट किया है कि इंडिगो एयरलाइन में हाल में हुई उड़ान अव्यवस्था का मुख्य कारण उसकी क्रू मैनेजमेंट में गंभीर कमी है। मंत्री ने बताया कि डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने 1 नवंबर से नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियम लागू किए थे, जिनका पालन एयर इंडिया और स्पाइसजेट जैसी अन्य एयरलाइंस सुचारू रूप से कर रही हैं। लेकिन इंडिगो की टीम समय पर आवश्यक बदलाव नहीं कर पाई, जिससे बड़ी संख्या में उड़ानें प्रभावित हुईं। डीजीसीए ने स्थिति को सामान्य करने के लिए इंडिगो को एक बार की अस्थायी छूट प्रदान की है। इस छूट तहत रात 12 बजे से सुबह 6-50 बजे तक की नाइट ड्यूटी पर लागू कड़ी पाबंदियों को अस्थायी तौर पर हटाया गया है। यह राहत 10 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। अधिकारियों के अनुसार, पायलटों की कमी और ऑपरेशनल दबाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही पायलटों की छुट्टी को साप्ताहिक आराम के रूप में भी माना जाएगा, ताकि उड़ानों का संचालन सामान्य हो




सके। हालांकि, एयरलाइंस पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने डीजीसीए के इस कदम का विरोध किया है। संघ का कहना है कि सुरक्षा से जुड़े नियमों में ढिलाई देना गलत परंपरा को जन्म देगा। इंडिगो देश में लगभग 63 फीसदी बाजार हिस्सेदारी रखता है और उसके संचालन में आई गड़बड़ी से हजारों यात्री फंस गए। संसद में भी इस मुद्दे पर तीखी बहस देखने को मिली। इस बीच, केंद्र सरकार ने इंडिगो मैनेजमेंट को यात्रियों को तुरंत रिफंड जारी करने और भविष्य में ऐसी स्थिति न दोहराने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उथल-पुथल के बाद अब उड़ानें धीरे-धीरे बहाल हो रही हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि संचालन पूरी तरह सामान्य होने में कुछ दिन और लग सकते हैं। 6 दिसंबर 2025 के लिए दिल्ली से विभिन्न शहरों के हवाई किराए में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई है, जो हालात की गंभीरता को दर्शाती है।

# 'पल्सर हेट्रिक ऑफर' एक बार फिर लॉन्च

**नई दिल्ली ।**



स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो ने 'पल्सर हेट्रिक ऑफर' को एक बार फिर लॉन्च कर दिया है। दिसंबर का महीना आमतौर पर ऑटोमोबाइल खरीद का सबसे मजबूत समय माना जाता है, और ऐसे में यह ऑफर पल्सर खरीदारों के लिए एक बड़ा अवसर बनकर आया है। यह स्कीम तीन प्रमुख लाभों के साथ आती है, जिन्हें मिलाकर इसे 'हैट्रिक ऑफर' कहा गया है। सबसे पहले, हाल ही में लागू जीएसटी संशोधन का पूरा लाभ सीधे ग्राहकों को दिया जा रहा है, जिससे ऑन-रोड कीमत में कमी आती है। दूसरा लाभ यह है कि कंपनी ने फाइनेंस प्रोसेसिंग चार्ज पूरी तरह समाप्त कर दिए हैं, इसलिए लोन पर बाइक लेने वाले ग्राहकों को अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा। तीसरा लाभ इंश्योरेंस पर मिलने वाली बचत का है, जिससे कुल लागत और कम होती है। बजाज ऑटो का कहना है कि यह पूरा ऑफर बिना किसी हिडन चार्ज के उपलब्ध है, जिससे ग्राहक वास्तविक बचत महसूस करेंगे। कंपनी ने जानकारी दी है कि यह ऑफर पूरे भारत में उपलब्ध है और पल्सर रेंज के अधिकांश मॉडलों पर लागू होगा।

दिल्ली में जारी आंकड़ों के अनुसार, पल्सर 125 पर लगभग रुपए 10,900, एनएस125 एबीएस पर रुपए 12,200 और पल्सर एन 160 पर करीब रुपए 15,700 तक की बचत मिल सकती है। वहीं बजट सेगमेंट में लोकप्रिय प्लैटिना 110 पर भी रुपए 8,600 तक का लाभ दिया जा रहा है। बजाज का मानना है कि नए साल से पहले वाहन खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए यह सबसे अच्छा समय है। भारत में पल्सर सीरीज लंबे समय से युवाओं और फैमिली राइडर्स की पसंद रही है और इसकी मजबूती, परफॉर्मेंस और स्पोर्टी डिजाइन इसकी लोकप्रियता की बड़ी वजह हैं।

# आईसीआईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी का आईपीओ 12 से खुलेगा

**- निवेशकों में उत्साह, 19 दिसंबर को होगी लिस्टिंग**

**नई दिल्ली ।**

देश की दूसरी सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी अपना बहुप्रतीक्षित आईपीओ 12 दिसंबर को खोलने जा रही है। कंपनी ने शेयर बाजार में लिस्टिंग की प्रक्रिया को तेज करते हुए रजिस्ट्रार ऑफ कंपनियों (आरओसी) के साथ अपना रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) फाइल कर दिया है। हालांकि आईपीओ का आधिकारिक आकार अभी घोषित नहीं हुआ है, लेकिन बाजार सूत्रों का कहना है कि कंपनी लगभग 10,000 करोड़ रुपए जुटा सकती है। यह पूरा इश्यू ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा, जिसके तहत प्रमोटर प्रूडेंशियल कारपोरेशन होल्डिंग अपनी 4.89 करोड़ इक्विटी शेयरों (9.9 फीसदी) की हिस्सेदारी बेचेगी। आईपीओ में आईसीआईसीआई बैंक के शेयरधारकों के लिए 24.48 लाख शेयर रिजर्व रखे गए हैं। आईपीओ का एंकर बुक 11 दिसंबर को खुलेगा, जबकि पब्लिक इश्यू 12 से 16 दिसंबर तक निवेशकों के लिए उपलब्ध रहेगा। शेयरों का अलॉटमेंट 17 दिसंबर को होने की संभावना है और 19 दिसंबर से कंपनी के शेयर बीएसई और




एनएसई पर ट्रेडिंग शुरू कर देंगे। लिस्टिंग के बाद यह आईसीआईसीआई समूह की चौथी कंपनी बन जाएगी, जो स्टॉक मार्केट में सूचीबद्ध होगी।

# ग्रोक चैटबॉट पर बड़ा आरोप, यूजर्स का निजी डेटा लीक करने का खुलासा

**- फोन नंबर, ईमेल और लोकेशन तक शेयर कर रहा था एलन मस्क का एआई चैटबॉट**

**नई दिल्ली ।** एलन मस्क की कंपनी एक्सएआई द्वारा विकसित एआई चैटबॉट ग्रोक एक नई विवादित वजह से सुर्खियों में है। मीडिया आउटलेट फ्यू़ टि रिज्म की एक ताज़ा इन्वेस्टिगेशन में दावा किया गया है कि एक्स (पूर्व टिवटर) में इंटीग्रेटेड यह चैटबॉट ऐसे संवेदनशील पर्सनल डेटा को भी उजागर कर रहा है, जिसे किसी भी हाल में सार्वजनिक नहीं होना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि चैटबॉट केवल सेलिब्रिटी या पब्लिक फिगर की जानकारी ही नहीं, बल्कि आम यूजर्स के निजी विवरण भी शेयर कर रहा था। जांच के दौरान फ्यू़ टि रिज्म की टीम ने ग्रोक के फ्री वेब वर्जन में साधारण प्रॉम्प्ट जैसे- नाम, पता डालकर टेस्ट किया। परिणाम चौंकाने वाले थे। कुल 33 रैंडम नामों में से ग्रोक ने 10 लोगों के मौजूदा घर के सही पते बता दिए। इसके अलावा 7 एड्रेस ऐसे थे जो पहले सही थे, लेकिन अब पुराने हो चुके थे जबकि 4 जवाब ऑफिस एड्रेस बताए गए। यह जानकारी इतनी सटीक थी कि किसी भी व्यक्ति को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है, जो गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा करती है। रिपोर्ट के अनुसार कुछ चैट सेशन्स में ग्रोक इससे भी आगे बढ़ गया। कई बार उसने यूजर्स को उत्तर-ए और उत्तर-बी के रूप में दो विकल्प दिए, जिनमें दोनों में पूरा नाम, घर का पता और फोन नंबर शामिल थे। यहां तक कि जब केवल एड्रेस पूछा गया, तब भी ग्रोक ने फोन नंबर, ईमेल और फैमिली मेंबर्स की लोकेशन जैसी संवेदनशील जानकारी जेनरेट कर दी। यह विवाद एक्सएआई के लिए गंभीर नैतिक और कानूनी सवाल खड़ा करता है।

## बीओबी और बीओआई ने भी ब्याज दरें घटाई

**नई दिल्ली ।**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को रेपो रेट में कटौती किए जाने के बाद दो प्रमुख सरकारी बैंक- बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने बड़ा अपनी प्रमुख रेपो बेस्ड लेंडिंग रेट में कटौती कर दी, जिससे होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन लेने वाले ग्राहकों की ईएमआई में कमी आ सकती है। बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरबीएलआर) 8.35 फीसदी से घटाकर 8.10 फीसदी कर दी है। नई दरें 6 दिसंबर से प्रभावी हो गई हैं। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (बीआरएलएलआर) 8.15 से घटाकर 7.90 फीसदी कर दी है। यह दरें भी 6 दिसंबर से लागू हो गई हैं। इससे पहले इंडियन बैंक भी 3 दिसंबर से अपनी एमसीएलआर में 5 बेसिस प्वाइंट की कटौती कर चुका है।



## रिकॉर्ड दामों पर घरों से निकली 100 टन से ज्यादा पुरानी चांदी

**- लाखों से लेकर करोड़ों रुपये कमा रहे लोग**

**नई दिल्ली।** पिछले एक हफ्ते में देशभर में चांदी की असाधारण बिक्री देखने को मिली है। सामान्य रूप से एक महीने में जितनी चांदी बेची जाती है, उससे अधिक मात्राएं सिर्फ सात दिनों में बिक गईं। अनुमान के अनुसार कुल 100 टन से ज्यादा पुरानी चांदी बाजार में आई। यह बंपर बिक्री घरेलू और निवेश दोनों ही स्तर पर चांदी के बढ़ते आकर्षण को दर्शाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस अचानक बिक्री के पीछे सबसे बड़ी वजह चांदी की कीमतों का रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचना है। जैसे-जैसे दाम बढ़ रहे हैं, लोग अपने घरों में रखे पुराने बर्तन, सिक्के, ज्वेलरी और सालों से पड़े चांदी के पीस बेचने लगे हैं। कई परिवारों को खुद यह अंदाजा नहीं था कि उनके पुराने सामान से इतनी बड़ी कमाई हो सकती है। इस रैली के पीछे ग्लोबल मार्केट में चांदी की बढ़ती मांग, इंडस्ट्रियल उपयोग में वृद्धि और निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी को मुख्य कारण माना जा रहा है। बाजार के विश्लेषकों के अनुसार जैसे-जैसे दाम ऊपर जाते हैं, स्क्रैप सिल्वर की सप्लाई लगातार बढ़ रही है। चांदी की इस तेजी ने पुराने समय में खरीदी गई चांदी को भी आकर्षक रिटर्न में बदल दिया है। कई लोग इस मौके पर लाखों से लेकर करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह रैली जारी रहती है, तो घरेलू बाजार में और अधिक लोग अपने पुराने चांदी के सामान को बेचने के लिए प्रेरित होंगे।

## आरबीआई ने बीएसबीडी खातों के लिए फ्री सुविधाओं का दायरा बढ़ाया

**- नए नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे**




**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जीरो बैलेंस वाले बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) खातों के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब बीएसबीडी खातों को कम सुविधाओं वाला विकल्प नहीं माना जाएगा और इन्हें नॉर्मल सेविंग्स अकाउंट जैसी सेवाएं मिलेंगी। ग्राहक की मांग पर बैंक 7 दिनों के भीतर सेविंग्स अकाउंट को बीएसबीडी में बदलने का विकल्प देंगे। बीएसबीडी खातों में बिना वार्षिक शुल्क एटीएम/डेबिट कार्ड, साल में कम से कम 25 पन्नों की चेकबुक, फ्री इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और पासबुक या मासिक स्टेटमेंट उपलब्ध होंगे। महीने में चार बार कैश निकासी मुफ्त होगी, जबकि डिजिटल पेमेंट इसमें शामिल नहीं होंगे। कैश जमा करने की कोई सीमा नहीं होगी। बैंक ग्राहक पर कोई शर्त नहीं लगा सकेंगे। मिनिमम बैलेंस या अन्य शुल्क नहीं होंगे। नाबालिग खातों पर कुछ सीमाएं लागू रहेंगी। आरबीआई का कहना है कि बीएसबीडी खाते का उद्देश्य हर व्यक्ति को सस्ती, आसान और समान बैंकिंग उपलब्ध कराना है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में सप्ताहभर रहा उतार-चढ़ाव

**- आरबीआई की ब्याज दर कटौती और तरलता उपायों से बाजार में आई मजबूती**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह उतार-चढ़ाव का सामना किया। सप्ताह की शुरुआत में बाजार में दबाव रहा, लेकिन सप्ताह के अंत तक सरकारी नीतियों और आर्थिक उपायों के सकारात्मक संकेतों से मजबूती देखने को मिली। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही सप्ताह के दौरान शुरुआती गिरावट के बाद शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद हुए। निवेशकों की नकारात्मक धारणा, विदेशी फंडों की निकासी और बैंकिंग शेयरों में दबाव सप्ताह की शुरुआत में प्रमुख कारक रहे। वहीं सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन आरबीआई की ब्याज दर में कटौती और तरलता बढ़ाने के कदम से निवेशकों का उत्साह बढ़ा और बाजार सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुआ। सोमवार और मंगलवार को सेंसेक्स क्रमशः 64.77 और 503.63 अंक गिरकर 85,641.90 और 85,138.27 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी सोमवार को 27.20 अंक और मंगलवार को 143.55 अंक गिरकर क्रमशः 26,175.75 और 26,032.20 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी और घरेलू आर्थिक दबाव, ब्लू-चिप बैंक शेयरों में कमजोरी और निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली ने बाजार में नकारात्मक माहौल बनाया। बुधवार और गुरुवार को बाजार ने मामूली सुधार दिखाया। बुधवार को




सेंसेक्स 31.46 अंक गिरकर 85,106.81 पर और निफ्टी 46.20 अंक गिरकर 25,986.00 पर बंद हुआ।

हालांकि गुरुवार को शुरुआती गिरावट के बावजूद सेंसेक्स 158.51 अंक बढ़कर 85,265.32 पर और निफ्टी 47.75 अंक बढ़कर 26,033.75 पर बंद हुआ। इस दौरान निवेशकों ने गिरावट पर खरीदारी की, जिससे बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला। शुक्रवार को बाजार में मजबूती देखने को मिली। सेंसेक्स 447.05 अंक बढ़कर 85,712.37 अंक पर बंद हुआ और निफ्टी 152.70 अंक बढ़कर 26,186.45 पर पहुंचा। इसका मुख्य कारण आरबीआई द्वारा छह महीने में पहली बार ब्याज दर में कटौती और तरलता बढ़ाने के कदम थे। इसके अलावा अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक आर्थिक नीतियों के मद्देनजर निवेशकों में उत्साह देखा गया।

## सरकार ने इंडिगो संकट के बीच हवाई किराए पर फेयर कैप लागू किया

**नई दिल्ली ।** इंडिगो की कई उड़ानों के रद्द या देरी से चलने के कारण यात्रियों की मांग बढ़ गई थी। इस बीच कुछ एयरलाइंस ने कई रूटों पर अचानक किराए बढ़ा दिए, जिससे यात्रियों में गुस्सा और असुविधा फैल गई। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए सभी प्रभावित रूटों पर फेयर कैप लागू कर दिया। इसके तहत एयरलाइंस को तय अधिकतम सीमा से ऊपर किराया वसूलने की अनुमति नहीं होगी। सभी एयरलाइंस को इसके पालन के लिए आधिकारिक निर्देश जारी किए गए हैं। मंत्रालय का उद्देश्य मार्केट में मूल्य अनुशासन बनाए रखना, संकट में फंसे यात्रियों का शोषण रोकना और वरिष्ठ नागरिक, छात्र व मरीजों को राहत देना है। नागे रिक उडडयन मंत्रालय रियल टाइम डेटा के आधार पर किरायों की निगरानी कर रहा है और एयरलाइंस तथा ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म्स के साथ समन्वय भी जारी है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# भारत में आईपीओ बाजार ने तोड़ा 18 साल का रिकॉर्ड

**- इस साल 100 से अधिक आईपीओ आए, कंपनियों ने जुटाए कुल 1.7 लाख करोड़**

**मुंबई ।**

इस साल भारत के मेनबोर्ड पर प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की संख्या 2007 के बाद पहली बार 100 के पार जाने वाली है। अब तक 96 कंपनियों ने आईपीओ के माध्यम से पूंजी जुटाई है। इस सप्ताह पार्क मेडि वर्ल्ड, कोरोना रेमेडीज़, नेफ्रोकेयर हेल्थ और वेकफिट इनोवेशन के आईपीओ की घोषणा के बाद कुल आईपीओ की संख्या 100 पार हो गई। कंपनियों ने इस साल आईपीओ के जरिए 1.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई है। यह पिछले साल के 91 IPOs से जुटाए गए 1.59 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को भी पार करता है। यह पहली बार है कि भारत में लगातार दूसरे साल प्राइमरी बाजार से रिकॉर्ड पूंजी जुटाई गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, सेकेंडरी मार्केट में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद आईपीओ बाजार लचीला और मजबूत बना हुआ है। जून से हर महीने कम से कम 8 नए आईपीओ आए हैं। जुलाई और अगस्त में निफ्टी और मिडकैप/स्मॉलकैप सूचकांकों में गिरावट के बावजूद 25 कंपनियों ने आईपीओ के जरिए 26,579 करोड़ रुपये जुटाए।

इस साल बड़ी कंपनियों के आईपीओ में टाटा कैपिटल




(15,512 करोड़), एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (11,604 करोड़), लेंसकार्ट सॉल्यूशंस (7,278 करोड़) और ग्रो पैरेंट/बिलियन ब्रेन गैराज वेंचर्स (6,632 करोड़) शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह उछाल घरेलू संस्थागत निवेशकों के मजबूत प्रवाह और कंपनियों की उच्च आत्मविश्वास वाली मूल्यांकन क्षमता को दर्शाता है। निजी इक्विटी निवेशकों की हिस्सेदारी बेचने की आवश्यकता ने भी बाजार को गति दी।

## इंटीग्रेटेड का शेयर ने पांच साल में निवेशकों को दिया अधिक रिटर्न

**- पांच साल में एक लाख बना 5.96 करोड़**

मुंबई । इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर ने पिछले पांच सालों में निवेशकों को हैरान कर देने वाला प्रदर्शन किया है। दिसंबर 2020 में यह शेयर मात्र 0.50 पर था, जो अब 29.80 रुपए तक पहुंच गया है। इस आधार पर, पांच साल पहले 1 लाख निवेश करने वाले निवेशक आज लगभग 5.96 करोड़ रुपए के मालिक बन चुके हैं। यह गणना स्टॉक स्प्लिट और बोनस शेयर को शामिल किए बिना की गई है। कंपनी ने 1 सितंबर 2024 को 10 रुपए फेस वैल्यू वाले शेयर को 1 रुपए में स्प्लिट किया और अप्रैल 2024 में 1:1 अनुपात में बोनस शेयर बांटे। इन कॉर्पोरेट कार्रवाइयों के बाद लंबी अवधि के निवेशकों को अतिरिक्त लाभ मिला, जिससे वास्तविक रिटर्न इससे भी अधिक हो गया। हाल ही में बीएसई पर शेयर 5 फीसदी बढ़कर 29.80 तक गया। पिछले 6 महीनों में स्टॉक ने 19 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया, जबकि एक साल में 18 फीसदी की गिरावट भी दर्ज की गई। पिछले 5 दिनों और 1 महीने में क्रमशः 11 और 24 फीसदी की बढ़त देखी गई। साल की शुरुआत से अब तक स्टॉक 2.23 फीसदी ऊपर है।

## क्विक कॉमर्स कंपनी जेप्टो ने अपना नाम बदला




**मुंबई ।** क्विक कॉमर्स कंपनी जेप्टो ने अपना नाम जेप्टो प्राइवेट लिमिटेड से बदलकर जेप्टो लिमिटेड कर लिया है। कंपनी अब पब्लिक लिमिटेड कंपनी बन चुकी है और इसके शेयरहोल्डर्स ने इस बदलाव के लिए स्पेशल रिजॉल्यूशन मंजूर किया है। जेप्टो का आईपीओ 2026 में लॉन्च होने की संभावना है। इसके तहत कंपनी लगभग 4,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। आईपीओ के लिए कंपनी ने गोल्डमैन सैक्स, मॉर्गन स्टेनली और जेएम फाइनेंशियल को मर्चेंट बैंकर चुना है। कंपनी ने हैडक्वार्टर सिंगापुर से भारत स्थानांतरित कर दिया है। पहले जेप्टो 2025 में लिस्ट होने की योजना बना रही थी, लेकिन इसे कुछ महीने आगे बढ़ाया गया।

# दलितों-गरीबों के घर टूटे, माफिया की इमारतें सलामत

## पप्पू यादव बोले- बिहार में बुलडोजर राज है, प्रशासन हिटलर की तरह बर्ताव कर रहा



**पूर्णिया।** सांसद पप्पू यादव ने बिहार में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को अमानवीय बताते हुए सरकार और प्रशासन पर हमला बोला है। सांसद ने कहा कि अगर सरकार दो महीने के भीतर प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था नहीं करती, तो वे खुद 2-2 डिसमिल जमीन खरीदकर 500 बेघर परिवारों को बसाएंगे। अर्जुन भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे बिहार में छोटे व्यापारियों, दलितों, गरीबों, कमजोर तबकों और फुटपाथ पर जीवन गुजारने वाले परिवारों को बिना नोटिस और बिना पुनर्वास उजाड़ा जा रहा है। जबकि बड़े-बड़े भू-माफिया और प्रभावशाली लोग सुरक्षित हैं। लोकसभा में भी यह मुद्दा उठाया गया है और प्रशासनिक मनमानी पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं। नालंदा, बेगूसराय, पटना, पाटलिपुत्र, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा, पूर्णिया में गरीबों के घर और दुकानें उजाड़ दी गईं। लेकिन सरकारी जमीन पर बने महंगे कॉम्प्लेक्स, होटल और अस्पताल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूर्णिया शहर में वेडिंग जोन और फूड प्लाजा जैसी सुविधाएं वर्षों से तैयार हैं, लेकिन दुकानदारों को आवंटित नहीं की जा रहीं। वहीं, खुश्कीबाग और गुलाबबाग जैसे इलाकों में बिना नक्शा पास किए तीन-चार मंजिला इमारतें खड़ी हैं। मगर प्रशासन उन्हें छूता तक नहीं। सांसद ने अरोरा गुहा बस्ती का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां 150 दलित परिवार पीढ़ियों से रहते आए हैं। सड़क एमएलए फंड से बनी, बिजली का बिल नियमित भरा जाता रहा और कई घरों को इंदिरा आवास भी मिला। इसके बावजूद बिना कानूनी नोटिस दिए पूरी बस्ती उजाड़ दी गई।पप्पू यादव ने बेगूसराय की महादलित बस्ती पर कार्रवाई का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 500 परिवारों को बेघर कर दिया गया और महिलाओं-बुजुर्गों पर लाठीचार्ज तक किया गया, जो मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। छह पुश्तों से रह रहे परिवारों को अचानक अवैध ठहराकर घर तोड़ दिए जा रहे हैं। बिना पुनर्वास के किसी गरीब, दलित, ठेला-पटरी वाले या छोटे दुकानदार को उजाड़ने की कार्रवाई तुरंत रोकी जाए। गांवों में कम से कम 5 डिसमिल जमीन और शहरों में दुकानें आवंटित किए बिना कार्रवाई करना पूरी तरह गैरकानूनी है।प्रशासन बुलडोजर सरकार की तरह बर्ताव कर रहा है, जो हिटलर व चंगेज खां से भी अधिक कठोर प्रतीत होता है। इस संबंध में पूर्णिया डीएम से भी बातचीत की है और स्पष्ट कहा है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे पप्पू यादव ने कहा कि यदि सरकार गरीबों के पुनर्वास की स्पष्ट नीति नहीं बनाती और प्रभावित लोगों को राहत नहीं मिलती, तो वे सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई ले जाएंगे। उन्होंने यह भी मांग की कि सभी जिलों में हुई कार्रवाई की जांच कराई जाए और बिहार के मंत्रियों, नेताओं, डॉक्टरों व पदाधिकारियों की संपत्तियों का सत्यापन किया जाए।

## गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने लॉन्च किया सिटीजन सर्विस पोर्टल



**पटना।** बिहार पुलिस ने आम लोगों को बेहतर और त्वरित सेवाएं देने के उद्देश्य से 'सिटीजन सर्विस पोर्टल' लॉन्च किया है। शनिवार को पुलिस मुख्यालय में गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने इसका उद्घाटन किया। गृह मंत्री ने कहा कि 'सरकार का लक्ष्य है कि पुलिस सेवाएं अब डिजिटल माध्यम से सीधे लोगों के घर तक पहुंचें, जिससे नागरिकों को छोटी प्रक्रियाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।' सिटीजन सर्विस पोर्टल क्या है? गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि यह पोर्टल बिहार पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे नागरिकों के समय, ऊर्जा और धन तीनों की बचत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह डिजिटल व्यवस्था पुलिस को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाएगी। सिटीजन सर्विस पोर्टल पर क्या सर्विस मिलेगी? इस नए पोर्टल के जरिए नागरिक पुलिस सत्यापन, ई-शिकायत पंजीकरण, खोया-पाया की सूचना और अन्य कई सेवाओं का लाभ ऑनलाइन ले सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार, शिकायत ऑनलाइन दर्ज होते ही संबंधित थाने को सूचित किया जाएगा। थाना स्तर पर प्रारंभिक जांच के बाद यदि मामला सही पाया जाता है, तो एफआईआर भी दर्ज की जा सकेगी। पोर्टल को इस तरह डिजाइन किया गया है कि शिकायतकर्ता अपने आवेदन का स्टेटस वास्तविक समय में ट्रैक कर पाएगा। उद्घाटन समारोह में बिहार के डीजीपी विनय कुमार, एडीजी कुंदन कृष्णन और बिहार पुलिस मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जानकारी दी कि भविष्य में इस पोर्टल में और भी सेवाएं जोड़ी जाएंगी, ताकि अधिकतम सरकारी प्रक्रियाएं एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकें। यह पोर्टल बिहार में पुलिसिंग को नई दिशा देगा और नागरिकों की भागीदारी व विश्वास को मजबूत करेगा। यह कदम न केवल तकनीकी बदलाव लाएगा, बल्कि शासन में पारदर्शिता और सुगमता का भी नया अध्याय साबित होगा।

## तेजप्रताप के निजी आवास का 3.56 लाख बिजली बिल बकाया



**पटना।** लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने अपने बेउर वाले निजी मकान का 3 साल से बिजली बिल नहीं भरा है, लेकिन वो बिजली का उपयोग करते रहे। इस दौरान उनके मकान का बिजली बिल 3 लाख 61 हजार रुपए का बकाया हो गया है। अब सवाल यह है कि बिहार के हर एक मकान में स्मार्ट मीटर लगा है, ताकि किसी बिजली उपभोक्ता पर बिजली बिल बकाया नहीं रहे। स्मार्ट मीटर का रिचार्ज खत्म होते ही बिजली कनेक्शन कट जाता है। लेकिन तेज प्रताप यादव के निजी मकान का बिजली कनेक्शन अब तक पोस्टपेड है। इसमें बिजली उपयोग करने के बाद बिल जमा करना पड़ता है। दरअसल, बेउर के तेजप्रताप नगर में पूर्व विधायक का खुद का घर है। इसमें लगे बिजली कनेक्शन का कंज्यूमर खाता संख्या 101232456 है। इस कनेक्शन पर 2022 से नवंबर 2025 तक कोई बिल नहीं जमा किया गया है। तीन साल से बिजली बिल बकाया होने के बावजूद कनेक्शन नहीं काटा गया है। जानकारी के मुताबिक, इस घर में तेज प्रताप का आना जाना लगा रहता है। हालांकि, वो अपने सरकारी आवास में रहते हैं। जुलाई 2022 में आखिरी बार जमा हुआ था बिल तेजप्रताप यादव ने आखिरी बार अपना बिजली बिल 20 जुलाई 2022 में जमा किया था। बिजली बिल के मुताबिक तेजप्रताप ने जुलाई 2022 में 1 लाख 4 हजार 799 रुपए जमा किया था। इसके बाद आजतक बिजली बिल जमा नहीं किया गया।तेजप्रताप नगर के मकान में तेजप्रताप यादव के नाम से बिजली का कनेक्शन 7 जुलाई 2012 को लगा था, जिसका कंज्यूमर आईडी 010204475009 है। यह कनेक्शन तीन फेज का है और एरिया टाइप अर्बन है। तेजप्रताप यादव के आवास का नया बिजली बिल नवंबर 2025 का है। इस बिल के मुताबिक, ऊर्जा बकाया 230160.54 रुपए है। विलंब शुल्क 23681.59 रुपए है। अन्य प्रभार 71142.15 रुपए है। कुल बकाया 324974.28 रुपए है। नवंबर महीने का बिजली बिल 4519.39 रुपए का है। 25 नवंबर तक बिजली बिल की बकाया राशि 356135 है। 25 हजार से ज्यादा बकाया रहने पर कटता है कनेक्शन मौजूदा नियम के अनुसार, अगर किसी भी व्यक्ति का बिजली बिल 25 हजार रुपए से ज्यादा हो जाता है, तो उसका कनेक्शन काट दिया जाता है। हालांकि तेजप्रताप यादव के मामले में यह नियम लागू नहीं होता। तेजप्रताप यादव का बिल 3 लाख 56 हजार रुपए से ज्यादा है, लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं काटा गया है। जनप्रतिनिधि को किसी तरह की छूट नहीं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक अरविंद कुमार ने कहा कि बिजली विभाग की ओर से किसी जनप्रतिनिधि या नेता को कोई छूट नहीं दी जाती है। यहां सिर्फ हम कंज्यूमर आईडी जानते हैं। इसके अलावा किसी व्यक्ति को नहीं जानते।महाप्रबंधक अरविन्द कुमार ने 30 नवंबर को सभी अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंताओं को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि पुराने बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। निःशुल्क 125 यूनिट बिजली योजना के कारण लोग पिछले बकाए का भुगतान नहीं कर रहे हैं। जबकि उस पर 1.5% मासिक ब्याज भी लग रहा है। राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए बिजली कंपनी ने हर प्रशाखा में चार महीने के लिए तीन-तीन कर्मियों को दैनिक पारिश्रमिक पर रखने का निर्णय लिया है, जिन्हें हर माह 15 हजार रुपए मिलेंगे। ये कर्मी मार्च 2026 तक ई-वॉलेट के जरिए हर दिन 30 बड़े बकाएदारों के घर जाएंगे।तेजप्रताप यादव के बकाया बिजली बिल की राशि देखने पर सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या श्श्क्ध उपभोक्ताओं पर नियम लागू नहीं होता? जहां आम उपभोक्ता का रिचार्ज खत्म होते ही बिजली कट जाती है और जब तक बिल जमा नहीं होता, तब तक घर में अंधेरा रहता है।

## इंजीनियरिंग के छात्र को वाहन ने मारी टक्कर, हंगामा



**अररिया।** पॉलिटेक्निक कॉलेज से मेकेनिकल इंजीनियरिंग के फाइनल ईयर की परीक्षा देकर निकले छात्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे छात्र चंदन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे से गुस्साए सैकड़ों साथी छात्रों ने अररिया-पूर्णिया एनएच-27 पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास हंगामा कर जाम लगा दिया। इस दौरान छात्रों ने सड़क पर टायर जलाकर आगजनी की। इसके चलते एक घंटे तक हाईवे जाम रहा। जिसके कारण तीन किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई। घटना की जानकारी मिलने पर नगर थानाध्यक्ष, यातायात थानाध्यक्ष पहुंचे और छात्रों को समझाने का प्रयास किया। छात्रों का कहना था कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल ने घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाने में मदद नहीं की। घटना के बाद सदर एसडीओ रवि प्रकाश, सदर एसडीपीओ सुशील कुमार भी मौके पर पहुंचे और समझा-बुझाकर छात्रों को शांत कराया। इसके बाद यातायात सुचारु हो पाया। जानकारी के अनुसार छात्र जहानाबाद जिले के कनौली गांव का रहने वाला चंदन कुमार है। वह किशनगंज पॉलिटेक्निक कॉलेज में डिप्लोमा मैकेनिकल फाइनल ईयर का छात्र हैं। चंदन अररिया पॉलिटेक्निक कॉलेज में परीक्षा देने पहुंचा था। परीक्षा देकर जैसे ही बाहर निकला गलत साइड से आ रहे अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ व 3 थाने की पुलिस पहुंची हादसे के बाद आक्रोशित छात्रों ने हाईवे पर हंगामा कर प्रदर्शन करने लगे।

## दोस्त की हत्या के बाद बाल मुंडवाए, कहा-सूतक लगा है


चंदन कुमार मृतक

**पटना।** तीन बच्चों की मां से अवैध संबंध के चक्कर में BA के स्टूडेंट बेगूसराय के रहने वाले 20 साल के नंदन कुमार की भागलपुर में हत्या हो गई। नंदन 27 नवंबर को सुबह 8 बजे से लापता था। 8वें दिन नंदन कुमार की लाश उसकी प्रेमिका की ससुराल से 500 मीटर दूर खेत में मिली। नंदन की हत्या के बाद सभी आरोपी फरार हैं। नंदन जिस 3 बच्चों की मां से प्यार करता था, वो उसके बचपन के दोस्त की बड़ी बहन थी। भागलपुर में पोस्टमॉर्टम के बाद गुरुवार सुबह नंदन की लाश बेगूसराय के बलिया थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव लाई गई और साहेबपुर कमाल के मल्हीपुर-मुंगेर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। नंदन और 3 बच्चों की मां के बीच कब से अफेयर था, अफेयर कैसे शुरू हुआ, नंदन को किसने और कब गायब किया, उसकी हत्या कैसे हुई, बॉडी किस हाल में पाई गई, पढ़ें हत्या के बाद दोस्त ने बाल मुंडवाए ।नकारी के अनुसार नंदन की हत्या 27 नवंबर की रात ही कर दी गई थी और लाश को प्रेमिका की ससुराल से करीब 500 मीटर दूर पानी लगे धान के खेत में ठिकाने लगाया गया। ॡउसके बाद उसका दोस्त राजा 28 नवंबर को अपने गांव लौटा। सुबह में एक सैलून में उसने बाल मुंडवा लिए, कहा था कि एक सूतक हो गया है। बाल मुंडवाने के दौरान उसके साथ तीन और युवक थे, जो 27 नवंबर की सुबह में साथ ही गए थे।तीन बच्चों की मां से अवैध संबंध के चक्कर में इअ के स्टूडेंट बेगूसराय के रहने वाले 20 साल के नंदन कुमार की भागलपुर में हत्या हो गई। नंदन 27 नवंबर को सुबह 8 बजे से लापता था। 8वें दिन नंदन कुमार की लाश उसकी प्रेमिका की ससुराल से 500 मीटर दूर खेत में मिली। नंदन की हत्या के बाद सभी आरोपी फरार हैं। नंदन जिस 3 बच्चों की मां से प्यार करता था, वो उसके बचपन के दोस्त की बड़ी बहन थी। भागलपुर में पोस्टमॉर्टम के बाद गुरुवार सुबह नंदन की लाश बेगूसराय के बलिया थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव लाई गई और साहेबपुर कमाल के मल्हीपुर-मुंगेर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।जानकारी के अनुसार नंदन की हत्या 27 नवंबर की रात ही कर दी गई थी और लाश को प्रेमिका की ससुराल से करीब 500 मीटर दूर पानी लगे धान के खेत में ठिकाने लगाया गया। उसके बाद उसका दोस्त राजा 28 नवंबर को अपने गांव लौटा। सुबह में एक सैलून में उसने बाल मुंडवा लिए, कहा था कि एक सूतक हो गया है। बाल मुंडवाने के दौरान उसके साथ तीन और युवक थे, जो 27 नवंबर की सुबह में साथ ही गए थे। जानकारी के अनुसार नंदन की हत्या 27 नवंबर की रात ही कर दी गई थी और लाश को प्रेमिका की ससुराल से करीब 500 मीटर दूर पानी लगे धान के खेत में ठिकाने लगाया गया। उसके बाद उसका दोस्त राजा 28 नवंबर को अपने गांव लौटा। सुबह में एक सैलून में उसने बाल मुंडवा लिए, कहा था कि एक सूतक हो गया है। बाल मुंडवाने के दौरान उसके साथ तीन और युवक थे, जो 27 नवंबर की सुबह में साथ ही गए थे नंदन बलिया थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव के रहने वाले किशोर यादव का सबसे छोटा बेटा था। नंदन और गांव के ही रहने वाले राजा नाम के लड़के के बीच काफी गहरी दोस्ती थी।

## 10 जिलों का पारा 10°C से कम, औरंगाबाद में 7° तापमान

**पटना।** बिहार में पछुआ हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। बेगूसराय, गोपालगंज, बक्सर, बेतिया में सुबह-सुबह कोहरा छाया हुआ है। पछुआ हवा चल रही है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।प्रदेश के ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान लगातार गिर रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आज से कई हिस्सों में ठंडी पछुआ हवा चल रही है। हवा की रफ्तार 20ङट/ल्र है। हवा की दिशा बदलने से रात और सुबह का तापमान में गिरावट आएगी। पिछले 24 घंटे में औरंगाबाद का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया, जो इस सीजन का सबसे कम तापमान है। 10 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। इसमें गया, नवादा, शेखपुरा, कैमूर और रोहतास में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। कोहरे की वजह से 8 ट्रेनें लेट चल रही हैं। एक को कैंसिल किया गया है, जबकि एक रीशेड्यूल हुई है।मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, बिहार के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान 7 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं, अधिकतम तापमान 24 से 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। सुबह और देर रात के समय ठंड अधिक महसूस होगी, जबकि दोपहर में हल्की धूप लोगों को राहत दे सकती है। हालांकि, हवा की ठंडक के कारण दिन में भी ठिठुरन महसूस होगी। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि, उत्तर-पश्चिम दिशा से ठंडी हवा बिहार में प्रवेश कर रही हैं, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि, अभी शीतलहर की स्थिति नहीं बनेगी, लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। अगले कुछ दिनों में खासकर मैदानी इलाकों में सुबह में कोहरा बढ़ सकता है,





जिससे विजिबलिटी प्रभावित होगी। दिसंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड और बढ़ेगी। रात के तापमान में गिरावट जारी रहने की वजह से किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।राजधानी में भी ठंड का असर दिखने लगा है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 11-13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सुबह हल्का कोहरा छाया रहेगा। हालांकि दिन चढ़ते ही धूप निकलेगी और लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। डेली मजदूरी करने वाले लालबाबू पासवान ने कहा, मौसम बहुत खराब है। पछुआ हवा चल रही है। मजदूरी करने में परेशानी हो रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### हां, मैंने ही सुपारी दी और गलत लड़की मर गई



**पटना।** मेरा घर बर्बाद हो रहा था, मुझे लगा मैं उसे रास्ते से हटा दूंगी तो मेरा परिवार बच जाएगा। मेरे पति फिर मुझसे प्यार करने लग जाएंगे। लेकिन एक गलती ने सब कुछ बिगाड़ दिया, मैंने तीन लाख में सुपारी दी थी, शूटर ने गलत लड़की का मर्डर कर दिया। वो दोनों एक जैसी स्कूटी से आती थीं, इसी कन्फ्यूजन में उसकी हत्या हो गई।' ये कबूलनामा हुस्न आरा का है, जिसने अपने पति की गर्लफ्रेंड की हत्या की साजिश में एक गलत लड़की का मर्डर करवा दिया। वो गलत लड़की अररिया में BPSC टीचर शिवानी वर्मा थी। वो यहां दो साल से पढ़ा रही थी। पुलिस ने दो दिन में 500 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले, आरोपियों का रूट ट्रैस किया। बाइक बरामद की और वीडियो के आधार पर अपराधियों को गिरफ्तार किया। सबसे पहले जानिए क्या था पूरा मामला अररिया में 3 दिसंबर को BPSC टीचर शिवानी वर्मा की हत्या कर दी गई। 25 वर्षीय शिवानी सुबह स्कूल पढ़ाने के लिए जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। पुलिस मामले की जांच शुरू की तो वो भी हैरान रह गइ पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शूटर ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि, हुस्न आरा ने अपने पति की गर्लफ्रेंड को रास्ते से हटाने के लिए 3 लाख की सुपारी दी थी। लेकिन घटना वाले दिन वो लड़की छुट्टी पर थी। उसी रूट पर लाल स्कूटी से आने वाली दूसरी शिक्षिका शिवानी को गोली गोली मार दी। परिवार टूट रहा था, इसलिए हत्या की साजिश रची हुस्न आरा ने पुलिस को बताया कि, मेरा परिवार टूट रहा था, इसलिए मर्डर की साजिश रची। मुझे अपने पति पर शक नहीं था। पर पिछले तीन महीनों से उनके व्यवहार में अजीब बदलाव आया। वो घर देर से आते थे। घर में चुप रहते थे। फोन को छुपाकर रखते थे। एक दिन मैंने गलती से उनका फोन खोल लिया और उसमें एक महिला टीचर के मैसेज थे-कल स्कूल के बाहर मिलना। इसके बाद मेरा शक गहराता चला गया। काले रंग की स्कूटी से स्कूल आती-जाती थी हुस्न आरा ने आगे बताया कि, मैंने एक दिन पति से पूछा। वे टालते रहे। मुझे लगा एक दूसरी औरत मेरी जिंदगी में आ गई है। मैंने उस लड़की की तलाश की। उस लड़की को काले रंग की स्कूटी से स्कूल से आते-जाते देखा था। इसके बाद मैंने राजा नाम के एक आदमी से बात की। उससे पूछा, क्या इसको रास्ते से हटाया जा सकता है? उसने हां कह दिया। दो लड़के देने का आश्वासन दिया, मारूफ और सोहैल। फिर उस लड़की को रास्ते से हटाने का फैसला किया। 3 लाख रुपए में दोनों लड़कों से सुपारी तय हुई। एडवांस रकम दिया। इसके बाद फोटो दी और रास्ता बताया। 3 दिसंबर की सुबह फोन आया-काम हो गया। कुछ मिनटों तक मैं चुप रही। फिर टीवी पर खबर आई-शिक्षिका शिवानी वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। फिर राजा ने कहा-गलत लड़की मर गई। 3 लाख की लालच में हत्या की मारूफ ने पुलिस को बताया, 'हुस्न आरा जब मेरे पास पहली बार आई, तो मैंने सोचा-ये कोई मामूली लड़ाई है। उसने 3 लाख रुपए देने का भरोसा दिया। इस रुपए की लालच में पड़ गया। हमने दो दिन रेकी की। 3 दिसंबर की सुबह हमने FZ बाइक निकाली और उसके रूट पर लग गए। पहली लड़की दिखी। सोहैल बोला-यही है। मैंने कहा-कन्फर्म? उसने कहा-लाल स्कूटी वाली यही है। हमने बाइक ओवरटेक की। लड़की को शक भी नहीं हुआ। मैंने कमर से कट्टा निकाला, हेलमेट के पास से गोली चला दी। गोली उसकी गर्दन में लगी। वो गिर गई। हम भाग निकले। शाम तक पता चला कि हमने गलत लड़की को मारा दिया है। हुस्न आरा ने रोते हुए हमसे मिली थी सुहैल ने पुलिस की पूछताछ में बताया, हुस्न आरा ने रोते हुए मेरे पास आई थी। उसने एक लड़की की हत्या की सुपारी दे रही थी। इसके बाद सोचा पैसे मिल रहे है। इसलिए मैने हत्या की सुपारी ले ली।

### 2 आभूषण दुकानों का शटर तोड़ 3 किलो चांदी और 75 ग्राम सोने के गहनों की चोरी

**पटना।** भेल्दी क्षेत्र के सोनहो बाजार स्थित ग्रामीण बैंक के सामने रात चोरों ने दो आभूषण दुकानों का शटर तोड़ कर करीब 3 किलो चांदी और 75 ग्राम सोने के जेवरात सहित नगद पर हाथ साफ कर दिया। सर्दी बढ़ने के साथ चोरों की सक्रियता और पुलिस की निष्क्रियता ने दुकानदारों की सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह कि जिस इलाके में चोरी हुई, वहीं रात्री गश्ती और चौकीदार की तैनाती रहती है। इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी हो जाना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। चोरी का पता तब चला जब सुबह आसपास के दुकानदारों ने पीड़ितों को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मुस्कान ज्वेलर्स के संचालक मनीष कुमार और आर.के. ज्वेलर्स के रंजीत साह मौके पर पहुंचे और देखा कि उनकी दुकानों के बगल की गली में लगे शटर को लोहे की मजबूत रॉड से तोड़ा गया है। चोर उसी रास्ते से दुकान के अंदर घुसे और सोना-चांदी सहित नगद पर हाथ साफ कर फरार हो गए। दुकानदारों ने बताया कि चोरी करने से पहले चोरों ने दुकान की बाहरी लाइट हटाकर अंधेरा कर दिया था, जिससे उन्हें किसी ने देखना भी मुश्किल हो गया। दुकानदारों ने स्पष्ट कहा कि इलाके में चौकीदार होने और बैंक के सामने होने के बावजूद चोरी हो जाना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि ठंड के समय अपराधी अधिक सक्रिय रहते हैं, लेकिन पुलिस की ओर से सुरक्षा बढ़ाने का कोई ठोस प्रयास नहीं होता। दुकानदारों ने जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन करने, चोरी गए सामान की बरामदगी करने और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। पीड़ित दुकानदारों ने थाना में आवेदन देकर चोरी गए सामान का विवरण भी दिया है। मनीष कुमार ने 1 किलो चांदी और 25 ग्राम सोने के जेवर चोरी होने की बात कही है, जबकि रंजीत साह ने 2 किलो चांदी और 50 ग्राम सोने के आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद से पूरे बाजार में दहशत और आक्रोश का माहौल है। दुकानदारों का कहना है कि यदि पुलिस गश्ती सक्रिय होती तो इतनी बड़ी चोरी संभव नहीं थी। अब उनकी सुरक्षा केवल कागजों पर रह गई है।

### जिले में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**अररिया।** अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार झा की अध्यक्षता में 4 दिसंबर 2025 की देर शाम उनके कार्यालय कक्ष में राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी (राजस्व) चंद्रशेखर यादव, भूमि सुधार उप समाहर्ता फारबिसगंज अमित कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया एस. प्रतीक तथा सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राजस्व एवं भूमि संबंधी कार्यों की प्रगति, न्यायालयों द्वारा दिए गए आदेशों के अनुपालन और निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके साथ ही म्यूटेशन, परिमार्जन, सरकारी भूमि का म्यूटेशन, ई-मापी कार्य और राजस्व वसूली की स्थिति पर विभागवार जानकारी ली गई। अपर समाहर्ता ने प्रखंडवार लंबित मामलों पर चिंता जताते हुए सभी अधिकारियों को इन्हें शीघ्रता से निपटाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। सभी अधिकारी समयबद्धता, पारदर्शिता और नियमानुसार कार्य सुनिश्चित करें।



# विश्व की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल है इंडिया गेट

**इंडिया गेट जो विश्व की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल एक द्वार है और यह दिल्ली में स्थित है.हर साल लाखों सैलानी इस द्वार को देखने आते हैं.हर साल 26 जनवरी के दिन इंडिया गेट के सामने गणतंत्र दिवस की परेड कराई जाती है.**

जी हां दोस्तों आज का हमारा लेख इंडिया गेट से संबंधित है.आज हम आपको इंडिया गेट से जुड़े वे सभी रोचक तथ्य बताने जा रहे हैं जो आपने आज से पहले शायद ही कहीं पढ़े होंगेतो चलिए जानते हैं

- इंडिया गेट की ऊंचाई 43 मीटर है विश्व का सबसे बड़ा युद्ध स्मारक है.
- क्या आप जानते हैं इंडिया गेट को प्राचीन समय में किंग्सवे के नाम से जाना जाता था और इसका डिजाइन सर एडवर्ड लुटियन्स ने बनाया था.
- इंडिया गेट के सामने स्थापित छतरी में जार्ज पंचम की एक मूर्ति स्तापित थी जिसे बाद में यहाँ से हटाकर कोरोनेशन पार्क में स्थापित कर दिया गया था.
- आपको जानकर गर्व होगा इंडिया गेट का निर्माण प्रथम विश्वयुद्ध में शहीद हुऐ 80,000 से अधिक भारतीय सैनिकों की याद में किया गया था.
- क्या आप जानते है इंडिया गेट पर 13300 अधिकारियों और सौनिकों के नाम अंकित हैं.
- इंडिया गेट के नीचे चारों कोनों पर अमर जवान ज्योति हमेशा जलती रहती है जिसे वर्ष 1971 में भारत पाक युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों की याद में स्तापित किया गया था.
- क्या आप जानते है इंडिया गेट की नींव 1921 में ड्यूक ऑफ कनॉट ने रखी थी और इस स्मारक को बनने में पूरे 10 वर्षों का समय लगा था.
- इंडिया गेट को देखने के लिए भारतीय टूरिस्टो के साथ साथ विदेशी सैलानी भी इस द्वार पर आते है.
- शाम के समय इंडिया गेट के चारों ओर लगी रोशनियों से इसे जगमगा दिया जाता है.जिससे एक भव्य दृश्य बनता है जो हमारी आँखों को एक सुखद अहसास देता है.
- आप इस स्मारक के पास से राष्ट्पति भवन को भी निहार सकते है.

# अब मछली नहीं उड़ती

बहुत पुरानी बात है। उन दिनों मछलियां तैरने के साथ उड़ भी सकती थीं। मछली का मन करता, तो वह दूर आसमान में जा उड़ती। तैरने का मन करता, तो नदी के अंदर चली जाती।
एक दिन बगुले का जोड़ा कहीं जा रहा था। बगुला मछली से बोला, हमारे अंडों का ध्यान रखना। हम किसी से मिलकर आते हैं।
दोपहर हुई, तो मोर ने मछली से कहा, मोरनी न जाने कहां चली गई? उसे ढूंढ़ने जा रहा हूं। हमारे अंडों का ध्यान रखना। उन सबके लौटने तक मछली ने अंडों का ध्यान रखा।
शाम हुई, तो चुहिया ने मछली से कहा, मैं घूमने जा रही हूं। मेरे बच्चे अकेले हैं। मछली पहरा देने लगी। चुहिया रात को लौटी। मछली जाने को हुई, तो गिलहरी ने आवाज लगाई, अमरूद पक गए होंगे, तो मुझे बताना।
मछली उड़ी और अमरूद के पेड़ के फल देख आई। फिर गिलहरी को बताया, अमरूद पक चुके हैं।
मछली जाने लगी, तो एक सांप ने पूछा, कहां जा रही हो?
मछली बोली, अब थक गई हूं। पानी में तैरने जा रही हूं।
सांप ने हंसते हुए कहा, आज की थकान तो दूर हो जाएगी। मगर कल क्या होगा?
मछली ने चौंकते हुए पूछा, मतलब?
सांप ने जवाब दिया, मतलब यह है कि हर कोई तुम पर रोब जमाता है। मोर, बगुले, चुहिया, गिलहरी तक तुम से अपना काम करा लेते हैं। क्यों?
मछली सोच में पड़ गई।
सुबह हुई। बगुले का जोड़ा मछली के पास आया और वही बात कहकर उड़ चला। मछली को सांप की बात याद थी। उसने मुंह बनाया, हुंह! मैं नदी में तैरने जा रही हूं। शाम तक बाहर नहीं आऊंगी।
बस फिर क्या था। सांप को इसी पल का इंतजार था। बगुलों के वापस आने से पहले वह उनके अंडे खा चुका था।
दोपहर हुई, तो मोर ने मछली से कहा, मोरनी न जाने फिर कहां चली गई। मैं उसे ढूंढ़ने जा रहा हूं। अंडों का ध्यान रखना। मछली ने मोर की बात को अनसुना कर दिया। वह घने पेड़ के पीछे आराम करने लगी। सांप ने मोरनी के अंडों को भी चट कर डाला।
शाम हुई, तो चुहिया ने मछली को बुलाया। रोज की तरह वह टहलने चली गई। मछली उड़ी और आसमान में गायब हो गई। अब सांप चुहिया के बच्चों को निगल गया।
रात हुई, तो गिलहरी ने मछली से कहा, अमरूद पक गए हैं। मैं भी कुछ अमरूद खा आती हूं। मेरे बच्चों का ध्यान रखना। गिलहरी के जाते ही मछली ने नदी में गोता लगाया। वह तैरती हुई नदी के दूसरे तट पर जा पहुंची। सांप ने गिलहरी के बच्चों को भी अपना निवाला बना लिया।
सुबह हुई, तो सभी ने मछली को घेर लिया। बगुला आगबबूला होकर चिल्लाया, मेरे अंडे कहां हैं?
चुहिया और गिलहरी ने अपने बच्चों के बारे में पूछा। मछली ने जवाब दिया, मुझे क्या पता?
बगुले को गुस्सा आ गया। उसने मछली को दबोच लिया। मछली ने डरते-डरते सारा किस्सा सुनाया।
किस्सा सुनकर चुहिया बोली, एक सांप की बातों में आकर तुमने हमारा भरोसा तोड़ा है। मैं तुम्हें उड़ने लायक नहीं छोड़ूंगी। चुहिया ने मछली के पंख कुतर डाले। गिलहरी ने कहा, आज से तुम उड़ नहीं पाओगी। मछली नदी में जा छिपी। बगुला बोला, कहां जाती हो। मैं तुम्हें पानी में भी नहीं छोड़ूंगा। तभी से बगुला मछली की ताक में रहता है। वहीं मछली अब उड़ नहीं पाती है।





**बादलों का सीना चीरकर उड़ने वाले पक्षी बाज के बारे में आप भली-भांति जानते होंगे.बाज एक ऐसा पक्षी है जो बादलों से भी ऊपर उड़ सकता है और इसके साथ ही यह पक्षी बहुत तेज रफ्तार से उड़ता है. उदाहरण के तौर पर बाज 380 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक उड़ सकता है.**

# आसमान का राजा बाज

बाज आसमान में लगभग 12000 फीट ऊंचा उड़ सकता है यह बारिश के दिनों में हमेशा बादलों के ऊपर उड़ता है शायद इसीलिए इसे आसमान का राजा भी कहा जाता है. बाज हवा में एक जगह मंडरा सकते हैं जैसे एक पतंग हवा में एक जगह उड़ती रहती है.एक वैज्ञानिक शोध के अनुसार बाज की नजर बहुत तेज होती है यह अपने शिकार को 5 किलोमीटर दूर से ही देख सकता है साथ ही इनकी आंखों में इन्फ्रारेड सिस्टम विकास हो गया है जिसकी वजह से यह है शिकार के शरीर से निकलने वाली गर्मी को पहचान कर उसका शिकार कर सकता है.बाज की नजर का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि बाज को आसमान से ही पानी में तैरती हुई मछली दिखाई दे जाती है और बाज पानी में गोता लगाकर मछली को पकड़ सकता है.

बाज की चोंच एक अलग तरह से बनी होती है इनकी चोच 90 डिग्री के कोण पर मुड़ी हुई होती है चोच के दोनों तरफ एक छोटा दांत बाहर निकला हुआ होता है.यह अपने शिकार को देखते हैं लगभग 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शिकार की तरफ बढ़ते है.और जैसे ही कोई मेंढक या चूहा पकड़ते है तो उसकी गर्दन पर ऐसी जगह पर वार करते है जिससे उसका नर्वस सिस्टम काम करना बंद कर देता है. जिसे शिकार मुकाबला नहीं कर पाता है और मारा जाता है.बाज अपने से दो गुना बड़े शिकार को पकड़ सकता है, कभी-कभी यह अपने से इतने बड़े शिकार को पकड़ लेते हैं कि एक बार में उसे खा भी नहीं पाते है.क्थद्दद्यद्ध शिकार करके अपने भोजन को ऊंची पहाड़ियों में बने अपने घोसलों में छोड़ देते है. और बाद में जब इन्हें भूख लगती है तब यह उस शिकार को आ कर खा लेते है.बाज की आंखें अपने शिकार को बिना पलक झपकाए अधिक समय तक देख सकती हैं इसी कारण ये अपने शिकार से कम ही चुकते है.

बाज एक मांसाहारी पक्षी होता है इसका भोजन सांप, मछली, मेंढक, खरगोश, चूहे और छोटे पक्षी होते है. यह पक्षी लगभग पूरी दुनिया में ही पाया जाता है यह ज्यादातर ऊंची पहाड़ियों और चट्टानों पर अपना घोंसला बनाते है लेकिन ज्यादातर बाज पक्षी दूसरे पक्षियों के घोंसलों पर कब्जा करके यह रहते है.विश्व भर में इसकी 60 से भी अधिक प्रजातियां पाई जाती है.एक वयस्क बाज का वजन लगभग 10 किलो तक हो सकता है.इसके फल का आकार में बहुत बड़े और पतले होते हैं जिसके कारण यह ज्यादा देर तक हवा में उड़ पाते है.मादा बाज पक्षी साल में एक बार 3 से 4 अंडे देती है और जब तक उनमें से उसके बच्चे नहीं निकल आते है वह उनके ऊपर बैठी रहती है. बाज के बच्चे अंडे में से औसतन 35 से 40 दिनों के अंदर बाहर निकल आते है.एक बाज की औसतन आयु 60 से 70 वर्ष होती है.उनके पंख और सोच लगातार बढ़ती रहती है इसलिए जैसे-जैसे यह व्यस्त होते है. इन्हें अपनी चोच से भोजन खाने में दिक्कत होने लगती है इसीलिए यह चट्टानों पर जाकर अक्सर अपनी चोच घिसते रहते है.इनके पंजों की बात करें तो पैर के पंजे बहुत ही ताकतवर और नुकीले होते हैं जिससे यह किसी भी सांप या मछली को अगर एक बार पकड़ ले तो उसके बाद छोड़ते नहीं है.यह पक्षी ज्यादातर अकेले रहना ही पसंद करता है.



- बाज पक्षियों में सबसे बड़ा पक्षी होता है.
- बाज एक मांसाहारी पक्षी है.
- यह मुख्य रूप से भोजन में सांप, मछली, चूहा, मेंढक इत्यादि खाते है.
- बाज आसमान में बिना पंखों को हिलाएं हवा में अधिक समय तक उड़ सकता है.
- यह लगभग दुनिया के हर देश में पाया जाता है और दुनिया भर में इसकी 60 से अधिक प्रजातियां अभी तक खोजी जा चुकी है.
- यह पक्षी अकेले में जंगलों में पहाड़ियों के ऊपर रहना पसंद करता है.
- क्या आप जानते हैं जब भी पक्षियों के राजा की बात आती है तो उनमें बाज का नाम सबसे पहले लिया जाता है.क्योंकि यही एक मात्र ऐसा पक्षी है जो तेज रफ्तार के साथ ही शारीरिक रूप से भी सर्वाधिक शक्तिशाली माना जाता है.
- बाज मांसाहारी जीवो की श्रेणी में आता है और इसका जीवनकाल लगभग 40 वर्ष से लेकर 70 वर्ष का होता है.
- बाज तेजी से उड़ने और सतह पर चलने की लिए भी जाना जाता है. यह पक्षी सतह पर भी गजब की तेजी से दौड़ता है.
- बाज के शरीर की बनावट जैसे छाती की मजबूत मांसपेशियाँ , लम्बे पंख और स्ट्रीमलाइन आकार के फाल्कन सही मायने में इस पक्षी को गजब की रफ्तार देने के लिए ही बने है.
- बाज के शरीर की लंबाई 13 से 23 इंच तक हो सकती है तथा बाज क पंखो लंबाई 29 से 34 इंच तक होती है.इसके साथ ही मादा बाज का आकार नर बाज से बड़ा होता है.
- बाज के पसंदीदा शिकारो में चिड़िया, कबूतर, चूहा व बत्तख इत्यादि का शिकार ज्यादातर करता है.
- बाज आकाश में 12000 फीट की उंचाई तक उड़ान भर सकता है
- क्या आप जानते है बाज की अब तक लगभग 2000 प्रजाति खोजी जा चुकी है.
- अगर आप बाज को नहीं पहचानते तो इसे जानने के लिए नीली स्लेटी और उसी रंग के लम्बे नुकील पंखो और पेट पर सफेद एवं काले धब्बो से पहचाना जा सकता है.
- आपको जानकर हैरानी होगी द्वितीय विश्व युद्ध में कबूतरों द्वारा भेजे संदेशो को रोकने के लिए घुमन्तु बाज का इस्तेमाल किया जाता था.
- जंगलो में रहने वाले आदिवासी ज्यादातर छोटे -छोटे पक्षियों के शिकार के लिए बाज का सहारा लेते हैं.
- बाज एक ऐसा पक्षी है जो अंटार्टिका के इलावा समूचे विश्व में पाया जाता है.
- बाज ही एकमात्र ऐसा शिकारी पक्षी है जो शिकार के लिए इंसान के 2 साल के बच्चे को भी उठा कर ले जा सकता है.
- मादा बाज 1 से लेकर 3 अंडे देती है और लगभग बाज 34 से 36 दिनों तक अण्डों पर बैठती है जिसके बाद अण्डों में से बच्चे बाहर निकल आते हैं
- क्या आप जानते है एक स्वस्थ बाज 6 किलोग्राम वजन को उठा कर हवा में उड़ सकता है.
- जिस तरह बाज तेजी का प्रतिक माना जाता है ठीक इसी प्रकार बाज के बच्चे का भी बहुत तेजी से विकास होता हैं यह 6 सप्ताह में 3-4 किलो हो जाता हैं.
- बाज की नजर भी बहुत तेज होती है उदाहरण के तोर पर यह अपने शिकार को 5 किलोमीटर की दूरी पर भी देख लेता है.



# प्रति सेकंड 130 फ्रेम देख सकता है पेरग्रिन बाज

पशु-पक्षियों की दुनिया में पेरग्रिन बाज की दृष्टि सबसे तेज होती है। एक अध्ययन के अनुसार, दुनिया के सबसे सामान्य परभक्षी पक्षियों में शुमार यह बाज एक सेकंड में लगभग 130 फ्रेम देख सकता है। स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी सहित कई शोधकर्ताओं का कहना है कि इसकी तुलना में इंसान प्रति सेकंड अधिकतम 50-60 फ्रेम ही देख पाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई शख्स मूवी थिएटर में बतौर फिल्म प्रति सेकंड 25 छवियों की गति ही देख सकता है। वह भी उसे छवियों की शृंखला के रूप में नहीं देख सकता है। जर्नल ऑफ एक्सपेरिममेंटल बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, पेरग्रिन बाज की दृष्टि सबसे तीव्र होती है। तेज प्रकाश वाले वातावरण में उसकी दृष्टि 129 एचजेड (प्रति सेकेंड पलक झपकाना) होती है। इन्हीं परिस्थितियों में सेकर बाज 102 एचजेड और हैरिस की देखने की क्षमता 77 एचजेड होती है। ऐसा पहली बार है, जब वैज्ञानिकों ने परभक्षी पक्षियों की दृष्टि की गति का अध्ययन किया है। इसके लिए उन्होंने यह गणना की कि वे कितने दृश्यों का अनुभव कर सकते हैं। अध्ययन के सह लेखकों में एक लुंड यूनिवर्सिटी के एल्मट केल्बर ने कहा, 'मेरे सहयोगी साइमन पोटियर और मैंने सेकर और हैरिस प्रजाति के बाजों का अध्ययन किया। इस दौरान यह भी गणना की कि ये कितनी तेज रोशनी में झपकी ले सकते हैं।' शोधकर्ताओं ने कहा कि परभक्षी पक्षियों की नजर शिकार की जरूरत के हिसाब से हरकत करती है। आमतौर पर बाज तेज गति से उड़ने वाली पक्षियों का शिकार करते हैं और अपनी तीव्र दृष्टि से उन पक्षियों के सचेत होने से पहले ही उन्हें पकड़ लेते हैं।

## 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शिकार करता है

शोधकर्ताओं ने बताया कि हैरिस नामक बाज के पास अत्यधिक ऊंचाइयों पर शिकार करने के लिए बहुत तेज दृष्टि नहीं होती है, क्योंकि वह जमीन पर छोटे और धीमी गति वाले जानवरों का शिकार करते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, पेरग्रिन बाज के पास अलग-अलग दृश्यों में खुद की दृष्टि को समायोजित करने की क्षमता होती है, क्योंकि यह एक फॉर्मूला वन रेसिंग कार की गति यानी 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अपने शिकार पर हमला बोलती है।

## पिंजरे में रखे गए पक्षियों की स्थिति समझने में मिलेगी मदद

यह अध्ययन छोटे कीटों को खाने वाली पक्षियों की देखने की क्षमता का पता लगाने के लिए किया गया है। शोधकर्ताओं ने का कहना है कि बाजों के शिकार की कला यह भी बताती है कि परभक्षी पक्षियों की दृष्टि बहुत तीव्र होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इस अध्ययन से मिली नई जानकारी से कैद में रखे गए पक्षियों की स्थिति को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी।

# अजीब है कस्तूरी बैल

**बैल के बारे में आप लोग तो कुछ न कुछ जानते ही होंगे। लेकिन आप लोगों को आज एक ऐसे बैल के बारे में बताते हैं, जिसके बारे में शायद ही आप लोग जानते हों। यह बैल है कस्तूरी बैल। है न रोचक बात! आप लोग मस्क डीयर यानी कि कस्तूरी हिरण के बारे में जानते होंगे, लेकिन कस्तूरी बैल के बारे में नहीं। यह बैल भले ही अपने यहां नहीं पाया जाता, लेकिन यह कुछ एक देशों में पाया जाता है।**

कस्तूरी बैल बिल्कुल याक जैसा दिखता है। यह वृक्षहीन टुन्ड्रा प्रदेश और आर्कटिक प्रदेशों का निवासी है। पूर्वी अलास्का से लेकर उत्तरी कनाडा तक और ग्रीनलैंड में पाया जाता है।इसकी दो प्रजातियां होती हैं। एक ग्रीनलैंड मस्क ऑक्स या व्हाइट फेस्ड मस्क ऑक्स। दूसरी प्रजाति केनेडियन हाई-आर्कटिक मस्क ऑक्स होती है।

### दिखता है याक जैसा

यदि आप इसे दूर से देखो तो आप को भ्रम हो जाएगा। आपको लगेगा कि यह याक है, लेकिन ऐसा होता नहीं है। इसका शरीर काफी गठीला होता है। उस पर फर की दोहरी परत होती है। बाहरी परत लम्बे-लम्बे फर वाली होती है। कभी-कभी इसके बाल इतने लम्बे होते हैं कि जमीन को भी छूने लगते हैं। इनके मोटे फरों का रंग गहरा भूरा होता है। इनके फर ही बर्फीले आर्कटिक की शीत लहरों में ठंड से बचाव करते हैं। इनके बाल भेड़ के बालों की तरह ऊन बनाने के काम आते हैं। इनके फर गर्मी के मौसम में झड़ने लगते हैं।

### विशालकाय शरीर

इसके कंधों पर कूबड़ होता है। इसके सींग लम्बे,चौड़े और मुड़े हुए होते हैं। इसके खुर बैलों से काफी बड़े होते हैं। इसके विशालकाय शरीर का वजन 200 किलोग्राम से 400 किलोग्राम तक हो सकता है, जबकि शरीर की लम्बाई छह फुट से साढ़े सात फुट के मध्य होती है और ऊंचाई पांच फुट तक होती है। इसके गठीले शरीर के कारण ही शिकारी जानवर जल्दी हमला नहीं कर पाते। ये अक्सर झुंड में ही रहते हैं, इसलिए शिकारी जानवरों पोलर बीयर, आर्कटिक फॉक्स और आर्कटिक भेड़ियों से अपनी रक्षा कर लेते हैं।

### नहीं खाता मांस

आप लोग सोच रहे होंगे कि बर्फ में रहने की वजह से इसका भी भोजन मांस होगा, लेकिन ऐसा नहीं है। यह बिल्कुल भी मांसाहारी नहीं है। घास, आर्कटिक फूल, मरकट और बहुत प्रकार की वनस्पति खाता है। वैसे इसे 'विलो प्लांट' खाना ज्यादा अच्छा लगता है। यह अपना भोजन चबाता नहीं है, बल्कि उसे निगल जाता है।





# क्विंटन डी कॉक का 'विराट' रिकॉर्ड, सचिन-रोहित के क्लब में शामिल, भारत के खिलाफ जड़ा 7वां शतक



**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज़ क्विंटन डी कॉक ने अपने 13,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लिए हैं और इस विशिष्ट क्लब में शामिल होने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में भारत के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। ??इस अनुभवी विकेटकीपर ने भारत के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पहले दो मैचों में दो कम स्कोर से उबरते हुए प्रोटियाज़ के लिए अपना 23वाँ एकदिवसीय शतक जड़ा। उन्होंने 89 गेंदों में आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 119.10 के स्ट्राइक रेट से 106 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के लिए अब तक 311 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, डी कॉक ने 40.24 की औसत और 93.71 के स्ट्राइक रेट से 13,088 रन बनाए हैं, जिसमें 347 पारियों में 30 शतक और 70 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 178 रहा है। इस शतक के साथ, वनडे में उनके अर्धशतक से शतक तक पहुँचने की दर बढ़कर 41.81 प्रतिशत हो गई है, जो भारतीय वनडे के उस्ताद विराट कोहली (41.40 प्रतिशत) से ज़्यादा है। डी कॉक ने वनडे में 55 अर्धशतक लगाए हैं, जिनमें से 23 शतकों में बदले हैं।

इसके अलावा, उन्होंने 23-23 शतकों के साथ, एक विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा की बराबरी कर ली है। डी कॉक ने एक अन्य श्रीलंकाई दिग्गज सनथ जयसूर्या के साथ एकदिवसीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में बराबरी कर ली है। उन्होंने केवल 23 पारियों में भारत के खिलाफ अपना सातवां शतक पूरा किया है, जबकि जयसूर्या ने 85 पारियों में ये सात शतक लगाए थे। भारत के खिलाफ 23 एकदिवसीय मैचों में, क्विंटन ने 51.78 की औसत और 93 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 1,191 रन बनाए हैं, जिसमें सात शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 135 है। भारत में अपने सातवें शतक के साथ, डी कॉक विदेशी धरती पर सर्वाधिक वनडे शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर (यूएई में सात शतक), पाकिस्तान के सईद अनवर (यूएई में सात शतक), एबी डिविलियर्स (भारत में सात शतक) और रोहित शर्मा (इंग्लैंड में सात शतक) की श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

# अर्जुन तेंदुलकर ने किया वह कारनामा, जो सचिन तेंदुलकर टी20 में कभी नहीं कर पाए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट लेजेंड सचिन तेंदुलकर के बेटे और युवा ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर ने घरेलू क्रिकेट में ऐसा कमाल कर दिखाया है, जो उनके पिता भले ही क्रिकेट के भगवान माने जाते हों, लेकिन अपने टी20 करियर में कभी नहीं कर सके। मुंबई इंडियंस की ओर से आईपीएल खेल चुके अर्जुन को आगामी मिनी ऑक्शन से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने ट्रेड कर लिया है। फिलहाल वे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गोवा की ओर से खेल रहे हैं और शानदार प्रदर्शन कर चर्चा में छाए हुए हैं। 26 वर्षीय अर्जुन तेंदुलकर इस बार टूर्नामेंट में गोवा के लिए ओपनर की नई जिम्मेदारी निभा रहे हैं और साथ ही पारी की शुरुआत नई गेंद के साथ गेंदबाजी से भी कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट चटकाए और बल्लेबाजी में 10 गेंदों पर 16 रन भी जोड़े। मौजूदा सीज़न में अब तक उनके प्रदर्शन में पांच मैचों में 70 रन और आठ विकेट शामिल हैं, जो उनकी ऑलराउंड क्षमता को साबित करने के लिए पर्याप्त हैं।

यह उपलब्धि सचिन तेंदुलकर के टी20 करियर से तुलना में बेहद खास है। सचिन ने भले ही टी20 मैचों में ओपनिंग बल्लेबाज की भूमिका निभाई हो, लेकिन उन्होंने कभी ओपनिंग बॉलिंग नहीं की। मास्टर ब्लास्टर ने अपने पूरे टी20 करियर में 96 मैच खेले, जिनमें उन्होंने सिर्फ 93 गेंदें फेंकी और कुल दो विकेट हासिल किए। इसके मुकाबले अर्जुन टी20 में नियमित रूप से नई गेंद संभाल रहे हैं और अब तक 29 मैचों में 35 विकेट झटक चुके हैं। इस अंतर को देखकर यह साफ झलकता है कि अर्जुन ने मैदान पर अपने पिता से अलग पहचान बनाने का रास्ता चुना है।

अर्जुन 2022/23 सीज़न से पहले मुंबई की टीम छोड़कर गोवा की ओर से खेलने लगे थे। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में अपने करियर की शुरुआत शानदार शतक के साथ की थी और वर्तमान में गोवा के लिए तीनों फॉर्मेट में खेल रहे हैं। उनके फर्स्ट क्लास करियर में 22 मैचों में 48 विकेट और 620 रन शामिल हैं, जिनमें एक शतक और दो अर्धशतक भी हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 18 मैचों में 25 विकेट और 102 रन उनके नाम हैं। दूसरी ओर, सचिन तेंदुलकर ने भारत के लिए केवल एक टी20 इंटरनेशनल मैच 2006 में खेला था, जबकि आईपीएल 2010 में 618 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। आज अर्जुन तेंदुलकर की प्रगति और लगातार बेहतर होते प्रदर्शन ने उन्हें देश के सबसे चर्चित युवा ऑलराउंडरों में शामिल कर दिया है, और क्रिकेट विशेषज्ञ उन्हें भविष्य का बड़ा सितारा मान रहे हैं।

# भारत ने 20 वनडे टॉस हारने के बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ जीता टॉस




**–खत्म हुआ 751 दिन का सूखा, लगातार 20 हार के बाद जीता टॉस**

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ विशाखापत्तनम वनडे में लंबे इंतजार के बाद टॉस जीतकर फैंस को राहत दी। नए कप्तान केएल राहुल की अगुवाई में टीम ने आखिरकार 20 मैचों तक लगातार टॉस हारने का सिलसिला तोड़ दिया। भारत ने टॉस जीतने के बाद गेंदबाजी का फैसला किया, जिससे कप्तान को अपनी रणनीति अनुसार खेल शुरू करने का मौका मिला।

इससे पहले रांची और रायपुर में भारत को टॉस जीतने में सफलता नहीं मिली थी। शुभमन गिल के बाहर होने के बाद भी टॉस का रुख टीम के पक्ष में नहीं था। रांची में टॉस हारने के बाद रायपुर के मुकाबले में भी यही कहानी दोहराई गई, जिससे फैंस निराश हुए थे। लेकिन विशाखापत्तनम में आखिरकार भारतीय टीम को वह खुशी मिली जिसका इंतजार था।

केएल राहुल के टॉस जीतने के पीछे एक दिलचस्प कहानी भी सामने आई है। उन्होंने शुरुआती दो मैचों में टॉस के लिए सिक्का बाएं हाथ से उछाला था, लेकिन इस मैच में दाएं हाथ से कोइन फ्लिक किया। इसके साथ ही टीम के मेंटोर हर्षित राणा ने फिंगर क्रॉस करके खड़े होकर शुभकामना दी कि टॉस भारत के पक्ष में जाए। इस छोटे-छोटे टोटकों का असर पड़ा और भारत ने टॉस जीतकर अपनी रणनीति पर काम करने का अवसर पाया।

# फीफा विश्व कप 2026: फुटबॉल का महाकुंभ 11 जून से

**–इस बार 48 टीमों के साथ होगा सबसे बड़ा टूर्नामेंट**

**– कुल 104 मुकाबले होंगें**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल महोत्सव फीफा विश्व कप 2026 का आगाज़ 11 जून से होने जा रहा है। इस बार टूर्नामेंट में कई मायनों में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिलेंगे, जिनमें सबसे बड़ा बदलाव टीमों की संख्या का 32 से बढ़कर 48 होना है। इसके साथ ही मैचों की संख्या भी बढ़कर 104 हो गई है, जबकि पिछले संस्करण 2022 कतर विश्व कप में 64 मुकाबले खेले गए थे। 2026 फीफा वर्ल्ड कप अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से आयोजित होगा और फाइनल मुकाबला न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। वॉशिंगटन डीसी के कैनेडी सेंटर में फीफा विश्व कप ड्रॉ का आयोजन किया गया, जहां 12 ग्रुप में टीमों का विभाजन तय किया गया। ड्रॉ कार्यक्रम के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मौजूद रहे और उन्हें फीफा पीस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच प्रतिष्ठित एस्टाडियो अज्टेका स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां दुनिया ने पहले भी कई ऐतिहासिक मैचों का गवाह देखा है। ड्रॉ के परिणामों के अनुसार, मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना अपने अभियान की शुरुआत अल्जीरिया के खिलाफ करेगी। दोनों टीमों को ग्रुप 'जे' में रखा गया है, जहां उनके साथ ऑस्ट्रिया और जॉर्डन भी मुकाबला करेंगी। अर्जेंटीना को इस बार का ग्रुप अपेक्षाकृत आसान माना जा रहा है, और यही स्थिति दो अन्य दावेदार टीमों स्पेन और इंग्लैंड के लिए भी है। वहीं फ्रांस को चुनौतीपूर्ण ग्रुप मिला है, जहां फुटबॉल जगत के दो सबसे बड़े सुपरस्टार किलियन एमबापे (फ्रांस) और एर्लिंग हालैंड (नॉर्वे) होंगे।

यूरोपीय चैंपियन स्पेन ग्रुप 'एच' में केप वर्डे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टूर्नामेंट में 16 नई टीमों को जोड़ा गया है, जिससे फुटबॉल के वैश्विक विस्तार का स्पष्ट संकेत मिलता है और छोटे फुटबॉल देशों को विश्व मंच पर अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा। अधिकांश मुकाबले अमेरिका में खेले जाएंगे, जहां विशाल दर्शक क्षमता वाले स्टेडियमों में रोमांच का माहौल देखने को मिलेगा। फीफा विश्व कप 2026 सिर्फ फुटबॉल का उत्सव नहीं, बल्कि दुनिया भर के खेल प्रेमियों के लिए भावना, जुनून और उम्मीदों का संगम बनने जा रहा है। अब निगाहें इस पर होंगी कि 19 जुलाई को कौन सी टीम विश्व फुटबॉल की नई चैंपियन बनकर उभरती है।

### विश्व कप के सभी 12 ग्रुप

ग्रुप ए : मेक्सिको, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया, यूईएफए प्लेऑफ डी

ग्रुप बी : कनाडा, यूईएफए प्लेऑफ ए, कतर, स्विट्जरलैंड

ग्रुप सी : ब्राजील, मोरक्को, हैती, स्कॉटलैंड

ग्रुप डी : यूएसए, पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, यूईएफए प्लेऑफ सी

ग्रुप ई : जर्मनी, कुराओ, आइवरी कोस्ट, इक्वाडोर

ग्रुप एफ : नीदरलैंड, जापान, यूईएफए प्लेऑफ बी, ट्यूनीशिया

ग्रुप जी : बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड

ग्रुप एच : स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे

ग्रुप आई : फ्रांस, सेनेगल, फीफा प्लेऑफ 2, नॉर्वे

ग्रुप जे : अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन

ग्रुप के : पुर्तगाल, फीफा प्लेऑफ 1, उज्बेकिस्तान, कोलंबिया

ग्रुप एल : इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा

# भारत ने आयरलैंड को 4–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की

सैंटियागो (चिली)। भारत ने जूनियर विमेंस वर्ल्ड कप 2025 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को अपने आखिरी पूल सी मुकाबले में आयरलैंड को 4–0 से हराकर मजबूत जीत दर्ज की। सैंटियागो के एस्टाडियो नेशनल के सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम शुरुआत से ही आक्रामक मूड में दिखाई दी। मैच की शुरुआत मात्र 12 सेकंड बाद ही भारत ने पहला पेनाल्टी कॉर्नर अर्जित किया, हालांकि इसे गोल में तब्दील नहीं किया जा सका। इसके बावजूद टीम इंडिया ने निरंतर दबाव बनाए रखा और आयरलैंड की डिफेंस लाइन को बैकफुट पर रखा। 10वें मिनट में भारत को दूसरा पेनाल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन एक बार फिर गोल करने का मौका हाथ से निकल गया। हालांकि 12वें मिनट में भारतीय टीम ने वह हासिल की जिसका इंतज़ार था।

# चोट के बाद वापसी को तैयार रियान पराग, बोले– फिर से टीम इंडिया की जर्सी पहनूंगा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ऑलराउंडर रियान पराग ने वनडे और टी20 टीम से बाहर होने को लेकर खुलकर बात की है। पराग ने स्वीकार किया कि टीम से बाहर होना उनके लिए बड़ा झटका था, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लगातार अपने खेल को बेहतर करने में लगे रहे। हाल ही में कंधे की चोट से पूरी तरह फिट होने के बाद पराग का विश्वास है कि यदि उन्हें घरेलू क्रिकेट में लगातार मौके मिले, तो वह दोबारा टीम इंडिया में जगह बनाने में सफल होंगे। रियान पराग ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया था और इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भी उन्हें टीम में चुना गया था। वनडे डेब्यू में पराग ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए थे, लेकिन बल्लेबाजी में वह केवल 15 रन ही बना पाए, जिसके चलते उन पर सवाल उठे। हालांकि, पराग का मानना है कि फॉर्म के कारण नहीं बल्कि चोट की वजह से वह टीम से बाहर हुए। एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने भारत के लिए ठीक–ठाक प्रदर्शन किया था। आप इसे मेरा विश्वास कह सकते हैं या ओवरकॉन्फिडेंस, लेकिन सच यही है कि मेरी कंधे की चोट ने मुझे पीछे धकेला। अगर मैं चोटिल नहीं होता तो मुझे यकीन है कि मैं दोनों व्हाइट–बॉल फॉर्मेट में खेल सकता था। जब भी मैं पूरी तरह फिट हो जाऊंगा, आप मुझे दोबारा भारत की जर्सी में देखेंगे।'




# ऑस्ट्रेलिया की 177 रनों की बड़ी बढ़त, इंग्लैंड की ठोस शुरुआत, डकेट-क्रॉली का धैर्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेन डकेट और जैक क्रॉली ने लचीलापन दिखाया और दोनों छोर संभालते हुए ब्रिस्बेन में खेले जा रहे डे-नाइट एशेज टेस्ट के तीसरे दिन डिनर तक इंग्लैंड को बिना किसी नुकसान के 45 रन पर पहुँचा दिया। ऑस्ट्रेलिया इससे पहले 511 रनों पर ढेर हो गया था और उसे 177 रनों की विशाल बढ़त हासिल हो गई थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (13*) और जैक क्रॉली (26*) डिनर तक नाबाद रहे और उन्होंने एक ठोस साझेदारी की। इंग्लैंड ने केवल छह ओवरों में 45 रन बनाकर इस घाटे को पूरा कर लिया। मिशेल स्टार्क ने शानदार 77 रनों की पारी खेली और वह दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष स्कोरर रहे।




ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र की शुरुआत 99 ओवरों में 450/8 के स्कोर पर की और 116 रनों की बढ़त हासिल कर ली। स्टार्क (46*) और स्कॉट बोलैंड (7*) क्रीज पर नाबाद थे। स्टार्क ने दूसरे सत्र के पहले ही ओवर में विल जैक्स की गेंद पर मिडविकेट की ओर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इस अर्धशतक के साथ, स्टार्क उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए जिन्होंने डे-नाइट टेस्ट मैच में 50 या उससे अधिक रन बनाए और पाँच विकेट लिए।

वह दिलरुवान परेरा और जेसन होल्डर की सूची में शामिल हो गए। स्टार्क अब टेस्ट मैचों में नौवें नंबर के बल्लेबाज के तौर पर सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। इस ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज खिलाड़ी ने 64 टेस्ट मैचों की 77 पारियों में 22.34 की औसत से 1,408 रन बनाए हैं, जिसमें आठ अर्धशतक और 99 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। स्टार्क ने इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड को पीछे छोड़ दिया है।

109वें ओवर में स्टार्क ने गस एटकिंसन को आउट किया और उनके ओवर में दो चौके जड़कर स्कोर 150 के पार पहुंचाया। 111वें ओवर में ब्रायडन कार्से ने आखिरकार स्टार्क को आउट कर दिया और 141 गेंदों पर 77 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद ब्रेंडन डोगेट भी बोलंड के साथ क्रीज पर आए। जैक ने 117वें ओवर में डोगेट को 13 रन पर आउट करके ऑस्ट्रेलियाई पारी का रुख मोड़ दिया। बोलैंड और डोगेट ने आखिरी विकेट के लिए 20 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को 117.3 ओवर में 511 रन तक पहुँचाया। इससे पहले, शनिवार को गाबा में इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे दूसरे एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा कायम रहा और उसने तीसरे दिन चायकाल तक 99 ओवर में 8 विकेट पर 450 रन बनाकर 116 रनों की बढ़त बना ली।

# शादी टलने के बाद स्मृति मंधाना का पहला पोस्ट वायरल, आवाज में बदलाव सुनकर फैंस हुए चिंतित

नई दिल्ली (ईएमएस)। म्यूजिक कंपोज़र पलाश मुच्छल और भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना की शादी 23 नवंबर को होने वाली थी, लेकिन समारोह से ठीक पहले अचानक स्थिति बदल गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी से कुछ दिनों पहले ही स्मृति के पिता की तबीयत काफी बिगड़ गई, जिसके बाद दोनों परिवारों ने यह निर्णय लिया कि शादी को आगे बढ़ाया जाए। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम के बाद सोशल मीडिया पर तरह–तरह की अफवाहें फैलने लगीं कि शायद दोनों के रिश्ते में कोई तनाव है, लेकिन आधिकारिक तौर पर ऐसा कुछ भी पुष्टि नहीं की गई। लगातार चर्चाओं और अटकलों के बीच अब स्मृति मंधाना ने 11 दिन बाद सोशल मीडिया पर अपनी पहली पोस्ट साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक टूथपेस्ट ब्रांड का विज्ञापन वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे अपने अनुभवों और खेल में आने वाले भावनात्मक पलों के बारे में बात करती दिखाई देती हैं। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा 'जीत के पल, ईमानदार बातचीत और वे अनुष्ठान जो खेल का पूरा समीकरण बदल देते हैं।' पोस्ट सामने आते ही फैंस ने न सिर्फ वीडियो पर प्रतिक्रिया दी, बल्कि उनकी आवाज़ में आए बदलाव को लेकर भी चिंता जताई। कई प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन में लिखा कि उनकी आवाज भारी लग रही है और ऐसा महसूस होता है जैसे वे किसी भावनात्मक दौर से गुजर रही हों। एक यूजर ने पूछा 'आवाज को क्या हो गया? आप ठीक तो हैं?' वहीं एक अन्य ने लिखा 'लगता है बहुत रोई हैं, आवाज बदल गई है।' एक टिप्पणी में कहा गया 'आपकी आवाज बहुत कुछ कह रही है, उम्मीद है आप ठीक होंगी।' इन प्रतिक्रियाओं से साफ झलकता है कि उनके समर्थक उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति को लेकर काफी चिंतित हैं। साथ ही कुछ फैंस ने यह भी नोटिस किया कि वीडियो के दौरान स्मृति के हाथ में इंगेजमेंट रिंग दिखाई नहीं दी। इससे एक नया सवाल उठा कि वे अंगूठी क्यों नहीं पहन रही हैं। एक फैन ने लिखा 'मुस्कान में दर्द नजर आ रहा है, और रिंग नहीं दिख रही।' हालांकि इस पर स्मृति या उनके परिवार की ओर से अब तक कोई बयान सामने नहीं आया है। फैंस लगातार उन्हें मजबूत बने रहने, खुद का ख्याल रखने और नकारात्मक खबरों से दूरी बनाने की सलाह दे रहे हैं। शादी टलने के बाद आया यह पहला पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है और चर्चा का विषय बना हुआ है।



# हरभजन को विराट, रोहित के एकदिवसीय विश्वकप तक खेलने की उम्मीद



शारजाह। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा ने अगले विश्वकप में खेलने की इच्छा जाहिर की है। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समित ने अभी तक इसको लेकर कोई जवाब नहीं दिया है। इसी पर तंज कसते हुए दिग्गज स्पिनर स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि कि रोहित और विराट जैसे स्टार खिलाड़ियों का भविष्य ऐसे लोग तय कर रहे हैं जिन्होंने अपने करियर में कोई विशेष उपलब्धि नहीं हासिल नहीं हैं हालांकि हरजन को उम्मीद है कि यह जोड़ी साल 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप तक खेलती रहेगी। रोहित 38 वर्ष के हैं और विराट कोहली 37 वर्ष के तथा यह दोनों अब केवल एकदिवसीय प्रारूप में ही खेलते हैं। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने अभी तक इनके विश्वकप में खेलने को लेकर कुछ नहीं कहा है।

# जर्मनी के खिलाफ गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं होगी : जूनियर हॉकी कोच श्रीजेश

**चेन्नई (एजेंसी)।** खिताब से दो जीत दूर भारतीय टीम को जर्मनी के खिलाफ जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल से पहले मुख्य कोच पी आर श्रीजेश से एक ही सलाह मिली है कि अभी काम पूरा नहीं हुआ है और अपने पैर जमीन पर रखने हैं। भारत ने आखिरी मिनट में गोल गंवाने के बाद शूटआउट तक खिंचे क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 4-3 से हराया लेकिन दो बार के ओलंपिक पदक विजेता रहे कोच श्रीजेश का कहना है कि सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ इस तरह की गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा, 'बेल्जियम के खिलाफ पहले 45 मिनट एक गोल से पीछे रहना और फर आखिरी एक मिनट में उन्हें बराबरी का गोल करने का मौका देना, यह मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। आखिरी मिनट में गोल गंवाना, शूटआउट इससे बचना चाहिए।' भारत के महान गोलकीपर रहे श्रीजेश ने कहा, 'अच्छे मूव को फाइनल टच देना जरूरी है। हम लगातार आक्रमण कर रहे थे और मौके बना रहे थे। सर्कल के भीतर गेंद का नियंत्रण नहीं खोना चाहिए। कठिन टीमों के खिलाफ गोल करने के मौके ज्यादा नहीं मिलते हैं और जो भी मौके मिले, उन्हें भुनाना होगा।'

यह पूछने पर कि लीग चरण में आसान चुनौतियों से क्या क्वार्टर फाइनल में दबाव अधिक रहा, श्रीजेश ने कहा, 'लीग दौर के मैच सभी के लिए लगभग बराबर होते हैं। कुछ टीमों को एक कठिन मैच मिल जाता है लेकिन हमने अपनी टीम का स्तर ऊंचा रखने की कोशिश की और उन्हें चुनौतियां दी कि इतने गोल से जीतना है। लेकिन नॉकआउट चरण में दबाव अलग होता है।'

भारत ने राउंड रॉबिन चरण में 29 गोल किए और एक भी नहीं गंवाया था। कोच ने आगे कहा, 'क्वार्टर फाइनल से ज्यादा दबाव अब सेमीफाइनल में होगा। क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम क्वालीफाई नहीं कर सकी। हम किसी टीम को हलके में नहीं ले सकते। जर्मन टीम पूरी तैयारी के साथ उतरेगी लिहाजा हमे अपने खेल में सुधार करना होगा।' उन्होंने यह भी बताया कि अपने युवा खिलाड़ियों को बेहतरीन मैच जीतने के बाद उन्होंने समझाया कि काम अभी पूरा नहीं हुआ है और आत्ममुग्धता से बचना जरूरी है।

उन्होंने कहा, 'मैने टीम से यही कहा कि पैर जमीन पर रखने हैं और अब फोकस अगले मैच पर करना है। सबसे अहम बात यह है कि अच्छे प्रदर्शन की बजाय गलतियों पर ध्यान दें। डी के भीतर की गई गलतियों को दूर करना होगा।' उन्होंने कहा, 'ये खिलाड़ी सिर्फ जूनियर विश्व कप खेलने के लिये नहीं है, इन्हें आगे भारतीय टीम में खेलना है और इस दबाव का सामना करना आना ही चाहिए। आगे ओलंपिक, एशियाई खेल, विश्व कप, राष्ट्रमंडल खेल सब खेलना है। अभी शुरूआती कदम है और यहां अच्छा खेलने पर आगे की राह आसान हो जाएगी।'



# अंपायर से बहस पर फखर जमान पर 10फीसदी मैच फीस का जुर्माना

दुबई। पाकिस्तान के बैटर फखर जमान पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई 29 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेले गए ट्राई–सीरीज फाइनल मुकाबले में आचार संहिता उल्लंघन के मामले में की गई। जमान को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल–1 आर्टिकल 2.8 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ द्वारा अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है। यह घटना पाकिस्तान की पारी के 19वें ओवर में हुई, जब फखर जमान ऑन–फील्ड अंपायर के फैसले से असहमत नजर आए और मैदान पर अंपायरों के साथ लंबी बहस में शामिल हो गए। विवाद उस समय शुरू हुआ जब एक निर्णय के चलते उन्हें अपना विकेट गंवाना पड़ा। इस दौरान उनका व्यवहार मैच अधिकारियों की दृष्टि में खेल भावना के विरुद्ध माना गया, जिसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। आईसीसी ने फखर जमान के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा है। यह पिछले 24 महीनों में उनके लिए पहला डिमेरिट पॉइंट है। नियमों के अनुसार लेवल–1 के उल्लंघन में अधिकतम 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना और एक या दो डिमेरिट पॉइंट लगाए जा सकते हैं, जबकि न्यूनतम सज़ा चेतावनी होती है।



## इंडिगो फ्लाइट संकट : ये समय मुश्किल का है, लोग स्टॉफ से प्यार से बात करें : सोनू सूद

चंडीगढ़ (एजेंसी)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो में चल रहे संकट का असर चंडीगढ़ और अमृतसर में भी देखने को मिल रहा है। चंडीगढ़ की फ्लाइट्स शनिकार को भी लेट हैं और कई रद्द की जा रही हैं। इसको लेकर अभिनेता सोनू सूद ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें उन्होंने कहा कि मेरा खुद का परिवार इस मुश्किल में 4 घंटे फंसा रहा, लेकिन हम इन सब के लिए ग्राउंड स्टाफ को दोषी नहीं ठहरा सकते। उन्होंने कहा कि ये समय मुश्किल जरूर है, लेकिन लोगों को उनसे प्यार से बात करनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चंडीगढ़ से एक यात्री ने बताया कि उनकी फ्लाइट शरिवार दोपहर 12.45 की थी, जिसे अब 3.30 पर शेड्यूल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें मुंबई किसी जरूरी काम से जाना था, लेकिन फ्लाइट्स देरी से चल रही है। वहीं, नेशनल गेम्स के लिए विशाखापट्टनम जाने को तैयार रोलर स्केटिंग टीम भी परेशान हुई। फ्लाइट कैंसिल होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्री पूरी रात एयरपोर्ट पर ही फंसे रहे। उन्होंने कहा कि न खाने-पीने की व्यवस्था मिली और न ही रहने की। यात्रियों का कहना है कि पहुंचते ही पता चला फ्लाइट कैंसिल है, जबकि पहले कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई थी। बता दें इससे पहले शुक्रवार को दोनों एयरपोर्ट्स पर अफरा-तफरी जैसा माहौल दिखा। चंडीगढ़ में 15 तो अमृतसर में 4 फ्लाइट रद्द कर दी गईं। कुछ उड़ानों ने 1 से लेकर 5 घंटे तक की देरी से लैंडिंग और टेकऑफ किया। कोलकाता से चंडीगढ़ अपनी मां के अंतिम संस्कार में आईं श्रुति भी फंस गई।



# बाबरी विध्वंस को ओवैसी ने बताया काला दिवस और पीएम के 'घाव भरने' वाले बयान पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, (ईएमएस)। बाबरी मस्जिद विध्वंस की 6 दिसंबर को बरसी पर एआईएमआईएम प्रमुख एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसे भारत के इतिहास का काला दिन बताते हुए केंद्र सरकार और न्यायपालिका के कुछ पहलुओं पर तीखे सवाल खड़े कर दिए हैं। ओवैसी ने आरोप लगाया कि 1992 में बाबरी मस्जिद पुलिस की मौजूदगी में ढहाई गई, जबकि सुप्रीम कोर्ट से यह वादा किया गया था कि ढांचे को छुआ भी नहीं जाएगा।

सांसद ओवैसी ने अपने संबोधन में कहा, कि संघ परिवार से जुड़े वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और उमा भारती ने अदालत को भरोसा दिया था, कि मस्जिद को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा, लेकिन दुनिया की आंखों के सामने मस्जिद को शहीद कर दिया गया। उन्होंने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 1949 की घटना को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के मस्जिद में मूर्तियां रखे जाने की कार्रवाई बताया था। यहां ओवैसी यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से माना था कि 6 दिसंबर 1992 की घटना कानून के शासन का उल्लंघन थी, फिर भी ट्रायल कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया और केंद्र सरकार ने इस फैसले को चुनौती नहीं दी। उन्होंने सवाल उठाया, कि अगर कोई दोषी नहीं, तो फिर मस्जिद किसने गिराई?



जख्म भरने वाले बयान पर उठाया सवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर भी उन्होंने निशाना साधा, जिसमें कहा गया था कि 500 साल पुराने ज़ख्म भरे जा रहे हैं। ओवैसी ने सवाल किया, जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मंदिर तोड़कर मस्जिद नहीं बनाई गई, तो प्रधानमंत्री किस ज़ख्म की बात कर रहे हैं? ज़ख्म तो संविधान और कानून के शासन को दिया गया। इसी के साथ ही उन्होंने एक सेवानिवृत्त जज के बयान पर भी सवाल उठाया, जिन्होंने रिटायरमेंट के बाद कहा कि मस्जिद मंदिर तोड़कर बनाई गई थी। ओवैसी ने पूछा कि ऐसा विचार निर्णय में क्यों नहीं लिखा गया।

ओवैसी ने दावा किया कि अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आस्था के आधार पर दिया गया। साथ ही उन्होंने प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट की अनदेखी और मस्जिदों पर बढ़ते मुकदमों पर चिंता जताई। अंततः उन्होंने देश को सभी धर्मों का बराबर बताया और मुस्लिम समाज विशेषकर महिलाओं में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, जब हमारी बेटियां शिक्षित होंगी, तभी भारत मजबूत होगा।

## बंगाल में तनाव : बाबरी मस्जिद के लिए ईंटें लेकर निकले हुमायू समर्थक

मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडंगा में एक नया विवाद खड़ा कर दिया गया। यहां निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक हुमायूं कबीर ने 1992 में अयोध्या में ढहाई गई मूल बाबरी मस्जिद की कॉपी के रूप में एक नई मस्जिद की नींव रखने का ऐलान किया है। यह कार्यक्रम 6 दिसंबर यानी आज होने वाला है, जो बाबरी मस्जिद विध्वंस की 33वीं वर्षगांठ का दिन भी है। इस ऐलान ने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर हंगामा मचा दिया है, और स्थानीय प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात कर दी है। इस बीच कई समर्थक ईंटें लेकर बेलडंगा पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के समर्थन में उत्तर बरासात के निवासी मोहम्मद शफीकुल इस्लाम सहित सैकड़ों लोग सुबह से ही सिर पर ईंटें लादकर बेलडंगा की ओर कूच कर रहे हैं। एएनआई से बात करते हुए शफीकुल इस्लाम ने कहा- मैं वहां जाऊंगा जहां हुमायूं कबीर बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। ये ईंटें मस्जिद निर्माण के लिए मेरा योगदान होंगी। सोशल मीडिया पर बाबरी मस्जिद जैसे हैशटैग ट्रेंड कर रहे हैं, जहां समर्थक कार्यक्रम को न्याय की मांग बता रहे हैं। हुमायूं कबीर भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से टीएमसी के विधायक हैं। उन्होंने पिछले महीने सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम की घोषणा की थी। उन्होंने कहा- हम 6 दिसंबर को बेलडंगा, मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। यह निर्माण तीन साल में पूरा होगा और इसमें विभिन्न मुस्लिम नेता भाग लेंगे। कबीर ने दावा किया है कि यह मस्जिद 20 बीघा जमीन पर बनेगी, जिसकी अनुमानित लागत 125 करोड़ रुपये है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम में करीब तीन लाख लोग शामिल होंगे, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-12 (एनएच-12) को प्रभावित कर सकता है। कबीर ने टीएमसी नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा- मैं अपनी जान की परवाह नहीं करता। बाबरी मस्जिद हमारी ट्रस्ट की जमीन पर बनेगी। अगर प्रशासन रोकने की कोशिश करेगा, तो रेजिनगर से बहरामपुर तक हाईवे जाम हो जाएगा। निलंबन के बाद उन्होंने 22 दिसंबर को नई राजनीतिक पार्टी लॉन्च करने और 2026 के विधानसभा चुनाव में 135 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की बात कही।

# घुसपैठियों को चुन-चुन कर करेंगे बाहर वोटर लिस्ट से करेंगे डिलिट : नड्डा

**देवघर (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को देवघर के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को नवनिर्मित जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग से गुमला जिला भाजपा कार्यालय का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन को संबोधित किया और तुष्टिकरण, करप्शन और परिवारवाद की राजनीति को लेकर इंडी गठबंधन पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो अपनी विचारधारा पर अडिग रही है। नड्डा ने भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने भारत की आजादी के बाद राजनीति, आर्थिक शास्त्र और सामाजिक न्याय को एक नए रूप में देश के सामने प्रस्तुत किया और उसे संविधान में संजोने का प्रयास किया। उन्होंने न केवल संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन के रूप में संविधान को लिखने में योगदान दिया, बल्कि सामाजिक न्याय और राजनीतिक जटिल समस्याओं के समाधान को भी संविधान में शामिल करने का कार्य किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहब का तिरस्कार किया और उन्हें समाज और देश की ओर से मिलने योग्य स्थान देने में भी कोताही बरती। बाबा साहब ने समता और ममता को जोड़कर समाज में समरसता स्थापित करने का कार्य किया। नरेंद्र मोदी जब देश के प्रधानमंत्री बने तो उनकी जयंती के अवसर को सरकारी अवकाश घोषित कर डॉ भीमराव अंबेडकर का सम्मान बढ़ाया। 1956 में डॉ अंबेडकर ने अंतिम सांस ली थी, लेकिन उन्हें भारत रत्न से 36 साल बाद नवाजा गया, यह तब संभव हुआ जब भाजपा समर्थित सरकार केंद्र में आई।

# विपक्ष के सबसे बड़े मुद्दे ईवीएम हैक पर बोले उमर... पिता फारुख को भी यहीं लगता

## -बीजेपी की चुनावी रणनीति के मुरीद हुए उमर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विपक्ष के सबसे बड़े मुद्दे ईवीएम हैक को लेकर एक अलग ही राय दी है। एक कार्यक्रम में अब्दुल्ला ने कहा कि वह उन लोगों में से नहीं हैं, जो यह मानते हैं कि ईवीएम हैक होती है या कुछ और होता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उनकी पिता (फारुख अब्दुल्ला) से भी नहीं बनती है, क्योंकि उनका मानना है कि मशीन में गड़बड़ होती है लेकिन वह ऐसा नहीं मानते।

सीएम उमर ने कहा, मैं ऐसा नहीं मानता कि मशीन (ईवीएम) में चोरी होती है। यह बात मुझे घर में भी परेशानी पैदा करती है, क्योंकि मेरे पिता को ऐसा लगता है कि चोरी होती है। उन्होंने कहा, 'हां, चुनाव के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। यहाँ मतदाता सूची के साथ करके या फिर विधानसभा क्षेत्र में बदलाव करके भी की जा सकती है। जम्मू कश्मीर में पहले जो डिमिलिटेशन हुआ वह छेड़छाड़ थी। अपने नई विधानसभा बनाई वह सब एक ही पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया। अगर सही से की जाती है, तब हम साथ है, लेकिन अगर इसतरह के गलत इरादे के साथ, एक ही पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए होता हैं, ये सही नहीं।

इसके पहले उमर अब्दुल्ला ने इंडिया ब्लॉक को लेकर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमें या एक साथ रहना होगा या फिर हम राज्यों के हिसाब से चुनाव लड़ सकते हैं कि हर राज्य में अलग-अलग गठबंधन के साथ चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय पार्टियां कितना भी जोर लगा लें लेकिन एक केंद्र स्तर के गठबंधन के लिए हमें कांग्रेस का साथ चाहिए। एक गठबंधन कांग्रेस के आसपास ही बनेगा क्योंकि भाजपा के अलावा कांग्रेस ही है जिसका पूरे देश में प्रभाव रहा है।

भाजपा की चुनावी नीति की तारीफ करते हुए उमर ने कहा कि उनके नेता हर चुनाव को पूरी ताकत के साथ लड़ते हैं। वे इसतरह से लड़ते हैं जैसे उनका जीवन इसी पर टिका हुआ है। बिहार चुनाव के बाद वह वहां से



निकलकर अगले चुनाव वाले राज्यों में पहुंच गए हैं, लेकिन हम वहां चुनाव के दो महीने पहले पहुंचते हैं। इसतरह से फिर चुनाव के नतीजों पर भी अंतर पड़ता है।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

सन्देश

झारखण्ड 25





संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस शुभ अवसर पर मैं भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

हम प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाते हैं। इस दिन हम अपने देश की सशस्त्र सेना के प्रति सम्मान एवं एकजुटता प्रदर्शित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आश्वासन दिलाते हैं कि हम सभी भारतवासी उनके साथ हैं, जिनकी दिलेरी, बहादुरी, सतर्कता एवं चौकसी के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं।

हमारे देश की सशस्त्र सेना निरंतर सतर्क रहकर देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की रक्षा में सतत् सेवारत रहती है। चाहे युद्ध का समय हो या शांति काल, हमारी सशस्त्र सेना ने अपने कर्तव्य, साहस, समर्पण तथा निष्ठा से राष्ट्र को सदैव गौरवान्वित किया है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपनी क्षमता अनुसार "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" (एकीकृत निधि) में योगदान देकर, उन वीर सैनिकों जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, के प्रति अपना आभार प्रकट करें। इच्छुक संस्थान/व्यक्ति "AMALGAMATED FUND FOR WELFARE OF EX-SERVICEMEN" payable at Ranchi पर अपना दान दे सकते हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखण्ड के निवासी अपने गौरवमयी परंपरा को दृष्टि में रखते हुए झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति हम सभी की गहरी कृतज्ञता एवं असीम प्यार अभिव्यक्त करने में अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

जय हिन्द!



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हम प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर हम उन बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करते हैं, जिन्होंने विगत युद्धों तथा आतंकवाद के खिलाफ वीरता पूर्वक लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी या निःशक्त हो गये।

राष्ट्र को अपनी सशस्त्र सेना पर गर्व है। बाहरी आक्रमण से भारतीय सेना ने देश की रक्षा करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमसब का नैतिक कर्तव्य है कि इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु प्रयास करें। इसके लिए राज्य में "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" का गठन किया गया है। राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी कार्यक्रमों में इस राशि का उपयोग किया जाता है, जिससे वीरांगनाओं, विधवाओं, निःशक्त सैनिकों और उनके आश्रितों तथा सेवारत कर्मियों को लाभ मिलता है। हम सभी को इस निधि में उदारतापूर्वक दान देना चाहिए।

मैं झारखण्ड की जनता से अपील करता हूँ कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के शुभ अवसर पर शहीद सैनिकों, निःशक्त जवानों एवं आश्रितों के कल्याणार्थ गठित "सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष" में उदारतापूर्वक दान दें। इच्छुक संस्थान/व्यक्ति "AMALGAMATED FUND FOR WELFARE OF EX-SERVICEMEN" payable at Ranchi पर अपना दान दे सकते हैं।

हम सबों का सहयोग प्रतीक रूप में अपनी सशस्त्र सेना के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रकटीकरण होगा। यह अंशदान हमारे सैनिकों का मनोबल ऊंचा करेगा एवं देशवासियों के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा।

जोहार!

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार
PR- 367757 (Home) 25-26


नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902